बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 22 मई 2024
वर्ष 4, अंक 94, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





माउंट फूजी पर्वत पर बढ़ रही गंदगी, देना होगा शुल्क 14

सुष्मिता सेन 30 साल पहले बनी थीं मिस यूनिवर्स 13



R.A.N PUBLIC SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E – (10+2)

PERSEVERANCE CONQUERS ALL

35 YEARS — 35 Years of Dedicated Service

CBSE BOARD RESULT 2023-24

CLASS XII TOPPERS

4TH UTTARAKHAND TOPPER
3RD DISTRICT TOPPER(U.S.N)

3RD DISTRICT TOPPER
(RAMPUR)

MAULIK KAKKAR 98.6% | SWARNIM VERMA 98.6% | APOORVA JINDAL 98.2% | DIVYA AHUJA 98% | PAVNEET SINGH 97.8%

CLASS X TOPPERS

Heartiest Congratulations!

ARADHYA SRIVASTAVA 98.2% | PALCHIN ADHIKARI 98.2% | ANSHIKA SATSANGI 98.2%

CLASS X STUDENTS SECURING 95% & ABOVE

Prakhar Agarwal 98% | Ojus Mathur 97.6% | Arshita Agarwal 97.4% | Agastya Saini 97.4% | Kushagra Saxena 97.4% | Arnav Saini 97.4% | Sanyog Arora 97.4% | Riddhi Goyal 97.4% | Aditi Agarwal 97.2%

Mehul Arora 97% | Rishi Shrivastav 97% | Rudra Pratap Singh 96.8% | Shavi Jalhotra 96.8% | Abhimanyu Papneja 96.8% | Sampada Tewari 96.8% | Shreya Yadav 96.8% | Vidhan Varshney96.8% | Aradhya Miglani 96.6%

Advika Agarwal 96.4% | Ananya Singh 96.4% | Kanakshree 96.4% | Adish Thakur 96.2% | Archit Mishra 96.2% | Utsav Goswami 96% | Sparshi Rastogi 96% | Abhay Kakkar 96% | Simran Ahuja 96%

Ayush 95.8% | Aksh goyal 95.8% | Aayushi Visoulia 95.8% | Khushi Yadav 95.6% | Shashwat Maloo 95.6% | Shreya Garg 95.6% | Vartika Babbar 95.6% | Anjali Pandey 95.6% | Suryansh Singh 95.6%

Devansh Garg 95.6% | Prathmey Mishra 95.4% | Raul Singh 95.4% | Jiya Chhabra 95.4% | Srishti Agarwal 95.4% | Harsh Mishra 95.2% | Gurleen Kaur 95.2% | Shrishti Shakya 95.2% | Shivangi Kaushik 95% | Prabhraj Singh 95%

- 100% Result
- Highest class average.
- Maximum no. of students getting above 90% in town.
- 36 students in Class X and 37 students in Class XII secured 100% marks in different subjects.

CLASS X STUDENTS SECURING 90% & ABOVE

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Dhairya Chhabra | 94.8% | Anshika Agarwal | 94.2% | Jatin Sharma | 93.2% | Ujjwal Arora | 92% | Khushman Kaur | 90.6% |
| Navya Mishra | 94.8% | Tanmay Singh | 94.2% | Anshika Agarwal | 93.2% | Aastha Singh | 91.8% | Saksham Jain | 90.6% |
| Ishita Pant | 94.8% | Daksh Singh | 94.2% | Swarnika Rawat | 93.2% | Shivansh Gautam | 91.8% | Ritika | 90.4% |
| Sidh Thukral | 94.8% | Bhavya Jindal | 94% | Aakriti Saxena | 93.2% | Hunarjeet | 91.8% | Shane Visoulia | 90.4% |
| Rakshita Arora | 94.4% | Siddhantika Gaur | 94% | Mishti Devgan | 93% | Pratishtha Sharma | 91.6% | Vibhor Chaturvedi | 90.4% |
| Himadri Gupta | 94.6% | Vrinda Banga | 93.8% | Krishna Agarwal | 93% | Jasleen Kaur | 91.6% | Aradhya Middha | 90.4% |
| Bhavy Agarwal | 94.4% | Zakia Sharif | 93.8% | Harsuhaan Kaur | 93% | Nitika Singh | 91.4% | Ridhamdeep Kaur | 90.4% |
| Simran Ahuja | 94.4% | Gargi Pipania | 93.8% | Meet Ahuja | 92.8% | Anshika Agarwal | 91.4% | Anshika Agarwal | 90.2% |
| Urmika Dhar | 94.4% | Naman Dhoundiyal | 93.8% | Keerat Kaur | 92.8% | Saksham Raj Singh | 91.2% | Saanvi Agarwal | 90.2% |
| Bhumika Agarwal | 94.4% | Mehar Jham | 93.6% | Pratyaksh Singh | 92.8% | Madhav Pasricha | 91% | Aakriti Saxena | 90% |
| Radhika Mourya | 94.4% | Kritika Popli | 93.6% | Vinayak Ahuja | 92.6% | Navya Kapoor | 90.8% | Lucky Pargai | 90% |
| Meenakshi Tiwari | 94.2% | Anubhav Singh | 93.4% | Nivan Kamra | 92.6% | Geetanshi Virdi | 90.8% | Palak Saxena | 90% |
| Shiven Agarwal | 94.2% | Ayan Verma | 93.4% | Shobhit Agarwal | 92.2% | Mansirj Singh | 90.8% | Simranjeet Kaur | 90% |
| Kartik Arora | 94.2% | Farhaan Khan | 93.2% | Sparsh Garg | 92.2% | Shaurya Chauhan | 90.6% | | |

Best wishes
Principal

## सार-संक्षेप

### पहाड़पानी में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**भीमताल :** पहाड़पानी में एक मेडिकल स्टोर में कार्य करने वाले युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। धानाचूली पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि जगन्नाथ विश्वास (21) निवासी पीलीभीत यूपी का मंगलवार को एक कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### मल्लीताल में बाइक रपटने से तीन युवक चोटिल

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल बाजार क्षेत्र से घर की ओर जा रहे युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर रपट गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक बुरी तरह चोटिल हो गए। किसी तरह राहगीरों ने मदद कर तीनों को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां दो को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सोमवार देर रात सात नंबर निवासी भाष्कर अपने दो मित्र समीर नेगी व सौरभ सिंह को लेकर बाइक से घर की ओर जा रहा था। मल्लीताल गोलघर के समीप अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बीडी पांडे अस्पताल के डॉ. देवाशीष ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद समीर व सौरभ को गंभीर चोटे होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### आउटर ड्रेनेज के सर्वे को मांगे 7.53 लाख रुपये

**रामनगर :** सिंचाई नहरों में शहर की गंदगी और नालियों का पानी रोकने के लिए सिंचाई विभाग योजना बना रहा है। इसके लिए शहर में आउटर ड्रेनेज की व्यवस्था को पुख्ता किया जाएगा। इसके सर्वे और डीपीआर के लिए सिंचाई विभाग ने जिला प्रशासन से 7.53 लाख रुपये की मांग की है। उधर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग अमित गुप्ता ने बताया कि शहर के आउटर ड्रेनेज की डीपीआर के लिए संभवत: चुनाव आचार संहिता के बाद धनराशि रिलीज हो जाएगी। ड्रेनेज की व्यवस्था के बाद के बाद रामनगर की नहरों को भी हल्द्वानी की तरह कवर करने की योजना बनाई जाएगी।

### हाईकोर्ट के मसले पर रामनगर में बैठक 24 को

**रामनगर :** हाईकोर्ट शिफ्टिंग के मसले में उठे तूफान के बीच रामनगर बार एसोसिएशन ने 24 मई को सामाजिक, राजनैतिक और बुद्धिजीवियों की बैठक बुलाई है। रामनगर बार के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी और सचिव संतोष देवरानी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट के लिए नैनीताल और हल्द्वानी उपयुक्त नहीं हैं, तो इसे जिले से बाहर नहीं भेजा जाना चाहिए। बल्कि रामनगर सबसे बेहतर विकल्प है, जो भौगोलिक रूप से गढ़वाल और कुमाऊं का मुख्य द्वार होने के साथ राज्य के केंद्र में है। यहां से पूरे राज्य के लिए सुगम आवागमन और अन्य सुविधाएं भी हैं। इस मसले पर मंथन, समर्थन और सहयोग के लिए राज्य के सामाजिक, राजनैतिक और बुद्धिजीवियों से गुरुवार को खंड विकास कार्यालय के सभागार में बैठक में पहुंचने की अपील की गई है।

### 19 विद्यालयों में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा

**गरमपानी :** पूर्व विधायक स्व. खड़क सिंह बोहरा स्मृति समिति के तत्वावधान में बेतालघाट ब्लॉक के 19 स्कूलों में विद्यालय स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। आयोजन समिति के अनुसार पहले चरण की प्रतियोगी परीक्षा में विभिन्न स्कूलों के एक हजार से भी ज्यादा नौनिहालों ने प्रतिभाग किया। फाइनल प्रतियोगिता आठ जून को बेतालघाट महोत्सव में होगी जहां प्रतियोगिता में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल करने वाले मेधावियों को नगद धनराशि के साथ ही प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### जल जीवन मिशन के तहत स्कूलों में नहीं दिए कनेक्शन

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी नगर एवं विकास खंड कोटाबाग क्षेत्र के अंर्तगत विभिन्न गांवों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है, लेकिन इस क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में इस योजना के तहत कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। नगर पंचायत के पूर्व नामित सभासद जाहिद हबीबी ने उक्त समस्या से कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को अवगत कराते हुए समस्या के समाधान की मांग कर छूटे हुए विद्यालयों में जल जीवन मिशन के तहत जल कनेक्शन करवाए जाने की मांग की है।



राजकीय इंटर कॉलेज पश्या में गर्ल्स एडोलेसेंट कार्यक्रम में जानकारी देती टीम।

### पश्या में छात्राओं को दीं किशोरावस्था से संबन्धित जानकारियां

**हल्द्वानी :** ओखलकांडा विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज पश्या में गर्ल्स एडोलेसेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कर प्रधानाचार्य करम सिंह बानी ने कहा कि यह कार्यक्रम बालिकाओं को किशोरावस्था से सम्बन्धित अनेक क्षेत्रों में जानकारी प्रदान करेगा। कार्यक्रम में एनआरएचएम से डॉ. तृप्ति जैन अग्रवाल अपनी सहयोगी भावना जीना के साथ मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले सामाजिक, मानसिक व भावनात्मक बदलावों के विषय में जानकारी दी। कहा कि किशोरियां अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़े। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका पुष्पा परगांई, सबाना बानो, निम्मी फोनिया ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक दीपिका जोशी ने किया।

### संजय नगर को नगर पंचायत में शामिल किया जाए

**लालकुआं :** नगर के संजयनगर लाइन पर मोहल्ले को नगर पंचायत सीमा में शामिल करने की मांग को लेकर शिष्टमंडल ने तहसीलदार लालकुआं को ज्ञापन सौंपा तथा पुरजोर मांग की कि शीघ्र संजय नगर लाइन क्षेत्र को नगर पंचायत में शामिल कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के अध्यक्ष मुख्तयार अहमद अंसारी, महामंत्री अल्ताफ खान, उपाध्यक्ष ख्वाज अहमद, संगठन मंत्री कौसर खान, मीडिया प्रभारी मुन्ना अंसारी, सदस्य अफजाल अंसारी आदि मौजूद रहे।

### 11 माध्यमिक विद्यालयों के कोटिकरण की जांच

**भीमताल :** भीमताल ब्लॉक में कोटिकरण विसंगति को लेकर कोटिकरण संशोधन के लिए खंड शिक्षाधिकारी कैना चौहान की राजकीय शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी नैनीताल, ब्लॉक कार्यकारिणी भीमताल के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें 11 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कोटिकरण की जांच की। खंड शिक्षाधिकारी भीमताल ने प्रकरणों की जांच की।

स्थानीय निवासियों ने गर्मी में आए दिन होने वाली परेशानी से निजात दिलाने की मांग की

# पंप फुंकने से मल्लीताल में पानी को हाहाकार

संवाददाता, भीमताल



**अमृत विचार :** मल्लीताल क्षेत्र में पानी की आपूर्ति करने वाले पंप के फुंक जाने से पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

भीमताल के ब्लॉक परिसर स्थित जल संस्थान का बोरिंग खराब होने से ब्लाक रोड, गोरखपुर क्षेत्र, जौंस स्टेट के कुछ भाग, बाईपास मार्ग में पानी की आपूर्ति नहीं होने से लोग पानी के लिए भटकते नजर आए।

कुछ लोगों ने पानी की आपूर्ति के लिए निजी खर्चे पर टैंकरों की व्यवस्था की है। इधर गर्मी में आए दिन पंप के खराब होने से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो कुछ जनप्रतिनिधियों के द्वारा पिछले कई सालों से एक योजना जिसके तहत मल्लीताल क्षेत्र के तीन पंप निसौला पंप, झिंझरी पंप और ब्लॉक परिसर में तीन पंप को आपस में जोड़ने की योजना के लिए धन स्वीकृत होने और योजना पर कार्य होने की जानकारी दी जा रही थी जिस पर आज तक कोई कार्य नहीं हो सका है।

मानना है कि तीन पंप यदि आपस में जुड़े रहेंगे तो एक पंप के खराब होने पर दूसरे पंप से पानी की आपूर्ति की जा सकती है। यह योजना आज तक धरातल में नहीं उतर सकी है।

#### बोले लोग


आए दिन पंप के खराब होने से जनता परेशान होती है। ऐसे में विभाग को चाहिए कि एक सार्थक योजना बनाए जिससे जनता को परेशानी ना हो।
**-बंटी आर्या,** निर्वतमान सभासद


पंप के आए दिन खराब होने से जनता ही नहीं कारोबारी भी खासे परेशान होते हैं। सीजन के दौरान पानी नहीं आने से पर्यटन भी प्रभावित होता है। **-देवेन्द्र चनौतिया,** निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष


पंप खराब होने से जनता को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखे हैं आम जनता पानी की व्यवस्था कैसे करे।
**-विपिन चंद्रा,** सामाजिक कार्यकर्ता


गर्मी के दिनों में पानी आवश्यक है। पानी की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए, नहीं तो पूरी दिनचर्या प्रभावित हो जाती है।
**-हितेन्द्र बिष्ट,** स्थानीय निवासी

पंप खराब हुआ है। विभाग का प्रयास है कि शीघ्र ठीक हो जाए। शीघ्र ही पानी की आपूर्ति की जाएगी। वर्तमान में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है।
**-आरपी डोबवाल,** सहायक अभियंता, जल संस्थान

# विवि को पूरी तरह ई-ऑफिस से जोड़ें

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ **अपर सचिव उच्च शिक्षा ने प्रशासनिक भवन में ली बैठक**

**अमृत विचार :** अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ.आशीष कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मान्यता, वित्त, परीक्षा, शोध आदि से सम्बंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित कर अपर सचिव ने कहा कि समय की मांग के अनुसार तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग जरूरी है। विश्वविद्यालय को अब ई-ऑफिस को अपनाते हुए अपने सभी अनुभागों को इससे जोड़ लेना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो.दीवान एस रावत ने की। बैठक का संचालन कर कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने विश्वविद्यालय में हो रहे अनुसंधान, नवाचार एवं विकास कार्यों के सन्दर्भ में बताया। साथ ही आगामी कार्ययोजना का भी प्रस्तुतिकरण दिया गया। इससे पूर्व अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव के विश्वविद्यालय आगमन पर कुलपति ने शाल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान वित्त नियंत्रक अनीता आर्या, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, प्रो. जीत राम, प्रो. संजय पंत, उप कुलसचिव, दुर्गेश डिमरी, डॉ. संजीव आर्या, डॉ. बृजमोहन फर्स्वाण, शमशेर सिंह, राकेश कुमार, एलडी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# कैंची धाम में 11 होटलों व होमस्टे पर शिकंजा, थमाया नोटिस

## जिला पर्यटन अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर मानकों को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए, भारी अनियमितताएं मिलीं

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल में अवैध होटलों के चिह्निकरण के बाद अब पर्यटन विभाग ने जिले के अन्य क्षेत्रों में भी अभियान छेड़ दिया है।

जिला पर्यटन अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने मंगलवार को कैंची धाम के होटलों व होमस्टे में छापेमारी की। इस बीच टीम को भारी अनियमितताएं मिलीं। टीम ने छह के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करने के साथ ही पांच को विभाग की ओर से नोटिस जारी कर मानकों को पूरा करने के सख्त निर्देश दिये।

मंगलवार को जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी के नेतृत्व में टीम ने कैंची धाम में अभियान चलाया। इस बीच कई होटल पर्यटन विभाग में पंजीकृत नहीं मिले तो अन्य नियमों का अनुपालन होता भी नहीं मिला। अतुल भंडारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान द 100 माइन रेस्टोरेंट एवं गेस्ट हाउस, बाबा की रसोई, होटल अमर वैली, सैनिक रेस्टोरेंट एंड गेस्ट हाउस, त्रिलोचन पांडे होमस्टे, पहाड़ी किचन का बिना पंजीकरण संचालन होता पाया गया। जिस पर सभी के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। वहीं न्यू दीप होमस्टे, होटल ग्रीन वैली इन, होटल महाराजा, होटल ग्रीन पार्क, केसरी रेस्टोरेंट में विभागीय नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर सभी को नोटिस जारी कर अनियमितताओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिये गए।


कैंची धाम क्षेत्र में अवैध होटल और होमस्टे में छापेमारी करती टीम। ● अमृत विचार

### नैनीताल में बिना पंजीकरण चल रहे दो होटल सील

**नैनीताल :** शहर में बीते दिनों चिह्नित किये गए अवैध होटल व रिजार्ट संचालकों के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई जारी है। एसडीएम की अगुवाई में चलाए गए अभियान में टीम ने बिना पंजीकरण संचालित हो रहे दो होटल सील किये। वहीं बिना सत्यापन कर्मचारी रखने पर एक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भी एक दुकान में एक्सपायर हो चुके पापड़ के सैंपल लिए। मंगलवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में राजस्व, नगर पालिका, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मल्लीताल बाजार क्षेत्र के होटलों में छापेमारी की। बाजार स्थित होटल सनटेज का पर्यटन विभाग में पंजीकरण नहीं मिला। साथ ही होटल के पास निजी पार्किंग भी नहीं मिली। मगर स्वामी ने जानकारी दी कि पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर उसने आवेदन किया है। जिसके बाद टीम क्षेत्र स्थित ही इंपीरियल नयना होटल पहुंची। जहां दस्तावेज तो पूरे मिले, मगर कर्मचारी का पुलिस सत्यापन नहीं मिला। एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को होटल स्वामी का चालान करने के निर्देश दिये। वुडन स्टे व अतिथि होटल पर्यटन विभाग में पंजीकृत नहीं मिला। अन्य अनियमितताएं मिलने पर टीम ने दोनों होटलों को सील कर दिया। वहीं शिकायत पर गाड़ी पड़ाव स्थित गौरव सेल्स पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुकान का निरीक्षण किया तो दुकान में एक्सपायरी डेट का पापड़ बरामद हुआ। जिसका टीम ने सैंपल लिया। एसडीएम ने बताया कि टीम का अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार गहतोड़ी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह, प्रभारी टीएस सुनील खोलिया समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण की जद में आए दुकानदार डीएम से मिले

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भूमियाधार व्यू प्वाइंट क्षेत्र में नैनीताल-भवाली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बनी दुकानों के अतिक्रमण की जद में आने और प्रशासन की चेतावनी के बाद अब स्थानीय पर्यटन कारोबारियों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं।

व्यू प्वाइंट से दुकान न हटाए जाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उनकी दुकानें नहीं तोड़ने की मांग की। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे क्षेत्रीय व्यवसाइयों का कहना है कि भूमियाधार गांव के बेरोजगार युवा लंबे समय से व्यू प्वाइंट क्षेत्र में अपनी दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। दुकान हटाए जाने से उनके परिवार पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। वहीं डीएम वंदना सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग और सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन-जिन स्थानों पर अतिक्रमण हुआ है उन्हें जल्द हटा लिया जाएगा।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते व्यावसायी। ● अमृत विचार

# खनस्यू में बढ़े आवारा पशु

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगरीय क्षेत्र के साथ ही आवारा पशुओं से ग्रामीण जनता भी परेशान है। खनस्यू बाजार में भी इन दिनों अधिक संख्या में पशु दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय बीडीसी मेंबर रवि गोस्वामी बताते हैं कि आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

यह आए दिन स्कूली बच्चों, यात्रियों व आगुंतकों सभी पर हमला कर रहे हैं। सोमवार को एक बैल दुकानदार केशव दत्त, संजीव कुमार, देवकी सनवाल और प्रेम बल्लभ को घायल कर चुका है। बाजार में प्रत्येक दिन एक नया आवारा पशु दिखाई दे रहा है। आज स्थिति यह है कि करीब 25 गायें सिर्फ खनस्यू बाजार में दिन भर पुल पर बैठे रहती हैं। यातायात बाधित होता है और बुजुर्ग व बच्चों को देखते ही उन पर हमला कर रहे हैं। स्थानीय लोग कई बार थाने में व पशु विभाग में बात कर चुके हैं लेकिन कोई सुध नहीं ले रहा है।


आवारा पशुओं से जनता खासी परेशान है। स्थानीय प्रशासन और विभाग को चाहिए कि इनको गोशाला भिजवाकर ग्रामीणों को निराश्रित घूमने वाले पशुओं से निजात दिलाई जाए।
**-रवि गोस्वामी,** बीडीसी मेंबर

### कार को टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**कालाढूंगी :** रामनगर-हल्द्वानी मार्ग पर शुक्रवार की रात को कार को टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने पकड़ लिया है। हादसे में कार सवार नवाज व सनी निवासी हल्द्वानी की मौत व तीन महिलाएं घायल हो गये थे। सोमवार को मृतक के परिजनों ने थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर घटना की जांच की जा रही है।

### जानलेवा हमले के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा

**रामनगर :** पुलिस ने पिछले दिनों युवक को चाकू मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में मंगलवार को चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जलीस पुत्र मोहम्मद सददीक निवासी गैस गोदाम रोड खताड़ी ने पुलिस को तहरीर दी कि उसका बेटा सुऐब (20 वर्ष) कुछ दिन पहले शाम की नमाज पढ़कर नूरी मस्जिद से घर जा रहा था। रास्ते में अबूजर निवासी बड़ा मीट मार्केट ने सुऐब पर चाकू से हमला कर दिया। हमले से लहूलुहान सुऐब सड़क पर गिर गया। इसके बाद अबुजर के साथ मोनिश, अनस और सलमान ने घायल बेटे पर लोहे की रॉड और लाठियों से ताबड़तोड़ वार किए। आरोपी उसके बेटे को मृत समझकर भाग गए। जलीस ने बताया कि बेटे पर हमले की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा और सुऐब को सरकारी अस्पताल ले गया, जहां से उसे गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया। उसका बेटा अभी भी शहर के निजी अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में हमलावर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

बदलाव — प्रदूषण के कारण कुछ वर्षों से लगातार दर्ज की जा रही बढ़ोत्तरी, पर्यावरण विज्ञानी चिंता में

# सरोवर नगरी के तापमान में हो रही निरंतर वृद्धि

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** मैदानी क्षेत्रों में बढ़ रही गर्मी अब पहाड़ों में भी अपना प्रकोप दिखने लगी है। पहाड़ों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जिससे नैनीताल, मुक्तेश्वर समेत आसपास के पर्यटक स्थल जो अपनी ठंडक और प्राकृतिक वादियों के लिए जाने जाते थे वहां इन दिनों गर्मी अपना प्रकोप दिख रही है।

सोमवार और मंगलवार को नैनीताल में तापमान 29 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया। नैनीताल मौसम विज्ञान केंद्र प्रभारी नवीन धूसिया ने बताया कि नैनीताल के तापमान में पिछले कुछ वर्षों से निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। मई माह का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। मई में तीन व चार दिन तापमान इस स्तर पर पहुंच रहा है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पर्यावरण विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह ने बतायाकि कुछ वर्षों से नैनीताल की आबोहवा के साथ तापमान में बदलाव आया है। इसकी मुख्य वजह बढ़ रहा वायु प्रदूषण है। जंगलों में आग की घटनाएं इसे अधिक बढ़ावा दे रही हैं। वहीं ग्रीष्मकाल में पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या भी वायु प्रदूषण को बढ़ावा दे रही है। जिससे पीएम 2.5 से अधिक पहुंच रहा है, जबकि सामान्यतया यह 20 से 30 के बीच रहता है। तापमान बढ़ने से यहां की हवा में गर्माहट तेजी से बढ़ रही है जो वातावरण के लिए बेहद खतरनाक है। इसकी रोकथाम को पर्यावरण संतुलन के बेहद जरूरी है। साथ ही गर्मियों में जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम के लिए ठोस उपाय तलाशने होंगे।


नैनीताल में नौकायन का लुत्फ उठाने पहुंचे पर्यटक। ● अमृत विचार

### कुमाऊं विवि की सुधा राणा का गजेटेड ऑफिसर पद पर चयन

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के गणित विभाग की सुधा राणा का असिस्टेंट प्रो. गणित में गजेटेड ऑफिसर पद पर चयन हुआ है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से घोषित परिणाम में सुधा का चयन हुआ है। सुधा पीएचडी डॉ. अनिता कुमारी गणित विभाग डीएसबी परिसर के निर्देशन में फजी एनालिसिस में कर रही हैं। उन्होंने बीएससी तथा एमएससी एचएनबी कॉलेज खटीमा से पास की किया है। खटीमा निवासी हरवंश राणा तथा माया देवी की पुत्री डॉ. सुधा ने 2020 में सीएसआईआर नेट की परीक्षा पास की। उनकी सफलता पर प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, निदेशक प्रो. ललित तिवारी, प्रो. हरीश बिष्ट, कूटा सचिव डॉ. विजय कुमार, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ.संतोष कुमार, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. दीपाक्षी जोशी, प्रो. अनिल बिष्ट, डॉ. उमंग, डॉ. पैनी जोशी, डॉ. सीमा चौहान आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।


सुधा राणा।

# सुपोंग स्नेला का यूएसए के लिए चयन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्व विद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के एमएससी की छात्रा सुपोंग स्नेला का चयन फुल ब्राइट नेहरू डॉक्टोरल रिसर्च फेलोशिप यूनिवर्सिटी ऑफ टेनेसी, नोक्स विले यूएसए में हुआ है। सुपोंग ने 2021 में डीएसबी परिसर के रसायन विज्ञान विभाग से अकार्बनिक रसायन में एमएससी की तथा वर्तमान में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सिलचर असम से पीएचडी कर रही हैं। इम्सुलेम तथा ऑटिशी की पुत्री सुपोंग नागालैंड की रहने वाली है। उनके 11 पेपर पब्लिश हो चुके हैं जिनका न्यूनतम इंपैक्ट फैक्टर 4 तथा अधिकतम 11 है। वो बायो फ्यूल में काम करेंगी। उनकी सफलता पर प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. गीता तिवारी, प्रो.एबी मेलकानी, डॉ. गिरीश खर्कवाल सहित कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, उपाध्यक्ष प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ.दीपक, महासचिव डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. दीपाक्षी जोशी ने बढ़ाई एवं शुभकामनाएं दीं।


सुपोंग स्नेला।

प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 22 मई 2024
वर्ष 4, अंक 94, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा 14

मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज 13




## एक नजर

### के. कविता मामले में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बीआरएस की नेता के. कविता के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर 31 मई को अपना फैसला सुना सकती है। ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी के इस दावे पर संज्ञान लेने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि उसके पास कविता पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत है।

### कुकी उग्रवादी समूह के खिलाफ प्राथमिकी

**इंफाल।** मणिपुर भूमि संसाधन विभाग ने उग्रवादी संगठन ''कुकी नेशनल फ्रंट'' के खिलाफ राज्य में दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भूमि संसाधन विभाग के अवर सचिव मंगोलजाओ कामेई ने इंफाल थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में जिक्र किया गया कि थैंटिंग के रूप में उल्लेखित जगह पर ''कुकी नेशनल फ्रंट मिलिट्री काउंसिल'' शब्दों वाला गेट लगाना थांगजिंग के नाम को अनधिकृत रूप से बदलने का संकेत देता है।

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने शाम 6:28 बजे आदेश सुनाना शुरू किया जिसमें 22 मिनट लगे। उन्होंने कहा कि सिसोदिया कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे।

## पूर्णागिरि जा रही मैक्स पलटी, 9 घायल

संवाददाता, टनकपुर



घटनास्थल पर घायलों और उनके परिजनों से जानकारी लेती पुलिस।

- यूपी के कासगंज के रहने वाले सभी, ओवरटेक में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि धाम दर्शन के लिए जा रही बस की टक्कर से मैक्स अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में नौ लोग घायल हो गए। हादसा बस को ओवरटेक करने के दौरान हुआ। सभी घायल उत्तर प्रदेश के कासगंज के हैं। घायल उप जिला चिकित्सालय टनकपुर में भर्ती है। सभी खतरे से बाहर है।

मंगलवार दोपहर टनकपुर-चम्पावत एनएच के ककराली गेट के पास तड़ागी पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर बस श्रद्धालुओं को लेकर पूर्णागिरि जा रही थी। श्रद्धालुओं को लेकर पीछे से आ रही मैक्स गाड़ी ने बस को ओवरटेक किया, जिससे मैक्स बस के अगले हिस्से से टकराकर पलट गई। मैक्स का टायर भी फट गया। मैक्स में 19 यात्री थे। हादसे में 9 लोग घायल हो गए। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उप जिला अस्पताल टनकपुर पहुंचाया। घायलों में सुशीला देवी, दिनेश राजपूत, मानवती, रामबेटी, कृष्णा, रुबी, राकेश, शिखा, वंशिका हैं। इधर एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

## फांसी की सजा आजीवन कारावास में तब्दील

विधि संवाददाता, नैनीताल



- रुद्रपुर में कुकर्म के बाद बालक की हत्या का मामला
- हाईकोर्ट ने आरोपी के मां व पिता की सजा बरकरार रखी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में पांच वर्षीय गूंगे-अबोध बालक से कुकर्म कर उसकी हत्या के आरोपी को पॉक्सो कोर्ट रुद्रपुर द्वारा फांसी की सजा देने के मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की खंडपीठ ने आरोपी की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में तब्दील करते हुए उसकी मां व पिता की सजा को बरकरार रखा है।

मामले के अनुसार 21 फरवरी 2019 को ट्रांजिट कैंप थाने के वार्ड नंबर 4 आजादनगर निवासी मृतक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पांच वर्षीय गूंगा बालक घर की छत पर खेल रहा था। कुछ समय बाद जब उसकी मां उसे छत पर लेने गई तो वह वहां नहीं था। उन्होंने बेटे की हर जगह खोज की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पुलिस जांच में पता चला कि उनका पड़ोसी हरस्वरूप बच्चे के खोज में सहयोग नहीं कर रहा है बल्कि उनसे नजरें चुरा रहा है। शक पर पुलिस ने हरस्वरूप के घर की तलाशी ली तो बच्चे की नग्न लाश उनके घर में एक बोरे से बरामद हुई। साथ ही उसके कपड़े भी मिले। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बालक के शरीर पर चोटें पाई गई, उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी। पुलिस ने हरस्वरूप को बच्चे से कुकर्म के बाद हत्या करने और उसके पिता पप्पू व मां रूपवती को साक्ष्य छुपाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

तीनों के खिलाफ रुद्रपुर की पॉक्सो न्यायाधीश विजय लक्ष्मी विहान की कोर्ट में मुकदमा चला। पॉक्सो न्यायाधीश ने बालक के साथ कुकर्म कर निर्मम हत्या करने के अपराध को रेयर ऑफ़ रयिरेस्ट (दुर्लभतम कुकर्म-हत्याकांड) करार देते हुये हरस्वरूप को फांसी की सजा सुनाई थी और 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया था। वहीं साक्ष्य छुपाने पर आरोपी के पिता को 4 वर्ष व मां को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

# हिंदुओं की शक्ति को चार जून के बाद महाशक्ति बना दूंगा : मोदी

## वाराणसी में नारी शक्ति संवाद के जरिए प्रधानमंत्री ने महिलाओं से साझा की दिल की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी।



- सपा के लड़के अब गलती करें वो हाल होगा, जो सोचा नहीं
- कहा, महिलाओं के बिना घर नहीं चल सकता तो देश कैसे चलेगा

**अमृत विचार :** इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि हिंदुओं की शक्ति का विनाश करके रहूंगा, लेकिन चार जून के बाद मोदी आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। मैं आपके लिए लगातार काम कर रहा हूं। आपके आशीर्वाद से नई ऊर्जा मिलती है। न थकता हूं, न रुकता हूं। झोपड़ी में रहने वालों को मेरी तरफ से कह देना कि चार जून के बाद पक्का मकान मिल जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं से संवाद करते हुए यह बातें कहीं।

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नारीशक्ति संवाद में मौजूद महिलाओं से दिल की बात साझा करते हुए मोदी ने कहा कि यह भारत की सक्सेज स्टोरी का बहुत बड़ा फैक्टर है। जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बिना कैसे चल जाता। उन्होंने कहा, पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की और घर दिए। हमने 11 करोड़ टॉयलेट बनाए हैं। मेरी बहन-बेटियों को इसकी बहुत जरूरत थी। मोदी ने गरीब महिलाओं के लिए बिना एक रुपये खर्च किए खाते खुलवाए, चार करोड़ से अधिक घर बनाए, उसकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर कराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा व कांग्रेस सरकारों ने महिलाओं की केवल उपेक्षा व असुरक्षा की। सपा के लड़के जरा आज गलती करके दिखाएं। योगी जी की सरकार वो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, चंदौली से भाजपा प्रत्याशी महेंद्रनाथ पांडेय, मछलीशहर के प्रत्याशी बीपी सरोज, उप्र. महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, मीना चौबे आदि मौजूद रहे।

### प्रयागराज में मोदी बोले, 4 जून, 4 बजे 400 पार

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज में जनसभा में बोले कि सपा और कांग्रेस का सुशासन व सनातन से 36 का आंकड़ा रहा है। ये लोग सनातन को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। कहा कि सपा सरकार में एक जाति के लोगों को नौकरी दी जाती थी। यूपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया था। यह भी दावा किया कि 4 जून को चार बजे भाजपा की सीटों का आंकड़ा 400 के पार होगा।

### अपने माई के बिना कइले हईं नामांकन

मोदी ने कहा कि इ पहली बार ह, जब हम काशी क नामांकन अपने माई के बिना कइले हईं। मां गंगा ही अब हमार माई हइन। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने लोंगो से इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह भी दी।

### महंगाई डायन खाय जात है

प्रधानमंत्री ने तंज कसा कि कांग्रेस की सरकारों की पहचान एक गाने से खूब होती है.... महंगाई डायन खाय जात है। कांग्रेस सरकार रही होती तो आपकी रसोई का बजट दो-तीन गुना बढ़ चुका है, लेकिन मोदी प्रयास करता है कि आपके खर्चे कम हों।

## रामेश्वरम कैफे धमाका मामले में कई राज्यों में एनआईए की छापेमारी

- विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट से संबंधित मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक मार्च को कैफे में हुए विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हुए थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। विस्फोट से कैफे को भारी नुकसान हुआ था। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अधिक विवरण साझा किए बिना कहा कि कई राज्यों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। तीन मार्च को जांच का जिम्मा संभालने वाली एजेंसी ने 12 अप्रैल को मामले के सरगना अब्दुल मतीन अहमद ताहा समेत दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखने वाले ताहा और अन्य आरोपी मुसाविर हुसैन शाजिब को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था, जहां वे फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे।

### यौन उत्पीड़न मामले में कोर्ट ने तय किए आरोप

## मैं दोषी नहीं तो स्वीकार क्यों करुंगा : बृजभूषण

नई दिल्ली, एजेंसी



- डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख ने खुद को बताया निर्दोष

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और छह बार के लोकसभा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए। बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने न्यायाधीश से कहा कि जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा?

अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया। अगली सुनवाई एक जून को होगी।

एसीएमएम प्रियंका ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। अदालत ने बृज भूषण के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए। न्यायाधीश ने कहा आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। हालांकि अदालत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में बृज भूषण को आरोपमुक्त कर दिया क्योंकि उसके दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत नहीं थे।

## पूर्व आईएएस के ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को उनके ठिकानों पर छापे मारे। ईडी का मामला उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ सीबीआई द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। 1982 बैच के आईएएस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने फरवरी में छापेमारी की थी। वह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले डीपीआईआईटी से 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे।

## चरनपाल सोबती, बेटा-बेटी पर हत्या की कोशिश और धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरिया कारोबारी ने लाखों की धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** कैंट थाना में शहर के बिल्डर चरनपाल सोबती, उसके बेटा-बेटी समेत छह लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी, हत्या की कोशिश आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सरिया कारोबारी ने बिल्डर पर 12 लाख रुपये की सरिया लेकर भुगतान न करने का आरोप लगाया है।

बुखारा रोड पर गुलजारी लाल कंठीराम सरिया के मालिक रोहित गुप्ता ने मॉडल टॉउन निवासी चरनपाल सिंह सोबती, उसके बेटे दिव्यजोत सिंह, आकृति सोबती, वरिंदर सिंह, प्रेमनगर में बीडीए कॉलोनी निवासी ललित गोयल और ख्वाजा कुतुब निवासी दिनेश शर्मा के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रोहित के मुताबिक उन्होंने सोबती बिल्डर से 93.35 लाख में सरिया का सौदा किया था। आरोप है कि सोबती बिल्डर के डायरेक्टर ने सरिया के दस लाख रुपये एडवांस भेजे थे। 18 दिसंबर 2023 को उन्होंने 22 लाख की सरिया और लोहे का माल भेज दिया। इसके बाद उनका 12 लाख रुपये का बकाया नहीं दिया। आरोप है कि 12 अप्रैल को रोहित गुप्ता बुखारा रोड पर अपनी फर्म से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लाल फाटक के पास सोबती बिल्डर के दिनेश शर्मा और ललित गोयल ने उन्हें घेर लिया और मारपीट की। उन्होंने बिल्डर से फोन पर बात कराई और धमकी दी कि लोहा और सरिया भेजो तभी पेमेंट देंगे। उन्होंने 10 लाख की रंगदारी भी मांगी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो रोहित ने कोर्ट की शरण ली थी।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के कार्यक्षेत्र में किए गए बदलाव

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने कई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी के अनुसार तृतीय अपर जिला एवं सत्र जज देहरादून धर्मेन्द्र अधिकारी को सीबीआई कोर्ट देहरादून का चार्ज के साथ सचिव लोकायुक्त का कार्य भी करते रहेंगे। द्वितीय अपर जिला जज उधमसिंह नगर मीना देऊपा, विशेष जज गैंगस्टर एक्ट का भी निर्वहन करेंगी। संदीप सिंह भंडारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देहरादून, सीबीआई कोर्ट भी देखेंगे। सिविल जज जू. डिवीजन लैंसडाउन महीने में तीन दिन धुमाकोट, सिविल जज जू. डिवीजन टिहरी को महीने में तीन दिन प्रतापनगर, सिविल जज जू. डिवीजन डीडीहाट को महीने में एक हफ्ते धारचूला में कैंप कोर्ट लगाने के निर्देश हैं। जिला जज नैनीताल को खाद्य सुरक्षा अपीलीय ट्रिब्यूनल हल्द्वानी के पीठासीन अधिकारी का भी चार्ज मिला है, वह शनिवार को आधे दिन सुनवाई करेंगे। जज परिवार कोर्ट द्वितीय, जज परिवार कोर्ट प्रथम उधमसिंह नगर का प्रभार भी देखेंगे। प्रथम अपर जिला जज देहरादून मनीष मिश्रा विशेष जज भ्रष्टाचार निवारण गढ़वाल, द्वितीय अपर जिला जज देहरादून महेश चंद्र कौशिवा विशेष जज गैंगस्टर एक्ट, परिवार जज हरिद्वार शिवकांत द्विवेदी को अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत हरिद्वार का चार्ज दिया गया है।

## बिभव को मुंबई ले गई दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, एजेंसी

### मालीवाल मारपीट मामला



- केजरीवाल के पीए ने मुंबई में फार्मेट कराया था फोन

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता एवं सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को उनके आईफोन का डेटा पुनः प्राप्त करने के लिए मुंबई ले जाया जा रहा है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर राज्यसभा सदस्य मालीवाल पर हमला करने के आरोप में बिभव कुमार पांच दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने बताया कि कुमार ने मुंबई में अपने फोन को 'फॉर्मेट' कर दिया था या डेटा किसी अन्य उपकरण में भेज दिया था। उसने बताया कि कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था लेकिन फोन को 'फोर्मेट' किया जा चुका था। राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने शनिवार को केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया था।

### टालमटोल कर रहे केजरीवाल : उपराज्यपाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने मंगलवार को कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गहरी चुप्पी महिलाओं की सुरक्षा पर उनके रुख के बारे में बहुत कुछ बोलती है। कहा कि मुख्यमंत्री को इस घटना पर टाल-मटोल और पैंतरेबाजी नहीं करनी चाहिए। आप ने पलटवार करते हुए कहा कि उपराज्यपाल का पत्र साबित करता है कि मालीवाल भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं।

## पात्रा बोले- भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त, विवाद बढ़ने पर माफी मांगी

भुवनेश्वर, एजेंसी



- तीन दिन उपवास रखकर करेंगे अपनी टिप्पणी के लिए पश्चाताप

भगवान जगन्नाथ पर जुबान फिसलने को लेकर विवादों में घिरे भाजपा नेता और पुरी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी संबित पात्रा ने विभिन्न वर्गों से आलोचनाओं के बाद माफी मांगी है और मंगलवार से तीन दिन तक उपवास रखकर प्रायश्चित करने की घोषणा की है। पात्रा ने सोमवार को टेलीविजन चैनलों से बातचीत में कहा था कि राज्य के प्रतिष्ठित देवता भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भक्त हैं। पात्रा ने बाद में स्पष्ट किया था कि यह सिर्फ जुबान फिसलने के कारण हुआ और वह यह कहना चाहते थे कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के परम 'भक्त' हैं। पात्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि...इस गलती के लिए, मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर क्षमा मांगता हूं। मैं इस गलती का प्रायश्चित करने के लिए अगले तीन दिन उपवास करूंगा।

पात्रा की टिप्पणी पर विवाद तब बढ़ गया जब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटायक ने उनके बयान की कड़ी निंदा की ।

### संबित के बयानों के लिए माफी मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भगवान जगन्नाथ को लेकर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा की जुबान से निकले शब्द पर सियासत गहरा गई है। कांग्रेस ने इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों की भावनाओं से खिलवाड़ करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए देश से माफी मांगने को कहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पात्रा के बयान की कड़ी निंदा की।

# उत्तर प्रदेश समेत छह राज्यों में हीट वेव का अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में दो-तीन डिग्री बढ़ेगा तापमान
- पश्चिम बंगाल-ओडिशा में कुछ जगहों पर बारिश की चेतावनी

उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक चिलचिलाती गर्मी और लू के थपेड़े जैसी स्थिति जारी रहने का अनुमान जताया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि 21 से 25 मई तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शरीर झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़े चलने का अनुमान है। इसके अलावा 25 मई तक जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, विदर्भ और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में लू चलने जैसी स्थिति बने रहेगी।

मध्य भारत के कई हिस्सों में अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान लगभग दो-तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान जताया गया है। विभाग ने बताया कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर कल तक हवा का निम्न स्तर का दवाब बने रहने का अनुमान है, 25 मई को पश्चिम बंगाल के उत्तर-दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर जिलों तथा ओडिशा के बालासोर जिले में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम अधिकारियों ने मछुआरों को 23 मई से मध्य और उससे सटे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के आसपास के इलाकों तथा 24 मई से उत्तरी बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी है। दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ हिस्सों, मालदीव के कुछ और हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है।

### भीषण गर्मी से चरमराई उप्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**लखनऊ।** भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। भारी मांग के कारण ओबरा की तीन इकाइयों समेत कुल पांच इकाइयां तकनीकी खराबी से ठप हो गई हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को बिजली संकट झेलना पड़ा रहा है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, बीते दिनों ओबरा बिजलीघर की दो-दो सौ मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं। इसके साथ ही, ऊंचाहार बिजलीघर की 210 मेगावाट व रोजा बिजलीघर की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप हो गया है। 23 मई तक सभी बंद इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। इन दिनों प्रदेश में बिजली की मांग 26 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच रही है। ऐसे में एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति संभाली जा रही है। राजधानी समेत प्रदेश के ज्यादातर जिलों में ट्रांसफार्मर फुंकने, बिजली लाइनों के टूटने व अन्य खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

### चौक बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय का दोमंजिला भवन सात वर्ष से जर्जर, दो कमरों में पढ़ रहे पांच कक्षाओं के बच्चे, बरामदे में चलती हैं दो कक्षाएं

# सबसे पुराने स्कूल में जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे हैं 75 बच्चे

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के चौक बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय का दो मंजिला भवन जर्जर हालत में है, जो कभी भी गिर सकता है। पिछले सात वर्षों से विद्यालय की मरम्मत नहीं हुई है। ऐसे में यहां बच्चे डर के साये में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

हल्द्वानी के सबसे पुराने स्कूलों में प्राथमिक विद्यालय का नाम भी शामिल है। इसकी स्थापना वर्ष 1950 में हुई थी। यहां दो कमरों में पांच कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाया जाता है। जगह न होने के कारण पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों को बरामदे में पढ़ाया जाता है। जबकि चौथी और पांचवी कक्षा के बच्चों को एक कमरे में पढ़ाया जाता है। विद्यालय में वर्तमान में 75 बच्चे पढ़ रहे हैं।

कक्षा एक में 3 बच्चे, कक्षा दो में 26, कक्षा तीन में 18, कक्षा चार में 16 और कक्षा पांच में 12 बच्चे पढ़ते हैं। विद्यालय की तीन कक्षाएं पूर्व में भवन के दोमंजिले में चलाई जाती थीं, जिसमें शिक्षा विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय भी था। विद्यालय बीच बाजार क्षेत्र में हैं और आसपास भीड़ रहती है। जिससे बच्चों की पढ़ाई में भी व्यवधान होता है। इसके सामने सार्वजनिक शौचालय है, जिससे आने वाली दुर्गंध से बच्चों को दिक्कत होती है। विद्यालय के बाहर नाली को ढका नहीं गया है। विद्यालय का शौचालय भी खराब स्थिति में है, मजबूरी में बच्चों को इसी शौचालय का उपयोग करना पड़ता है। विद्यालय में पानी की समस्या भी रहती है। नियमित तौर पर पानी नहीं आता है। बच्चों को पीने के लिए विद्यालय के बाहर सार्वजनिक नल से पानी भरना पड़ता है।


चौक बाजार के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के दोमंजिले भवन का हाल।

### खींचतान में अटक गया है जीर्णोद्धार का कार्य

विद्यालय का भवन नगर निगम की संपत्ति है। करीब सात वर्ष से भवन का दोमंजिला हिस्सा जर्जर है। इसकी मरम्मत के लिए विद्यालय ने कई बार विभाग को प्रस्ताव भेजा, लेकिन विभाग ने इसे नगर निगम पर थोप दिया। प्रधानाचार्य सुवा लेखा खातून ने बताया कि विभागों की आपसी खींचतान से बच्चों का भविष्य खतरे में है। वर्ष 2016 से वह इस स्कूल में तैनात हैं, जिसके बाद कई व्यवस्थाएं दुरूस्त की हैं।

### खुले में बनाया जाता है मध्याह्न भोजन

विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रसोईघर भी नहीं है। ऐसे में खुले में भोजन बनाया जाता है। रसोई व अलग से स्टोर रूम नहीं होने के कारण कक्षा में राशन और अन्य सामान रखा गया है। जिससे बच्चों को बैठने में परेशानी होती है। विद्यालय के पास अपना परिसर भी नहीं है, जिससे बच्चे खेलकूद की गतिविधियों से वंचित रहते हैं।

> विद्यालय के दोमंजिले जर्जर भवन की मरम्मत नहीं होने से दो कमरों में कक्षाएं संचालित करनी पड़ती हैं। विद्यालय के सामने सार्वजनिक शौचालय होने से दिक्कत होती है। विद्यालय का परिसर भी नहीं है।
> **–सुवा लेखा खातून**, प्रधानाध्यापिका

# कंप्यूटर क्रांति के जनक थे राजीव गांधी

### स्वराज आश्रम में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर अर्पित किए पुष्प, कार्यों को याद किया


पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते विधायक सुमित हृदयेश व कांग्रेस कार्यकर्ता।


राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया। स्वराज आश्रम में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाए और उनके किए गए कार्यों को याद किया।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि उनके कार्यकाल में ही पंचायती राज की व्यवस्था लागू हुई और गांव-गांव तक विकास पहुंचा। जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि राजीव गांधी भारत में तकनीकी शिक्षा के पक्षधर थे। देश में कम्प्यूटर क्रांति का जनक उन्हीं को कहा जाता है। इस दौरान पीसीसी सतीश नैनवाल, हेमंत बगड़वाल, मलय बिष्ट, एनबी गुणवंत, मधु सांगुड़ी, संजय किरौला, शोभा बिष्ट, योगेश जोशी, नरेश अग्रवाल, विमला सांगुड़ी, भागीरथी बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, कमला तिवारी, पुष्पा नेगी, मो. नबी, सौरभ भट्ट, मनोज बिष्ट, अमित रावत आदि थे।

### पुण्यतिथि पर नैनीताल में हुए कार्यक्रम

**नैनीताल, अमृत विचार :** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को तल्लीताल कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने राजीव गांधी को दूरसंचार क्रांति का जनक बताया। कार्यक्रम में जेके शर्मा, मुकेश जोशी, पप्पू कर्नाटक, सरस्वती खेतवाल, हिमांशु पांडेय, प्रेम शर्मा, विमल चौधरी, बहादुर सिंह बिष्ट, कुन्दन सिंह बिष्ट, बंटू आर्या, आयुष कुमार, राहुल पुजारी, योगेश साह, हरीश भट्ट, कमलेश तिवारी, सावित्री सनवाल आदि उपस्थित रहे।


भीमताल में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भीमताल और लालकुआं में भी हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**भीमताल/लालकुआं, अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भीमताल के मिनी स्टेडियम के समीप एकत्र होकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, पूर्व चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनोतिया, जिला उपाध्यक्ष आशा आर्य, जिला युवा उपाध्यक्ष से नीरज कुमार, नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगाईं, विपिन चंद्र सनवाल, गोपाल दत्त पलड़िया, रमा लाल, गुंजन रौतेला, कुमुद बृजवासी, शुभम नैनवाल, आमिर बेग आदि उपस्थित रहे। वहीं लालकुआं में भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि सेवा समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं में मरीजों को फल वितरित किए। अध्यक्ष भुवन पांडे की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। वहीं बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भी उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र बोरा, पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, सभासद दीपक बत्रा, कमलेश यादव, माजिद अली सहित बिंदुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।


शीतल पेय वितरित करते युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पुण्यतिथि पर शीतल पेय किया वितरित

**रामनगर, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर लखनपुर चुंगी पर लोगों को शीतल पेय का वितरण किया। इस दौरान स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि भी दी गई। राजीव गांधी को याद कर जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि राजीव गांधी देश के युवा प्रधानमंत्री बने। उन्होंने देश को आर्थिक रूप में काफी मजबूती प्रदान की। देश उनका बलिदान हमेशा याद रखेगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार, प्रदेश महासचिव सचिन कुमार आर्य, दीपक राणा, मुकेश रावत, पूर्व छात्र संघ कोषाध्यक्ष विजय दानी, सलमान सलमानी, विवेक सनवाल, परवेज आलम, अब्दुल रहमान मौजूद रहे।



भवाली में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भवाली में लिया राजीव गांधी के मार्ग पर चलने का संकल्प

**भवाली, अमृत विचार :** राजीव गांधी की शहादत दिवस पर भवाली कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं में पीसीसी सदस्य खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं में राजीव गांधी को भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लोगों ने उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष दयाल आर्या, ऊषा कन्नौजिया, हरेंद्र आर्य, जानकी आर्य, अफसर अली, धनी दुमका, पंकज, रमेश कुमार प्रदीप आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


रामनगर में कांग्रेस कार्यालय में गोष्ठी में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### आधुनिक भारत के निर्माण में दिए योगदान को याद किया

**रामनगर :** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मंगलवार को 33वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गोष्ठी कर आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में निवर्तमान चैयरमैन मोहम्मद अकरम, मालधन महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस विमला आर्य, बीना रावत, सभासद गुलाम सादिक, मो अजमल, नवीन तिवारी, दीपक मसीह, बाली राम, राजेन्द्र बिष्ट, महेश पांडे, जावेद खान, मो मुजीब, नूर मोहम्मद, रवि ठाकुर, अंकुश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


SHEMFORD HALDWANI
SENIOR SECONDARY SCHOOL
A Unit of Shri Krishna Nand J.D. Educational Society, Haldwani
OUR TOPPERS (2023-24)
Congratulations
CLASS X Pass Percentage: 100 %


AKANSHA BHANDARI 98%

SUBJECTWISE HIGHEST SCORE

| | |
|---|---|
| ENGLISH LNG & LIT | 98 |
| HINDI COURSE-A | 97 |
| MATHEMATICS | 100 |
| SCIENCE | 99 |
| SOCIAL SCIENCE | 100 |
| INFO. TECHNOLOGY | 98 |




CLASS XII Pass Percentage: 100 %


DINESH RAUTELA | 95.4%

SUBJECTWISE HIGHEST SCORE

| | | |
|---|---|---|
| ENGLISH - 98 | CS - 90 | FMM - 94 |
| HINDI - 95 | BIOLOGY - 95 | HISTORY - 95 |
| MATHS - 95 | IP - 94 | PHY.EDU. - 95 |
| PHYSICS - 95 | ECONOMICS - 95 | HIND. MUSIC VOCAL- 96 |
| CHEMISTRY -95 | B.ST. - 97 | ACCOUNTS - 96 |
| POLITICAL SCIENCE-95 | | |






॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
Celebrating 10 Years Anniversary 2nd Feb 2023 SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक


नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)


वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)

उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस, स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग, नेत्र रोग, सफेद दाग, स्पाइनल समस्याएँ, बालों की समस्या, पाचन समस्याएँ, पोस्ट कोविड समस्याएँ, सर्दी खाँसी-दमा, सोरायसिस, थाइरायड समस्या, माइग्रेन/ मानसिक रोग, स्पोर्ट्स इंजरी, इन्फर्टिलिटी, बच्चों के रोग, गॉल ब्लैडर स्टोन, सौंदर्य समस्याएँ, स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण, गर्भ संस्कार, लीच थैरेपी, नेत्र तर्पण, उत्तर बस्ती, शिरोधारा, स्वर्ण प्राशन, पत्र पोट्टलि, अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com



जोशी क्लीनिक


डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)


1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा




2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)


Cupping Therapy


रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

## एक नजर

### पिकअप ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, गंभीर

**हल्द्वानी :** टीपीनगर तिराहे के पास देर रात एक पिकअप ने स्कूटी सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। पीछे से लगी टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कमल पुत्र वीर सिंह गंगोलीहाट पिथौरागढ़ का रहने वाला है। वह अमरदीप होटल में काम करता है और वहीं रहता है। सोमवार की रात करीब 10 .30 बजे कमल स्कूटी से कुछ सामान लेने बाजार की ओर जा रहा था। तभी टीपीनगर तिराहे के पास पिकअप ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर गभीर रूप से घायल हो गया। टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट मौके पर पहुंचे। उन्होंने राहगीरों की मदद से कमल को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

### मोटर साइकिल चोरी

**हल्द्वानी :** मुखानी थाना क्षेत्र में 18 मई को दो युवकों ने एक मोटर साइकिल उसी के मालिक के सामने चोरी कर ली और फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पनियाली निवासी सौरभ आर्या ने बताया कि 18 मई को वह अपनी मोटर साइकिल से कमलुवागांजा चौराहे तक गया था। मोटर साइकिल सड़क किनारे खड़ी कर वह कुछ दूर जाकर फोन पर बात करने लगा। तभी दो युवक वहां पहुंचे और मोटर साइकिल लेकर फरार हो गए। सौरभ ने काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आए।

### सिटी मजिस्ट्रेट को लिखा पत्र

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में इन दिनों सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं। साथ ही कॉलेज में जिला निर्वाचन केंद्र भी बनाया गया है। पूर्व 24 से 31 मई के दौरान होने वाली परीक्षाओं को कॉलेज से बाहर कराने का निर्णय लिया गया था। अब कॉलेज प्रशासन परीक्षाओं को कॉलेज में ही कराना चाहता है। इसके लिए मंगलवार को कॉलेज प्रशासन ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई को पत्र लिखा है। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि प्रशासन की ओर से इस संबंध में शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा।

### बेस में 29 तक बंद रहेगी त्वचा रोग ओपीडी

**हल्द्वानी :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में त्वचा रोग विभाग की ओपीडी 29 मई तक बंद रहेगी। अस्पताल में तैनात एकमात्र त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण केसी मंगलवार से अवकाश पर चले गये हैं। पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि त्वचा रोग विशेषज्ञ अवकाश पर चले गये हैं। अन्य विभागों की ओपीडी खुली रहेगी।

# 13 मोहल्लों में 12 महीने एक समान, बूंद-बूंद पानी का टोटा

## क्या गर्मी और क्या सर्दी, एक अरसे से जल संस्थान के टैंकर बुझा रहे प्यास, संकरी लाइन, बढ़ती आबादी और ट्यूबवेल से दूरी बनी आफत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सावन में हर पेड़ हरा हो जाता और बंजर जमीन पर घास उग जाती है, लेकिन शहर के 13 इलाके ऐसे हैं जहां 12 महीने एक से हैं। यहां के लोगों को साल भर बूंद-बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। एक अरसा गुजर गया लोगों को ये दिक्कत सहते-सहते। जल संस्थान के 15 टैंकरों से इन इलाकों में पेयजल की सप्लाई की जा रही है। फिर वह गर्मी का मौसम हो या बरसात का। हालांकि गर्मी में दिक्कत कई गुना बढ़ जाती है।

दिक्क्त की जड़ तक पहुंचने की कोशिश की गई तो पता लगा कि जिन 13 इलाकों में पेयजल समस्या है, उनमें या तो अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाके हैं, शहर के अंतिम छोर वाले क्षेत्र हैं या फिर ट्यूबवेल से अधिक दूरी वाले मोहल्ले। अधिकारियों का कहना है दमुवाढूंगा शहर के सबसे ऊंचाई वाले इलाकों में से एक है। ऐसे में यहां ऊंचाई तक पहुंचते-पहुंचते पानी की रफ्तार मंद पड़ जाती है। होता ये है कि अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच पाता। इस तरह मुखानी के अंतिम छोर वाले इलाकों में दिक्कत होती है।

कहीं पर लो-प्रेशर की दिक्कत है। कहीं पाइप लाइनों का साइज कम है तो कुछ नलकूपों से उतना पानी नहीं निकल पाता, जितनी आवश्यकता है। यानी इन नलकूपों का वाटर डिस्चार्ज कम है। बढ़ती आबादी के हिसाब से पानी की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में जल संस्थान को दमुवाढूंगा के बड़ीखत्ता, हिमालयन कॉलोनी, कुमाऊं कॉलोनी, टीन शेड, मल्ला प्लाट समेत एक दर्जन से अधिक इलाकों में पूरे साल टैंकर के जरिये पानी की सप्लाई करनी पड़ती है। अनुमान है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग पिछले करीब 10 साल से इस समस्या से जूझ रहे हैं।

**15** टैंकरों से होती है पानी की आपूर्ति

**10** साल से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लोग

**10** हजार की आबादी होती है नलकूप खराब होने से प्रभावित



राजपुरा क्षेत्र में टैंकर से पानी भरते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

### एक नलकूप पर कई इलाकें रहते हैं निर्भर

**हल्द्वानी :** गर्मियों के मौसम में सबसे अधिक नलकूप खराब होने के मामले सामने आते हैं। एक नलकूप खराब होने पर करीब 10 हजार की आबादी प्रभावित होती है। इसमें राजपुरा के नलकूप से जवाहर नगर, राजेंद्र नगर और इंदिरानगर के नलकूप से बड़ी रोड, दुर्गा मंदिर, गोपाल मंदिर समेत अन्य इलाकों में पानी की आपूर्ति होती है।

"जिन इलाकों में पेयजल संकट है वहां टैंकरों के माध्यम से नियमित आपूर्ति कराई जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत दूरस्थ इलाकों में पानी पहुंचाने का काम भी किया जाएगा।"
**-रविंद्र कुमार**, एई, जल संस्थान

### इन इलाकों में साल भर होती है टैंकर से सप्लाई



- बड़ीखत्ता
- हिमालय कॉलोनी
- कुमाऊं कॉलोनी
- टीन शेड
- मल्ला प्लाट
- राजपुरा
- हिम्मतपुर
- गौलागेट
- शांतिनगर
- बच्चीनगर
- इंदिरानगर
- भगवानपुर

### पानी की सप्लाई में हर साल फुंक रहे 26 लाख

**हल्द्वानी :** जल संस्थान के पास पानी के अपने 10 टैंकर हैं। गर्मी के दिनों में विभाग पांच प्राइवेट टैंकर भी चलाता है। इन्हीं टैंकरों के जरिये प्रभावित 13 इलाकों में नियमित पानी की सप्लाई होती है। अधिकारियों की मानें तो एक टैंकर पर प्रतिमाह करीब 22 हजार रुपये का खर्च आता है। यानी सिर्फ डीजल में दो लाख 20 हजार रुपये महीना फूंक दिया जाता है। जबकि पूरे साल में यह आंकड़ा 26 लाख रुपये के पार निकल जाता है। इस गणना में प्राइवेट टैंकर का खर्च शामिल नहीं है। मांग अधिक होने के चलते कई क्षेत्रों में 2 दिन बाद टैंकर भेजे जा रहे हैं।

### जल जीवन मिशन के तहत अधूरा काम भी बना कारण

**हल्द्वानी :** वर्ष 2019 से शहर और ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन की शुरुआत की गई। जिसमें हर घर नल हर घर जल योजना के तहत हर घर तक पेयजल लाइन बिछाई जानी थी। 31 मार्च 2024 योजना पूरी करने की अंतिम तिथि थी, लेकिन योजना पूरी नहीं हुई। इसका कारण कोविड काल को बताया गया। अब योजना पूरी करने का समय बढ़ा दिया गया है। हालांकि काम में अब भी सुस्ती है। जिसके चलते करायल जौलासाल, दमुवाढूंगा, गौलापार समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन अभी तक नहीं पहुंच पाई है।

### फिर पांच घंटे देरी से पहुंची गरीब रथ

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कानपुर रेलवे स्टेशन से काठगोदाम रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस मंगलवार को फिर 5 घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। ट्रेन दोपहर 3.55 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंचती है। देरी से चलने के कारण ट्रेन रात करीब 9 बजे यहां पहुंची।

काठगोदाम स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि गरीब रथ एक्सप्रेस कानपुर से ही 5 घंटे देरी से चली। इस कारण ट्रेन काठगोदाम भी देरी से पहुंची। काठगोदाम से ट्रेन को देरी से रवाना किया गया।

### सोशल मीडिया पर लहराया तमंचा, धरा

**हल्द्वानी :** सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना युवक को भारी पड़ गया। मुखानी पुलिस ने तमंचा लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 12 बोर का तमंचा बरामद किया गया है। बीते दिनों एक युवक ने तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया पर अपना वीडियो अपलोड किया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी सूरज जोशी पुत्र गिरीश चन्द्र जोशी निवासी बच्चीनगर लामाचौड़ मुखानी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पहाड़ों में झमाझम बारिश जारी, मैदान गर्मी से तपे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर रूक-रूक कर बारिश होने का सिलसिला जारी है। इधर, हल्द्वानी में गर्मी से कोई राहत नहीं है। हालांकि पहाड़ों में बदले मौसम की वजह से तापमान में थोड़ी कमी आई है।

मंगलवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस था। अधिकतम तापमान विगत दिनों की अपेक्षा तीन डिग्री सेल्सियस तक कम रहा। हल्द्वानी में सुबह के समय हल्के बादल छाए रहे और मौसम भी कम गर्म रहा। लेकिन दोपहर होते ही मौसम गर्म हो गया और लू चलने लगी। लू से लोग फिर से परेशान हो गए। शाम होने पर भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। रात में भी गर्मी बरकरार रही।

इधर, पर्वतीय क्षेत्रों में मंगलवार को कई जगह फिर से बारिश हुई। धारचूला में 31.2 मिमी, डीडीहाट में 17 मिमी, मुनस्यारी में 9.2 मिमी और पिथौरागढ़ में 8.1 मिमी बारिश हुई। बारिश से पहाड़ों में कई जगह तापमान नीचे आ गया है। रात के समय ठंड हो रही है। बारिश से वनाग्नि से भी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों में कई जगह बारिश का दौर जारी रहेगा। मैदानी इलाकों में बुधवार को भी लू चलेगी।

## पीएमजीएसवाई का कार्यालय तोड़ा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग ने काठगोदाम नरीमन चौराहा से रेलवे स्टेशन तक सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। मंगलवार को विभाग ने चौड़ीकरण की जद में आ रहे कई भवनों को ध्वस्त किया।

लोनिवि ने नरीमन चौराहा से काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक सड़क को फोरलेन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अभी चौराहे से रेलवे स्टेशन तक सड़क की चौड़ाई 9.5 मीटर है। फोरलेन करने के लिए लोनिवि को कई सरकारी भवन तोड़ने पड़ रहे हैं। कुछ जगहों पर नगर निगम की भी संपत्ति है। मंगलवार को चलाये गये अभियान के दौरान टीम ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) को कार्यालय को तोड़ दिया।

# अतिक्रमण पर मंडलायुक्त सख्त, सूची तलब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अतिक्रमण के खिलाफ जल्द ही कुमाऊं स्तर पर बड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी। मंडलायुक्त दीपक रावत ने अतिक्रमण पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए हर जिले के जिलाधिकारी और विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि जहां भी 15 साल से अधिक पुराना अतिक्रमण है, उसे चिन्हित करें और 15 दिन में सूची तैयार कर पेश करें।

मंडलायुक्त दीपक रावत ने कुमाऊं मंडल के सभी जिलाधिकारियों और विभागाध्यक्षों को सरकारी संपत्ति व भूमि पर 15 वर्ष पुराने अतिक्रमण को चिन्हित करने और 15 दिन के भीतर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिए हर जिले में पूर्व में गठित जिला स्तरीय कमेटी को सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। जनता के उपयोग वाली नजूल भूमि पर भी अतिक्रमण चिन्हित करने को कहा गया है। विशेष रूप से सड़कों किनारे सरकारी भूमि, नहरों, नालों, गूलों के किनारे वाली सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को सूचीबद्ध किया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि अभी सरकारी संपत्ति, भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके बाद सरकारी जगह से अतिक्रमण हटाने के लिए ठोस योजना तैयार की जाएगी।

### निर्देश दिए

- कुमाऊं के विभिन्न शहरों में हुए अतिक्रमण पर मांगी रिपोर्ट
- जिलाधिकारियों और विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश



### अतिक्रमण हुआ तो जिम्मेदार होंगे विभागाध्यक्ष

**हल्द्वानी :** विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि विभागाध्यक्षों के अधीन जो भी सरकारी संपत्ति है, उसका निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करें। अतिक्रमण है तो चिन्हित करते हुए अग्रिम कार्रवाई करें। यह विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि उनकी सरकारी संपत्ति पर कोई भी अतिक्रमण न कर पाए। यदि फिर भी अतिक्रमण होता है तो इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

### सरकार भी मांग चुकी है विभागों से हिसाब-किताब

**हल्द्वानी :** सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण को लेकर राज्य सरकार ने भी सख्त रुख अपनाया था। पिछले वर्ष राज्य सरकार ने सभी विभागों से कहा था कि वह बताएं कि उनकी भूमि पर कहां-कहां और कितना अतिक्रमण है। जिसके बाद वन विभाग ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर पूरे राज्य में फैली अपनी जमीन से अतिक्रमण साफ किया था। ज्यादातर अतिक्रमण धर्म की आड़ में किए गए थे।

# चिकित्सा सुविधाओं में सुधार को मांगे सुझाव

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के एकमात्र जिला पुरुष चिकित्सालय बीड़ी पांडे में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने के खिलाफ पूर्व में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए माना है कि नैनीताल में चिकित्सा सुविधाओं का अब भी अभाव है। जिस पर कोर्ट ने आमजन और चिकित्सा सुविधाओं में सुधार हेतु नगर के जागरूक नागरिकों, एनजीओ व अधिवक्ताओं से जुलाई माह तक अपने सुझाव देने को कहा है। ताकि यहां पर एम्स जैसी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

अधिवक्ता अकरम परवेज ने बताया कि पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से पूछा था कि जिले में एम्स की तरह अस्पताल खोला जा सकता है इस पर जवाब पेश करें। आज केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया कि एम्स की एक ब्रांच ऋषिकेश में खुल चुकी है, जिसकी सेटेलाइट ब्रांच रुद्रपुर में बन रही है। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नैनीताल में प्रदेश का उच्च न्यायालय भी है, क्या उसको भी एम्स जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होनी चाहिए। कोर्ट के आदेश पर ही अस्पताल का अतिक्रमण हटाया गया था। अधिवक्ता अकरम परवेज ने कोर्ट को अवगत कराया कि अभी भी अस्पताल में कई सुविधाओं का अभाव है। मरीजों को इलाज के लिए अन्य अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

मालूम हो कि अशोक शाह ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि उन्हें छोटी से छोटी शिकायतों के लिए उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ रही है।

### मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर सहित प्रदेश के अन्य राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गो पर आवारा पशुओं को छोड़े जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। इस मामले में समाज सेवी भुवन चन्द्र पोखरिया ने अपने को पक्षकार बनाए जाने हेतु प्रार्थना पत्र पेश किया। जिस पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है। पोखरिया ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि पूर्व के आदेश पर नगर निगम ने कोई कार्यवाही नहीं की। अभी भी सड़कों पर अवारा पशु घूम रहे हैं। इससे निजात दिलाई जाए। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी अधिवक्ता डॉ. चंद्रशेखर जोशी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा कि हल्द्वानी शहर सहित राज्य की व्यस्ततम सड़कों पर आवारा गाय और बैलों के कारण कई दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनके आपस में लड़ने से एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत तक हो गई। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि राज्य की सड़कों पर से आवारा पशुओं को हटाया जाए। जनहित याचिका में यह भी शिकायत की गई कि संबंधित विभाग शिकायत करने पर उनके क्षेत्र से आवारा पशुओं को उठाकर शेल्टर में डालने के बजाय दूसरे क्षेत्र में छोड़ रहे हैं।



## विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए करें जागरूक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर समर्थ पोर्टल में पंजीकरण को लेकर उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अंजू अग्रवाल ने मंगलवार को प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली। उन्होंने सभी प्राचार्यों को समर्थ पोर्टल में पंजीकरण के लिए अधिक से अधिक प्रयास करने के निर्देश दिये।

उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अंजू ने कहा कि शासन की ओर से शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया जा चुका है, जिसके अनुसार प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में एक साथ प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि 31 मई से पहले प्रवेश के लिए पंजीकरण करना होगा। उन्होंने सभी प्राचार्यों को अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रवेश पंजीकरण के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

# तस्कर परिवार का एक और सदस्य गिरफ्तार, 32.36 ग्राम स्मैक बरामद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा के तस्कर परिवार का एक और सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इसकी बहन जमानत पर और बड़ा भाई नशे के इंजेक्शन बेचने के मामले में जेल के बंद है। आरोपी के पास से डेढ़ लाख रुपये से अधिक कीमत की 32.36 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

एसओजी और बनभूलपुरा पुलिस ने मंगलवार दोपहर रेलवे स्टेशन के पास से वार्ड नंबर 24 गफूर बस्ती निवासी 25 वर्षीय शोएब सिद्दीकी को पकड़ा। तलाशी ली गई तो उसके पास से 32.36 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया कि वह क्षेत्र के ही रहने वाले व्यक्ति के साथ बहेड़ी से स्मैक खरीदकर लाया था। स्मैक की कीमत करीब 1.61 लाख रुपये आंकी जा रही है। आरोपी का बड़ा भाई अमन भी पिछले हफ्ते नशे के इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया था। वह वर्तमान में हल्द्वानी जेल में है। बड़ी बहन भी नशे के इंजेक्शन बेचती है और वह जमानत पर है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई वीरेंद्र चंद, सिपाही भूपेंद्र जेष्ठा, दिलशाद अहमद, चंदन नेगी, ललित कुमार शामिल रहे।



पुलिस की गिरफ्त में स्मैक तस्कर। ● अमृत विचार

**अनदेखी** — बिंदुखत्ता निवासी भुवन की मौत के बाद सिर्फ खानापूर्ति, गौला नदी में मौज-मस्ती जारी, मंगलवार को भी अमृतपुर में गोते लगाते नजर आए लोग

# लापरवाही : अमृतपुर में 'ऑपरेशन', नदी में 'मर्यादा' तार-तार

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मर्यादा में रहते रहे हुए पर्यटक वादियों का आनंद लें, इसी वजह से पुलिस ने ऑपरेशन मर्यादा की शुरुआत की। हालांकि न तो पर्यटक मर्यादा का ख्याल रख रहे हैं और न ही ऑपरेशन सफल होता दिख रहा है। बिंदुखत्ता निवासी भुवन की मौत के बाद अचानक पुलिस और वन विभाग हरकत में आया। अमृतपुर में चेकिंग शुरू हुई और लोगों को नदी की ओर जाने से रोका गया, लेकिन अब अमृतपुर में 'ऑपरेशन' स्थिल पड़ चुका है और नदी में 'मर्यादा' तार-तार हो रही है।

मंगलवार की दोपहर 'अमृत विचार' की टीम अमृतपुर में वास्तविकता परखने पहुंची। लगा आमजन की तरह उन्हें भी अमृतपुर गेट पर ही रोक कर पूछताछ की जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। क्योंकि अमृतपुर गेट पर न तो वन विभाग की टीम थी और न ही पुलिस। एक बेरीकेड था, जो किनारे पर खड़ा था। टीम आगे बढ़ी तो बड़ी संख्या में लोग आते-जाते दिखाई दिए, जो स्थानीय नहीं लग रहे थे। करीब 500 मीटर आगे बढ़े तो नदी साफ दिखने लगी और उसमें गोते लगाने वाले भी। टीम भी पथरीले रास्ते से होते हुए नदी तक पहुंच गई। पथरीले रास्तों पर दर्जनों की संख्या में मोटर साइकिल, स्कूटी और कारें खड़ी थीं। ये वाहन जिनके थे वो नदी में मौज-मस्ती कर रहे थे। कुछ नव युगल थे, कुछ दोस्तों के साथ आए थे और कुछ परिवार और छोटे बच्चों के साथ। कुछ लोगों से पूछताछ की तो पता लगा कि एक परिवार काशीपुर से सिर्फ अमृतपुर में नहाने के लिए आया था।



अमृतपुर स्थित गौला नदी में बेखौफ नहाते लोग। ● अमृत विचार

### स्थानीय लोगों का संरक्षण और विरोधी भी स्थानीय

**हल्द्वानी :** अमृतपुर में ऐसे तमाम लोग हैं जो नदी में नहाने की आड़ में अश्लीलता फैलाने, शराब पीने और गंदगी फैलाने के खिलाफ अकसर शिकायत करते रहते हैं। हालांकि कुछ स्थानीय ही इन्हें संरक्षण भी देते हैं, क्योंकि इन्हीं नहाने वालों से इनकी दुकानदारी चलती है। ऐसे कई दुकानदार हैं, जिन्होंने नहाने के बाद कपड़े बदलने के लिए यहां चेंजिंग रूम बनवाये हैं।

### वन विभाग का बोर्ड लगा पर पढ़ता कोई नहीं

**हल्द्वानी :** अमृत विचार की टीम जब पड़ताल कर रही थी, तभी सायरन बजाती वन विभाग की एक गाड़ी वहां पहुंची। सड़क से ही लोगों को नदी से बाहर निकलने की अपील की जा रही थी, लेकिन कोई सुन नहीं रहा था। टीम नदी तक पहुंची तो भी लोगों पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। क्योंकि इस टीम में कोई अधिकारी नहीं था। एक वर्दीधारी था, जिसके पास एक डंडा तक नहीं था।

### हर पैग पर गोते लगा रहा था दोस्तों का जमघट

**हल्द्वानी :** नदी में नहाने वाले सिर्फ नहाने के लिए नहीं आते। बल्कि ये पार्टी करने की पूरी तैयारी के साथ आते हैं। अमृतपुर में गोते लगाने वालों में एक ग्रुप दोस्तों का भी था। ये अपने साथ शराब की बोतल भी लाए थे। आते ही इन दोस्तों ने पहले पैग लगाया और नदी में नहाने उतरे। ये सिलसिला हर पैग के साथ चलत रहा था।

# आपसी संघर्ष में घायल बाघ की उपचार के दौरान मौत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पूर्व में ढेला रेस्क्यू सेंटर में उपचार के लिए रखे गए नर बाघ की मंगलवार को मौत हो गयी। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यन्त शर्मा ने बताया कि पूर्व में यह बाघ आपसी संघर्ष में घायल हो गया था। जिसका उपचार किया जा रहा रहा था। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

नर बाघ की आयु छह से सात वर्ष के बीच रही होगी। नियमानुसार मृत नर बाघ का पोस्टमार्टम कराया गया। बाघ के पोस्टमार्टम के दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यन्त शर्मा, डॉ. मंजुल कांडपाल, डॉ. हिमांशु पांगती चिकित्साधिकारी चिड़ियाघर नैनीताल, डॉ. राहुल सती एवं डॉ. आयुष उनियाल मौजूद रहे। सीटीआर के उपनिदेशक दिगन्ध नायक, डॉ. शालिनीं जोशी, रेंजर भानुप्रकाश हरबोला, एजी अंसारी के अलावा वन कर्मियों की मौजूदगी में बाघ के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया।



बाघ का पोस्टमार्टम करते चिकित्सक।

# कॉलोनियों में जलभराव और चौराहे पर जाम से परेशानी

## वार्ड 44 का हाल :- कूड़ा गाड़ी आने के बावजूद लोग खाली प्लाटों में फेंक रहे हैं कचरा

**जनसंख्या: 05 हजार करीब | मतदाता: 03 हजार पांच सौ**

**मुख्य कॉलोनियां :-** भूमिया विहार, उत्तरांचल, एकता विहार, गायत्री नगर, द्वारिका पुरी, इंद्रा कॉलोनी, न्यू सर्वोदय कॉलोनी, मधुवन कॉलोनी, संगम विहार, समीर विहार आदि।




संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुसुमखेड़ा वार्ड 44 में नगर निगम में शामिल होने के बाद कई बदलाव आये हैं, लेकिन कई समस्याएं आज भी जस की तस हैं। वार्ड में नगर निगम की कूड़ा गाड़ी आने के बावजूद लोग इधर-उधर खाली जगहों पर कचरा फेंक रहे हैं। कई कॉलोनियों में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। दुकानों तक में गंदा पानी घुस जाता है। क्षेत्र के लोग कुसुमखेड़ा चौराहे पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से खासे परेशान हैं। कई बार जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई, लेकिन कुछ नहीं हुई। सड़कें भी बेतरतीब बनी हुई हैं।

वार्ड में साफ-सफाई के लिए नगर निगम की ओर से 10 कर्मचारियों की तैनाती दी गई है, इसके बाद भी जगह-जगह कचरा बिखरा पड़ा है। गायत्री नगर में पुलिस चौकी के पास खाली प्लाटों में कूड़ा बिखरा पड़ा है। लोगों ने बताया कि खाली प्लाटों में उग आई झाड़ियों व कूड़े को अक्सर जलाया जाता है। रेशम बाग, समीर विहार आदि में नालियां जाम हैं। वर्ल्ड बैंक के सहयोग से चल रही योजना से वार्ड में पेयजल की समस्या का निदान हुआ है।

आरटीओ आफिस रोड में भूमिया विहार फेज ए-4 में स्थित दुकानदारों ने बताया कि बरसात में नाली का पानी उनकी दुकानों में घुस जाता है, जिससे काफी नुकसान होता है। शिकायत के बाद नाली का निर्माण किया गया था, इसके बाद भी गंदे पानी से छुटकारा नहीं मिल रहा है। नाली निर्माण में मानकों का ध्यान नहीं रखा गया।






भूमिया विहार फेज ए4 में नाली में जमा कूड़ा, गूल के ऊपर बनी ऊंची पुलिया जिससे आये दिन वाहन टकराते हैं और आरटीओ रोड चौक के समीप खाली प्लाट में पड़ा कचरा। ● अमृत विचार

### लोगों से बातचीत



स्ट्रीट लाइट लगने से लोगों और दुकानदारों को बहुत सुविधा हुई है। पहले की अपेक्षा पेयजल की व्यवस्था में भी सुधार हुआ है।
– इंद्र सिंह



पेयजल की समस्या का समाधान हुआ है। द्वारिका पुरी में सड़क बनी है। स्ट्रीट लाइट लगने से लोग खुश हैं। पहले गलियों में अंधेरा रहता था।
– सोनी चंदोला



आरटीओ रोड में कुछ समय पूर्व सड़क किनारे नई नाली बनाई गई, लेकिन नाली में कचरा फंसने से अब भी दुकानों में गंदा पानी घुस जाता है।
– शाहनवाज मलिक



नगर निगम में शामिल होने से लाभ मिला है। गायत्री नगर में स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। साफ-सफाई भी नियमित हो रही है। तीन साल पहले सड़क बनी है।
– भुवन चंद्र जोशी



उत्तरांचल कॉलोनी में सड़क का डामरीकरण होने व नालियां चौड़ी होने से जलभराव नहीं होता है। स्ट्रीट लाइट खराब होने पर कर्मचारी सही करने आते हैं। –डीएस रावत



पहले गलियों में आने जाने में डर लगता था, लेकिन अब स्ट्रीट लाइटें लगने से काफी सुविधा हुई है। पानी के बिल ज्यादा आने से लोग परेशान हैं।
–सुनील जोशी

## सार-संक्षेप



समर कैंप कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

### सेंट पॉल्स स्कूल में समर कैंप शुरू

**हल्द्वानी :** काठगोदाम स्थित सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार से समर कैंप शुरू हो गया है, जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। समर कैंप में क्लासिकल डांस, वेस्टर्न डांस, संगीत, वाद्य यंत्र, इंडोर गेम्स, ताइक्वांडो, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, अबेकस, रंगोली, ऐपण और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। साथ ही वेस्ट मेटिरियल से विभिन्न वस्तुओं के निर्माण, आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलीग्राफी, योगा आदि कार्यशालाओं में भी बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। कैंप का उद्घाटन संयुक्त रूप से विद्यालय निदेशक जरीना रोलस्टन और प्रबंधक नरेंद्र शाह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय समन्वयक अर्चना सती, डीसीएस बिष्ट सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

### इंदिरानगर नाला चोक घरों में घुस रहा गंदा पानी

**हल्द्वानी :** इंदिरानगर क्षेत्र में बहने वाला नाला पिछले आठ दिनों से चोक है, जिस कारण नाले का गंदा पानी व कूड़ा सड़क एवं लोगों के घरों में घुस रहा है। स्थानीय लोग नगर निगम के अधिकारियों से कई बार नाले की सफाई करने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक नाले की सफाई नहीं हो पाई है। गंदगी के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी ने बताया कि नगर निगम में जब नाले की सफाई के लिए सूचित किया गया तो निगम के जिम्मेदारों ने ठेकेदार पर जिम्मेदारी डाल कर अपना पल्ला झाड़ लिया। ठेकेदार की लापरवाही के चलते नाले की सफाई अब तक नहीं हो पाई है। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कहा कि अगर शीघ्र नाले की सफाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### कोटिकरण विसंगति को लेकर विद्यालयों की जांच

**हल्द्वानी :** कोटिकरण विसंगति को लेकर राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने ब्लॉक कार्यकारिणी भीमताल के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें 11 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कोटिकरण की जांच की गई। खंड शिक्षा अधिकारी भीमताल कैना चौहान ने प्रकरणों की गहनता से जांच की। इस दौरान उपस्थिति संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने कोटिकरण संशोधन के प्रमाण प्रस्तुत किये। जिसके बाद तय किया गया कि कोटिकरण संशोधन के संबंध में शेष विद्यालयों के प्रकरण 24 मई को सुने जाएंगे। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पाण्डेय, जिला मंत्री नमिता पाठक, संयुक्त मंत्री त्रिलोक ब्रजवासी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिनेश जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष भीमताल मनोज बनकोटी, ब्लॉक मंत्री भीमताल दीप पंत समेत शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



योग शिविर में योग करते लोग। ● अमृत विचार

### योग से अपनी काया को रख सकते हैं निरोगी: आनंद

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निशुल्क योग शिविर का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य कर अधिकारी रामनगर मितेश्वर आनन्द, योग प्रभारी डॉ.मूलचन्द्र शुक्ल व समारोहक डॉ.डीएन जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मितेश्वर आनंद ने कहा कि योग से ही हम सब अपनी काया को निरोगी रख सकते हैं। योग प्रशिक्षक मुरलीधर कापड़ी ने सरल योग आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया। समन्वयक चीफ प्रॉक्टर प्रो.एसएस मौर्य व डॉ.डीएन जोशी, शिविर संयोजक योग प्रभारी डॉ. सुमन कुमार, डॉ.मूल चंद्र शुक्ल, योग शिक्षक डॉ.नितिन ढोमणे व योग प्रशिक्षक मुरलीधर कापड़ी ने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

### जाम को लेकर व्यापार मंडल की बैठक दो जून को

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि हल्द्वानी से कैंची धाम तक लग रहे जाम को लेकर दो जून को संगठन की बैठक होगी। जिसमें कुमाऊं मंडल के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष और महामंत्री शामिल रहेंगे। बैठक में प्रस्तावित आंदोलन के बारे में भी चर्चा की जाएगी। वर्मा ने बताया कि पूर्व सभी इकाइयों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। जाम के कारण स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी हो रही है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा कि सरकार को कैंची धाम के लिए प्रस्तावित बाईपास बनाने के लिए शीघ्र काम करना चाहिए।

# न्यूरो सर्जरी विभाग ने एक हजार सफल ऑपरेशन किए

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग और डॉ. अभिषेक राज ने अब तक एक हजार ऑपरेशन सफलता पूर्वक कर कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. अभिषेक राज ने पिछले चार वर्षों में 500 से अधिक आपरेशन किए हैं। उन्होंने ब्रेन ट्यूमर, सर्वाइकल, ब्रेन हेमरेज, गर्दन की हड्डी टूटने आदि के जटिल ऑपरेशन किए हैं।

उन्होंने बताया कि अधिकतर ऑपरेशन कुमाऊं के मरीजों के किए गए हैं। साथ ही उत्तर प्रदेश से आने वाले मरीजों की संख्या भी काफी है। बताया कि निजी अस्पताल में न्यूरो से जुड़े ऑपरेशन में पांच लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। जबकि डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में आयुष्मान योजना से ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क हुए हैं। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि डॉ. अभिषक राज ने 1000 सर्जरी कर कीर्तिमान स्थापित किया है, जो मेडिकल कॉलेज के लिए गर्व का विषय है।

# गर्मी में लोगों पर 'सर्दी' का सितम

**मौसम की मार**

- अस्पतालों में बढ़ रहे सर्दी, खांसी और जुकाम के मरीज
- धूल से होने वाली एलर्जी की समस्या लेकर भी पहुंच रहे लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के मौसम में लोग सर्दी, खांसी और जुकाम से परेशान हैं। पिछले 10 दिनों में इस तरह की बीमारियों के मरीजों की संख्या अचानक से बढ़ गई है। चिकित्सकों का कहना है कि यह वायरल फीवर है जो तेजी से फैल रहा है।

कुछ लोग डस्ट एलर्जी (धूल से होने वाली एलर्जी) की वजह से भी परेशान है। अस्पतालों की ओपीडी में रोजाना इस तरह के मरीज आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार इससे बचाव के लिए कोविड नियमों की तरह ही पालन करना होता है और बीमार होने पर चिकित्सक की सलाह पर ही दवा लेनी चाहिए। यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में तेजी के साथ फैलती है। इसलिए बीमार हुए लोगों को कुछ दिन घर पर रहकर आराम करना चाहिए। इस बीमारी में बुखार आना भी आम बात है।

### खान-पान और रहन-सहन पर दें ध्यान: डॉ. निखुर्पा

**हल्द्वानी :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की फिजिशियन डॉ. विनीता निखुर्पा का कहना है कि वायरल फीवर और एलर्जी से बचाव के लिए लोगों को ध्यान देना होगा। घर में बना हल्का भोजन लें और साथ ही साफ-सफाई के साथ रहें। बताया कि इस समय गर्म हवा के साथ धूल भी उड़ रही है, इसलिए घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें।

### वनाग्नि से भी बढ़ रही समस्या

**हल्द्वानी :** विगत दिनों से पहाड़ों में वनाग्नि की वजह से धूल और कार्बन कणों की संख्या बढ़ गई है। इस वजह से लोग एलर्जी से बीमार हो रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि पहाड़ों से ऐसे कई मरीज आ रहे हैं, जो वनाग्नि वाले क्षेत्र के आसपास रहते हैं। एलर्जी की वजह से उनमें भी खांसी, बुखार, जुकाम जैसी दिक्कतें हो रही हैं।

### वायरल फीवर व एलर्जी से ऐसे करें बचाव

- मास्क लगाकर रहें
- दिन में बार-बार हाथों को साफ करें
- शीतल पेय का सेवन नहीं करें
- आइसक्रीम बिलकुल नहीं खाएं
- बीमार होने पर डॉक्टर को दिखाएं

# गंदगी मिलने पर नौ ठेले वालों के चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में बढ़ रही बीमारियों को लेकर नगर निगम ने मंगलवार को ठेले वालों पर कार्रवाई की।

वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने तिकोनिया और उसके आसपास अभियान चलाया। इस दौरान खाने का सामान बेचने वाले ठेलों पर जांच की गई। जांच में पाया कि खाने-पीने की चीजों पर मक्खियां थीं। बर्तनों की सफाई भी ठीक से नहीं की गई थी। पीने का पानी साफ बर्तन में नहीं रखा था। यही नहीं ठेले वालों ने नैनीताल रोड पर अतिक्रमण भी कर रखा था। ये देखकर डॉ. कांडपाल ने नौ ठेले वालों के चालान काटने के निर्देश दिए। सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने बताया कि प्रत्येक ठेले वाले का एक हजार रुपये का चालान काटा गया।

# मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रामपुर रोड पंचायत घर में 23 मई को नवनिर्मित मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। जानकारी देते हुए मंदिर समिति के सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रकाश सिंह दरम्वाल, दिवान सिंह मेहरा, जीवन सुयाल, आनंद सिंह पडियार, डीके सुयाल ने बताया कि सुबह 8 बजे गणेश पूजा, 10 बजे देवताओं का अधिवास, 11 बजे प्राण प्रतिष्ठा, 12 बजे हवन, 1 बजे पूर्णाहुति आरती एवं इसके बाद प्रसाद वितरण होगा।

कहा कि जो भी व्यक्ति पूजा कार्यक्रम में यजमान बनने के इच्छुक हो वह मंदिर समिति पदाधिकारियों से संपर्क कर सकता है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# हाईस्कूल-इंटर के मेधावी सम्मानित



सम्मानित किये गए छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने मंगलवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अपने आवास पर बुलाकर शील्ड और किताबें देकर सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में इंटरमीडिएट की इशिता अग्रवाल, पीहू रौतेला, दिनेश रौतेला, सृष्टि, काजल पिमोली, वंश उपाध्याय, लक्षिता, भानु प्रकाश भट्ट, कशिश कांडपाल, तनुज जोशी जबकि कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं में मान्या पाठक, स्वाति सिंह, आकांक्षा भंडारी, जतिन जोशी, त्रिपुरेश नाथ तिवारी, मान्या कार्की, गर्व साहू, हर्षित जोशी, रुद्राक्ष कविदयाल, करण सिंह कपकोटी, रोहन पचवाड़ी, प्रशांत कबडवाल शामिल रहे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष हल्दूचौड़ दीपक बहुगुणा, मंडल उपाध्यक्ष रोहित दुम्का, मंडल अध्यक्ष लालकुआं धन सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष गौलापार मुकेश बेलवाल, दिनेश राणा, सोनू पांडे, राहुल खोलिया आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

### रामनगर डिग्री कॉलेज में संगीत की प्रयोगात्मक परीक्षा आज

**रामनगर, अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में बीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की संगीत विषय की प्रायोगिक परीक्षा बुधवार को प्रात :10 :00 बजे से संगीत विभाग में संपन्न कराई जाएगी। यह जानकारी विभाग के प्रभारी डॉ .शिप्रा पन्त ने दी। उन्होंने बताया कि समस्त परीक्षार्थियों को निर्देशित गया है कि वे आवश्यक सामग्री एवं अपने प्रवेश पत्र सहित परीक्षा तिथि को सुबह 09 :30 बजे विभाग में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरे पति शंकर सिंह भारतीय सेना में आर्टिलरी रिकॉर्ड नासिक (महाराष्ट्र) आर्मी नम्बर 15208882X हैं। जिनके आर्मी रिकॉर्ड में भूलवश मेरी जन्मतिथि 17-12-1985 दर्ज हो गई है, जो कि गलत है। मेरी सही व वास्तविक जन्मतिथि 18-12-1986 है। अतः मेरे पति के आर्मी रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि 18-12-1986 (वास्तविक) दर्ज कर दी जाए।
- सुनीता देवी पत्नी शंकर सिंह, निवासी ग्राम कोटूली, पो. ओ. रनमन, जिला अल्मोड़ा

प्रवेश प्रारम्भ
B.I.U. BIUCOP BIU COLLEGE OF PHARMACY BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
B.I.U. BIUCHJ BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

# अंतरराष्ट्रीय वैदिक भजनोपदेशक दिनेश पथिक 24 मई से हल्द्वानी में

संवाददाता, हल्द्वानी




डॉ. वेदपाल आचार्य। पं दिनेश पथिक।

**अमृत विचार :** आर्य समाज का वार्षिकोत्सव 24 मई से आयोजित हो रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव स्थानीय आर्य समाज में होगा।

आर्य समाज के प्रधान डॉ. विनय विद्यालंकार ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में परोपकारिणी सभा अजमेर के संरक्षक और परोपकारी पत्रिका के संपादक डॉ. वेदपाल आचार्य मुख्य वक्ता रहेंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय वैदिक भजनोपदेशक पं. दिनेश पथिक अमृतसर से आ रहे हैं। तीनों दिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक यज्ञ, भजन व प्रवचन होंगे। इसी तरह शाम को सायं 6 बजे से 8 बजे तक भजन और प्रवचन होंगे। 26 मई को यज्ञ पूर्णाहुति की जाएगी। वार्षिकोत्सव में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट मुख्य अतिथि, विधायक बंशीधर भगत, विधायक सुमित हृदयेश व निवर्तमान महापौर डॉ जोगेंद्र रौतेला विशिष्ट अतिथि रहेंगे। मालूम हो कि आर्य समाज में प्रतिदिन दैनिक यज्ञ, प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक सत्संग, त्योहारों पर विशेष यज्ञ किया जाता है। पदाधिकारी वार्षिकोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं।

### निर्वाचन नामावली में सबसे ज्यादा दावे हीरानगर से

**हल्द्वानी :** नगर निगम निर्वाचन नामावली में 7700 से ज्यादा दावे प्राप्त हुए हैं। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार सबसे कम प्रपत्र किदवई नगर से मिले हैं। नगर निगम निर्वाचन नामावली में नाम जोड़ने के लिए कुल 7789 दावे प्राप्त हुए। सबसे अधिक वार्ड 17 हीरानगर में कुल 397 दावे प्राप्त हुए हैं। इसी तरह नाम विलोपन के लिए 270 आपत्ति प्राप्त हुई हैं, जिनमे सबसे अधिक 115 वार्ड 11 तल्ला गोरखपुर में हैं। कुल 7789 नाम परिवर्तन किए गए। साथ ही 592 नाम संशोधन किए गए हैं। 270 नाम विलोपन के दावे पर आपत्ति मिली हैं। सबसे कम मात्र दो प्रपत्र वार्ड 15 किदवई नगर में प्राप्त हुए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## सार-संक्षेप

### चौपाइयों व भावार्थ की प्रतियोगिता में किशन अव्वल



कार्यक्रम को संबोधित करती मुख्य अतिथि पूर्व रीजनल सचिव रेखा अरोरा।

**रुद्रपुर :** इंदिरा कॉलोनी स्थित कृष्णा इंटर कॉलेज में भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा रुद्रपुर की ओर से आयोजित पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन हो गया है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व रीजनल सचिव रेखा अरोरा, शाखा की महिला संयोजक ज्योति सुखीजा, वरिष्ठ सदस्य स्नेह संजय राधू, मीनू मिगलानी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व रीजनल सचिव रेखा अरोरा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा नागरिक बनने, मोबाइल से दूर रहने, घर से बाहर मैदानी खेलों में भाग लेने व अपना बचपन भरपूर जीने का मंत्र दिया। विद्यालय प्रबंधक ललित मोहन कौशिक को शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। शिविर में खुशबू अग्रवाल व मेघा सिंघल ने बच्चों को सिखाई गई रामायण की चौपाइयों व भावार्थ की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें किशन ने पहला, आयुष ने दूसरा और अंकित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कराटे कोच विशाल शर्मा ने बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम का संचालन अंजू ग्रोवर ने किया। इस अवसर पर प्रिया कोरी, ऊषा राय, राजकुमार, शाखा सदस्य संजना अरोरा, अंजू सिंह, कविता कौशिक, आस्था तनेजा, अंकिता जैन परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधू, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक वीरेंद्र कुमार सुखीजा, शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

### सर्वाधिक शुल्क जमा कराने वाले वार्ड सदस्य होंगे सम्मानित


ग्रामीणों को जानकारी देतीं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी गुरप्रीत कौर।

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत कूड़ा निस्तारण एवं शुल्क जमा करने के संबंध में वार्ड सदस्यों एवं महिला समूहों की बैठक प्रधान चंद्रकला विशन कोरंगा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी गुरप्रीत कौर ने ग्रामीणों को आगामी एक जून से घर-घर कूड़ा कलेक्शन प्रक्रिया को शत प्रतिशत लागू करने तथा सर्वाधिक कूड़ा कलेक्शन शुल्क जमा करने वाले वार्ड सदस्यों को ग्राम सभा की खुली बैठकों में सम्मानित करने की बात कही। आगामी एक जून से ग्राम सभा के प्रत्येक घर तक कूड़ा कलेक्शन वाहन पहुंचेगा। जो घरों से कूड़ा कलेक्शन करने के साथ ही 50 रूपये प्रति माह के हिसाब से शुल्क भी जमा करेंगे। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, महिला समूह की अध्यक्ष कविता तिवारी, मंजू राणा, रेखा जोशी, चंद्रा देवी, पूजा कोरंगा, मंजू खेलिया, भावना कोरंगा, गीता मटियानी, किरन बिष्ट, भागी देवी, नन्दी देवी, बसंती अधिकारी, विमला देवी, हंसी मटियानी, तुलसी रौतेला आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



काशीपुर रेलवे स्टेशन पर प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक करते बच्चे।

**काशीपुर :** इज्जतनगर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर मिशन लाइफ के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता जागरुकता अभियान 3 मई से 5 जून तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को ईएनएचएम विभाग, इज्ततनगर के तत्वावधान में काशीपुर रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य इकाई कर्मी, स्कूली बच्चों तथा रेल कर्मियों के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### होली एंजिल स्कूल में छात्रों को दी यातायात की जानकारी

**काशीपुर :** खरमासा स्थित होली एंजिल पब्लिक स्कूल में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमल पांडे और उनके सहयोगी प्रदीप रौथाण ने छात्रों को सड़क एवं यातायात से संबंधित नियमों की जानकारी दी। ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सड़क एवं यातायात से संबंधित कई अधिकार रखता है। उन्होंने बच्चों को वाहन चलाने की सही उम्र और कई नियम बताए।


खटीमा के झनकईया में उपनिरीक्षक मनोज देव को ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता।

### आए दिन नदी में डूबने की घटनाओं पर लगे अंकुश

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन भेजकर क्षेत्र में बहने वाले नदी, नालों में नहाते समय डूबने की आए दिन होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। यह भी कहा कि ऐसे स्थानों को चिन्हित कर नहाने आने वाले युवाओं पर सख्ती बरतने की भी मांग की। भाजपा झनकट मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीओ को संबोधित ज्ञापन थाना झनकईया पहुंचकर उपनिरीक्षक मनोज देव को सौंपा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बहने वाली नदियों में पिछले दिनों दो घटनाओं में दो युवकों की डूब कर मौत हो गई है। जो बेहद चिंताजनक है। ज्ञापन देने वालों मे भाजपा मंत्री किशोर जोशी, भुवन जोशी, किशन सिंह मेहरा, महामंत्री महेश राणा, राजेंद्र बिष्ट, मनोज खड़ायत, गोकुल ओली, प्रकाश शर्मा, हरेंद्र राणा, कुंदन कन्याल, लक्ष्मण सिंह बिष्ट आदि थे। इधर पुलिस ने तत्काल करवाई करते हुए लोहियाहेड के पतली पुलिया और सूखी नहर में नहाने आए युवाओं को खदेड़ा।

### मारपीट के फरार आरोपी को तमंचे एवं कारतूस संग धरा

**किच्छा :** कोतवाली पुलिस की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे मारपीट के आरोपी युवक को अवैध तमंचे एवं एक कारतूस के साथ दबोच लिया। उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी रोशन खेड़ा एवं संजय कुमार की टीम फरार आरोपियों की देर शाम तलाश करते हुए गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि मारपीट के दर्ज मुकदमे में फरार मोनू खान नाम का आरोपी कोतवाली अंतर्गत एक ढाबे में बैठा है। सूचना के बाद ढाबे पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर ग्राम खमरिया रोड, चौकी लालपुर, थाना किच्छा निवासी मोनू खान को दबोच लिया। मोनू खान के कब्जे से 315 बोर का तमंचा तथा एक कारतूस बरामद हुआ।

# रुद्रपुर, काशीपुर और सितारगंज में पेयजल व्यवस्था होगी मजबूत

## वर्ष 2057 की जनसंख्या को आधार मानते हुए बनाई जा रही है डीपीआर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड शहरी निकाय विकास अभिकरण (यूयूएसडीए) की ओर से यूरोपीय इनवेस्टमेंट बैंक से वित्त पोषित रुद्रपुर, काशीपुर और सितारगंज के नगर निकायों की वर्ष 2057 की जनसंख्या को आधार मानते हुए पेयजल प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना (डीपीआर) बनाई जा रही है। इसका प्रस्तुतिकरण जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने किया।

मंगलवार को जिला सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के तहत नगर निकाय का कोई क्षेत्र पेयजल सप्लाई से छूटना नहीं चाहिए। इसलिए संबंधित नगर निकायों व जल संस्थान से पेयजल संयोजनों व वर्तमान पेयजल सप्लाई की स्थिति का डाटा लेकर समाहित किया जाए। ताकि योजना में डुप्लीकेसी न हो, न ही कोई क्षेत्र पेयजल से छूटने पाए।

उन्होंने कहा कि संबंधित निकायों, जल संस्थान व अन्य विभागों से जो भी एनओसी चाहिए उसे तत्काल लिया जाए। इसके लिए उपजिलाधिकारी, एमएनए, ईओ, जल संस्थान के साथ समन्वय बैठक की जाए। ताकि सभी से शीघ्र एनओसी प्राप्त की जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य प्रदेश के निकायों में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए सभी को सुचारू, निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना है। इसलिए कार्यदायी संस्था त्रुटिरहित डाटाबेस तैयार करते हुए योजना बनाएं। ताकि वर्ष 2057 तक सभी को सुचारू पेयजल उपलब्ध हो सके।

**ये लोग रहे मौजूद :** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नगर आयुक्त शिप्रा पांडे, उपायुक्त नगर निगम काशीपुर रोहिताश शर्मा, परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह, युद्धवीर सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान रुद्रपुर ज्योति पालनी, खटीमा अजय कुमार, सहायक अभियंता एलएम पांडे, जितेंद्र त्यागी, केसी बुघानी आदि मौजूद थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

### रुद्रपुर, काशीपुर और सितारगंज में लगाए जाएंगे 65 नए नलकूप

जिलाधिकारी ने बताया कि योजना के तहत नगर निगम रुद्रपुर में 29 नए नलकूप, 11 ओवर हेड टैंकों के साथ ही 542 किमी पेयजल वितरण प्रणाली के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसकी डीपीआर दो फेज में बनाई गई है। प्रथम फेज डीपीआर 289 .93 करोड़ व द्वितीय फेज की डीपीआर 238 .13 करोड़ प्रस्तावित है। योजना में 33116 पेयजल संयोजन देने का लक्ष्य है। इसी प्रकार काशीपुर नगर की पेयजल प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए 27 नए नलकूप व 10 नए ओवर हैड टैंक व 458 किमी . पेयजल लाइन नेटवर्क प्रस्तावित है। इसमें प्रथम फेज में 287 करोड़ व द्वितीय फेज में 194 .88 करोड़ की डीपीआर प्रस्तावित की गयी है। जबकि नगर निकाय सितारगंज की पेयजल योजना को और सुदृढ़ करने के लिए 9 नए नलकूप व 4 ओवर हैड टैंक के साथ ही 135 किमी . पेयजल वितरण प्रणाली की 119 .88 करोड़ की डीपीआर प्रस्तावित की गयी है। जिसमें 8529 परिवारों को पेयजल संयोजन से जोड़ना प्रस्तावित है।

# मतगणना के लिए हर विस की लगेंगी 14-14 टेबल

संवाददाता, रुद्रपुर




**तैयारी**
- पोस्टल बैलेट के लिए लगेंगी 34 टेबल
- पहले पोस्टल बैलट और फिर ईवीएम में पड़े मतों की होगी गणना

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद 4 जून को मतगणना होगी। इसके लिए बगवाड़ा मंडी में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बगवाड़ा मंडी में प्रत्येक विधानसभा की मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसके अलावा पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 34 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

20 अप्रैल को उत्तराखंड में मतदान हुआ था। वहीं ऊधमसिंह नगर में नौ विधानसभाओं में मतदान हुआ। इसमें रुद्रपुर, जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं शामिल हैं। इस दौरान सभी नौ विधानसभाओं में 64.58 फीसदी मतदान हुआ है। इसमें कुल 1337607 में 863884 मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 451109 और महिला मतदाताओं की संख्या 412765 है।

वहीं अब जिला निर्वाचन कार्यालय ने 4 जून को होनी वाली मतगणना के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी नौ विधानसभाओं की मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाई जाएंगी।

पहले 34 टेबल में पोस्टल बैलेटों की गणना की जाएगी। इसके बाद ईवीएम में बंद वोटों की गणना की जाएगी। मतगणना के लिए प्रत्येक टेबल में तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसमें माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार मतगणना दो बजे तक पूर्ण हो जाएगी। इसके बाद देर शाम तक सभी जीते हुए प्रत्याशियों को रिटर्निंग ऑफिसर प्रमाण पत्र देंगे।

**बोले अधिकारी**

4 जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसके अलावा 34 टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए लगाई जाएंगी। पहले पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी। इसके बाद ईवीएम में बंद मतों की गणना होगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। -**विजय तिवारी**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

# मछली पकड़ रहे ग्रामीण पर भालू ने किया हमला

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर नजीमाबाद स्थित धौराडैम में मछली पकड़ रहे एक स्थानीय ग्रामीण पर झाड़ियों में छिपे जंगली भालू ने हमला कर दिया। इससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया।

मंगलवार सुबह करीब पांच बजे सूर्यनगर नजीमाबाद निवासी स्थानीय ग्रामीण 75 वर्षीय मुकुंद पुत्र कार्तिक धौराडैम जलाशय में मछली पकड़ने गया था। इस दौरान वहां पास की झाड़ियों में छिपे बैठे जंगली भालू ने अचानक मुकुंद पर हमला कर दिया। मुकुंद के चिल्लाने की आवाजें सुन उसके दूसरे सभी साथी उसकी ओर दौड़ पड़े। साथियों के काफी हो हल्ला करने पर भालू वहां से भाग गया।


सितारगंज अस्पताल में भर्ती घायल।

लेकिन भालू के हमले में मुकुंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय ग्रामीणों व प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी तथा डॉली रेंज के फॉरेस्ट गार्ड कैलाश भाकुनी ने उपचार के लिए सितारगंज हॉस्पिटल भेज दिया है। जहां देर शाम समाचार लिखे जाने तक घायल मुकंद का उपचार चल रहा था। वहीं नज़ीमाबाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी ने वन विभाग से पीड़ित को उचित आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

# विक्षिप्त से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**जसपुर:** ग्रामीणों ने विक्षिप्त युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। नगीना (बिजनौर) निवासी एक 32 वर्षीय युवती घूमती हुई जसपुर पहुंच गई। महिला को घूमता देख थाना कुंडा के ग्राम लालपुर निवासी अनुज कुमार उसे बहला-फुसला कर विगत दिवस दोपहर में जसपुर कोतवाली अंतर्गत ग्राम कलियावाला स्थित खेत में ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान कुछ दूरी पर खेत में कार्य कर रहे लोगों ने महिला के साथ दुष्कर्म करते हुए युवक को पकड़ लिया तथा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने ग्राम गांगूवाला निवासी मनोज कुमार की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। वहीं पुलिस की सूचना पर विक्षिप्त महिला के परिजन उसे अपने साथ ले गए।

# जंगल से क्षत-विक्षत शव बरामद

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उत्तरी बनबसा कंपार्टमेंट संख्या आठ से एक वृद्ध का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। जिसका न केवल सिर बल्कि शरीर के कई अंग अलग-अलग और क्षतिग्रस्त हैं। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बाघ के देखे जाने की चर्चाओं और पदचिह्न मिलने से वृद्ध पर बाघ के हमले की आशंका जताई जा रही है। अलबत्ता वन विभाग पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है।


रेशी राणा।

बूढ़ा बाग निवासी राम रेशी राणा (70) पुत्र तनई सिंह पिछले चार दिनों से लापता था। उसका मंगलवार को सुबह उत्तरी बनबसा कंपार्टमेंट संख्या आठ से शव बरामद हुआ है। बरामद शव का धड़ और सिर अलग-अलग पाए गए हैं। वहीं शरीर के कई अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त और अलग-अलग पाए गए। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी एमसी जोशी और पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। शव कई दिन पुराना होने के कारण सड़ गल गया था। वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया। जहां बाघ के पद चिह्न पाए गए। इस संबंध में पूछने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने कहा कि शव इतना गल गया है कि बिना पोस्टमार्टम के नहीं बताया जा सकता है की जंगली जानवर अथवा बाघ ने मारा है। ग्रामीणों ने वृद्ध को बाघ द्वारा मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। उनका कहना है कि पिछले कई दिनों से बाघ देखा जा रहा था लेकिन वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इधर सूचना के बाद से ही मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के दो पुत्र तोले सिंह राणा और भोले सिंह राणा हैं।

**फॉरेंसिक जांच के लिए शव हल्द्वानी भेजा**

**खटीमा :** मृतक वृद्ध राम रेशी राणा के पोस्टमार्टम करने वाले डॉ. अब्बास ने बताया कि शव काफी सड़ गल गया है और सभी अंग अलग-अलग हैं। ऐसी स्थिति में पोस्टमार्टम संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच फॉरेंसिक टीम द्वारा ही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शव को फॉरेंसिक जांच के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी भेजा जा रहा है।

**दुखद**
- वृद्ध पर बाघ के हमले की आशंका, क्षेत्र में कई दिनों से बाघ के देखे जाने की है चर्चा

# अप्रेंटिसशिप में किए सुधारों की जानकारी दी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** केजीसीसीआई की ओर से प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के साथ मंगलवार को चैंबर भवन में आयोजित सेमिनार में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम 2.0 में किए गए सुधारों की जानकारी दी गई।

कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कामर्स (केजीसीसीई) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार गोयल ने कहा कि यह भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन संचालित योजना है। कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय का उद्देश्य कौशल विकास के इस तरह के स्थायी मॉडल के माध्यम से युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है।

केजीसीसीआई के सिडकुल, पंतनगर के जोनल चेयरमैन अनूप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्रमोशन स्कीम उद्योगों के लिए अच्छी स्कीम है। इससे उद्योग एवं छात्र दोनों का ही फायदा है।

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तराखंड के संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल ने बताया कि अभी हाल ही में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) कार्यक्रम का एक हिस्सा होगी। जो सभी प्रशिक्षुओं को सीधे तौर पर सरकारी सहायता प्रदान करेगी। इससे पहले कंपनियां प्रशिक्षुओं को पूरी राशि का भुगतान करती थीं और फिर सरकार से उसके लिए प्रतिपूर्ति की मांग करती थीं। अब सरकार डीबीटी योजना के शुभारंभ के साथ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के माध्यम से प्रशिक्षुओं के बैंक खातों में पैसा सीधे स्थानांतरित कर देगी।



काशीपुर में आयोजित सेमिनार में मौजूद वक्ता। ● अमृत विचार


प्रशिक्षण के बाद लैब अधिकारियों के साथ न्यायाधीश। ● अमृत विचार

# फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**आयोजन**
- अपर जिला जजों ने सीखीं साक्ष्यों की बारीकियां
- लैब के संयुक्त निदेशक ने दी जानकारी

**अमृत विचार:** आपराधिक प्रकरणों में न्याय प्रक्रिया को बेहतर बनाने के उद्देश्य से भवाली की उजाला एकेडमी का फॉरेंसिक साइंस लैब कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। इसमें अपर न्यायाधीशों द्वारा आधुनिक तकनीक की बारीकियों को समझा और अपनी जिज्ञासाओं के सवाल पूछे।

मंगलवार को उजाला एकेडमी भवाली के संयुक्त निदेशक मोहम्मद यूसुफ के नेतृत्व में अपर जिला जजों का एक दल फॉरेंसिक लैब पहुंचा। जहां लैब के संयुक्त निदेशक डॉ. दयाल शरण ने आधुनिक तकनीक से सबूतों को एकत्रित करने का तरीका समझाया। बताया कि आपराधिक मामलों में सही निर्णय के लिए फॉरेंसिक साइंस की अहम भूमिका होती है। आपराधिक न्याय के लिए आधुनिक साक्ष्य के माध्यम से दंड देने का निर्णय आसान हो जाता है और अपराधी को सजा मिलती है।

इस दौरान वैज्ञानिक अधिकारी हेमंत होलकर ने नारकोटिक्स, विस्फोटक व टोक्सिटोलॉजी की जानकारी दी। वहीं एसीएमओ डॉ. सुरेश कटारिया ने पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक मेडिकल, निरीक्षक संजय जोशी ने घटनास्थल से एविडेंस जुटाने, क्राइम सीन और साक्ष्य जुटाने, फॉरेंसिक में इसका क्या महत्व है की जानकारी दी। इस मौके पर अपर जिला जज संगीता आर्या, अपर जिला जज मदन राव, अपर जिला जज अजय ढुंगरकोटी, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक के साथ तीन युवक गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस की टीम ने दो दिन पूर्व चोरी हुई बाइक को बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि कोतवाली अंतर्गत ग्राम छिनकी निवासी इमरान अली ने विगत दिवस सूचना दर्ज कराई थी कि 19 मई की शाम करीब 7 बजे वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूके 06 ए के 2177 से ग्राम दरऊ बाजार में खरीदारी करने गया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक को लॉक लगाकर खड़ा कर दिया और सामान खरीदने चला गया। कुछ देर बाद जब वह लौटा तो बाइक गायब थी।

बताया कि दरऊ चौकी प्रभारी दीवान सिंह के नेतृत्व में आजाद नगर मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने खुद को ग्राम मजरा मढैया, दरऊ, कोतवाली किच्छा निवासी मोईन, वार्ड नंबर 6, डूंगरपुर, थाना शेरगढ़, जिला बरेली, यूपी निवासीगण अरसील अहमद एवं अरमान अहमद बताया।


खटीमा में शिविर के शुभारंभ अवसर पर योग करते लोग।

### 'आओ हम सब योग करें' कार्यक्रम का शुभारंभ

**खटीमा :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विभाग के तत्वावधान में "आओ हम सब योग करें" अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर एक माह का निशुल्क योग शिविर 21 मई से 21 जून तक चलाए जा रहे हैं। हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय का योग विभाग भी इसी अभियान से जुड़ा हुआ है। महाविद्यालय परिसर में " आओ हम सब योग करें " अभियान का उद्घाटन किया गया। अभियान के तहत महाविद्यालय के योग विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गांव-मोहल्ले में योग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें खटीमा, टनकपुर, बनबसा, सितारगंज, पीलीभीत के कई गांव में योग शिविर चलाए जाएंगे। अभियान के संयोजक नोडल अधिकारी डॉ. नवीन भट्ट ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस अभियान से जुड़कर योग जीवनशैली को अपनाने की अपील की।

## एक नजर

### बार एसोसिशन का शपथ ग्रहण समारोह आज

**सितारगंज :** बार एसोसिएशन सितारगंज का शपथ ग्रहण समारोह 22 मई को अपराह्न तीन बजे महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट में होगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दयानंद सिंह ने इसकी जानकारी दी।

### अवैध शराब के धंधे में लिप्त एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** आईटीआई थाना पुलिस ने खड़कपुर में श्मशान घाट के पास कच्ची शराब बेचते बड़ी बरखेड़ी निवासी जसवंत सिंह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 128 पाउच करीब 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपी का पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया है। टीम में उपनिरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल सुरेंद्र कंबोज आदि शामिल रहे।

### बाजपुर में जेब से नगदी व मोबाइल चोरी

**बाजपुर :** नगरपालिका के वार्ड नंबर-13 न्यू आलापुर बाजपुर निवासी सतपाल सिंह पुत्र अतर चंद ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह 20 मई को अपने प्रतिष्ठान सेठी राड़ी संसार स्वार से बाजपुर आया और सोमवार को नगर में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में सब्जी खरीदने के लिए रुक गया। आरोप है कि इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने जेब में रखा मोबाइल गायब कर दिया, जिसकी काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं पीड़ित ने मोबाइल के साथ ही कुछ पैसे भी गायब होने की बात कही है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। बाजार में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा जा रहा है।

### सेमिनार में दुर्घटना व ट्रैफिक जाम पर हुई चर्चा

बाजपुर। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन टीचर लर्निंग सेंटर बाजपुर में कुछ उत्साही युवाओं के साथ सेमिनार किया गया। इस सेमिनार में युवाओं ने बाजपुर की तमाम चुनौतियों पर चर्चा की। इसमें लेवड़ा नदी द्वारा जल भराव से बाढ़ आना, युवाओं में नशा की लत, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र एवं ट्रैफिक जाम, सरकारी स्कूलों में घटता नामांकन, बाजपुर की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था आदि विषय शामिल रहे। सेमिनार में विश्वेश पांडेय, प्रतीक द्विवेदी, सुयश पांडेय, विशाल आदि ने प्रतिभाग किया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के डॉ. विजय पांडेय, अमित ने कहा कि यहां पर युवाओं के लिए लाइब्रेरी और करियर से जुड़े मुद्दों पर सामग्री और बातचीत के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### पति ने पत्नी पर लगाया मारपीट का आरोप

**बाजपुर :** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व बच्चों पर उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगरीय क्षेत्र में रामराज रोड नहर के पास निवासरत एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी, तीन पुत्र व तीन पुत्रियां बिना वजह उसके साथ मिलकर आएदिन गाली-गलौज व मारपीट कर रहे हैं। सोमवार को भी दोपहर बाद करीब एक बजे एक पुत्र ने गाली-गलौज की व लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं बाद में लाठी-डंडे से उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। आरोपितों ने उसके बुढ़ापे का सहारा बनी साइकिल को भी बेच दिया है। दिहाड़ी-मजदूरी करके कमाए गए पैसे भी छीन लिए हैं तथा उसे घर से निकाल दिया है। उसने पुलिस से पत्नी के बच्चों के खिलाफ शिकायत की है। उसने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# औद्योगिक क्षेत्र में खड़े ट्रकों से डीजल चुराने वाले गैंग का पर्दाफाश

## लग्जरी कार व तमंचा-चाकू भी बरामद, फरार दो आरोपियों की तलाश, यूपी ले जाकर बेच देते थे डीजल, पुलिस ने चोरी के आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया

खुलासा

**02** आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस टीम ने सौ लीटर डीजल भी बरामद किया

**20** मई को सूचना मिली कि कार सवार बदमाश पुनःघटना को अंजाम देने की फिराक में है

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** औद्योगिक आस्थानों में खड़े होने वाले ट्रकों से डीजल चुराने वाले गैंग का सिडकुल पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने जहां दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सौ लीटर डीजल बरामद किया है। वहीं आरोपियों के कब्जे से लग्जरी कार व तमंचा-चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जबकि दो फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

मंगलवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके और एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि 20 मई को संजीव मुंजाल ने तहरीर देकर बताया था कि 12 मई को गाड़ी संख्या एनएन- 01एजी-1694 माल लोड करने के लिए पंतनगर स्थित सिडकुल गया था और चालक ने ट्रक को कंपनी गेट के सामने खड़ा कर सो गया। बताया कि 13 मई की रात्रि ढाई बजे डस्टर कार संख्या यूके-07 एमएस-9699 पर सवार बदमाशों ने गाड़ी की टंकी तोड़कर 400 लीटर डीजल चोरी कर लिया।

मामले की तहरीर आने के बाद तत्काल पंतनगर थानाध्यक्ष राजेंद्र डांगी और सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाई गई और 20 मई को सूचना मिली कि कार सवार बदमाश पुनःघटना को अंजाम देने की फिराक में है। जिस पर पुलिस ने रुद्रपुर ब्लॉक रोड पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान कार में सवार बदमाश पुलिस को देखकर गाड़ी मोड़ने लगे तो पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवारों को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बिशारत नगर बिलासपुर यूपी निवासी जितेंद्र सिंह और नूर मोहम्मद बताया। उन्होंने बताया कि वह अपने साथी सर्वजोत सिंह उर्फ साबा व गुरजोत सिंह निवासी बिलासपुर यूपी के साथ मिलकर डीजल चोरी की घटना को अंजाम देते हैं और डीजल चुराने के बाद यूपी ट्रांसपोर्ट ले जाकर बेच देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया सौ लीटर डीजल व 315 बोर का तमंचा व धारदार चाकू बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



डीजल चोरी गैंग के साथ खुलासा करते एसपी क्राइम व एसपी सिटी। ● अमृत विचार

## लग्जरी गाड़ियों का शौक रखता है गैंग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सिडकुल पुलिस द्वारा डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश करने के बाद एक बात सामने आई कि गिरोह का प्रत्येक सदस्य लग्जरी गाड़ियों से वारदात को अंजाम देने का शौक रखता है। इसका कारण यह भी है कि लग्जरी गाड़ियों का प्रयोग करने से लोग संदेह नहीं करते हैं। इसी कारण कई बार सिडकुल ट्रांसपोर्ट इलाके में डस्टर घूमने के बाद भी बदमाशों पर संदेह नहीं हुआ।

एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि जब ट्रांसपोर्टर संजीव मुंजाल ने ट्रक से 400 लीटर डीजल चोरी होने की सूचना दी उस समय पुलिस को इस बात का एहसास नहीं हुआ कि डीजल चुराने वाला गिरोह लग्जरी गाड़ियों से डीजल लूट कांड को अंजाम देता होगा। जब घटनास्थल सिडकुल इलाके के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया तो पाया कि इलाके में ट्रक खड़ा होने वाली जगह पर डस्टर, स्कॉर्पियो और एक लग्जरी कार कई बार संदिग्ध अवस्था में आवाजाही कर रही है। इसका खुलासा गैंग की गिरफ्तारी के बाद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए गिरोह के सरगना जितेंद्र सिंह ने बताया कि स्कॉर्पियो व कार गिरोह के साथियों की है। गिरोह के लोग लग्जरी गाड़ियों का प्रयोग करना पसंद करते हैं। सभी गाड़ियां किसी परिचित की होती हैं या फिर चोरी की। लग्जरी कार से डीजल लूट कांड को अंजाम देने के बाद कोई भी व्यक्ति संदेह नहीं करता है और आसानी से डीजल को यूपी सप्लाई कर दिया जाता है।




बरामद डस्टर कार।

### चालक की खुली नींद तो डराते थे आरोपी

**रुद्रपुर :** औद्योगिक आस्थानों में ट्रकों से डीजल चोरी की वारदात को अंजाम अक्सर गिरोह देर रात्रि को देता था। इसका कारण यह है कि अक्सर चालक सो जाते थे और यदि डीजल लूट कांड के दौरान कोई चालक उठ जाता था तो गैंग तमंचा और चाकू दिखाकर चालक को बंधक बना लेते थे। बिलासपुर यूपी में आरोपी जितेंद्र सिंह ने तमंचा दिखाकर चालक को डरा धमकाकर डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है।

### बिलासपुर थाने में दर्ज है 302 का मुकदमा

**रुद्रपुर :** सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद यह पता चला है कि गैंग का सरगना जितेंद्र सिंह ही है और वर्ष 2017 में आरोपी पर बिलासपुर थाने में हत्या सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। इसमें आरोपी जेल भी गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी ने अपने गिरोह सक्रिय किया और रुद्रपुर सिडकुल इलाके में आकर रेकी करने लगा था। यूपी पुलिस से संपर्क कर गैंग की घटनाओं का विवरण मांगा गया है।

# 40 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर किया गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- रंपुरा बस्ती के एक आरोपी की सरगर्मी से तलाश
- पुड़िया बनाकर युवाओं को करता था सप्लाई

**अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने पुड़िया बना कर स्मैक बेचने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से स्मैक की खेप भी बरामद की है। बरामद स्मैक की बाजार में कीमत लाखों में आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मंगलवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके व एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि काफी समय से रंपुरा और कोतवाली पुलिस को वार्डों में स्मैक तस्करी होने की शिकायतें मिल रही थी। बताया कि सोमवार की शाम को कोतवाल धीरेंद्र कुमार और रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी इलाके में रात्रि गश्त कर रहे थे कि तभी एक युवक पुलिस को देखकर बस्ती की गलियों में भागने की कोशिश करने लगा। इस पर टीम ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनोज उर्फ टाकुली निवासी वार्ड-23 रंपुरा बस्ती बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद की। इसकी बाजार में कीमत डेढ़ लाख के करीब है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक बस्ती के रहने वाले अजय कोली नाम के युवक से लाता है और वहीं इलाके में स्मैक की आपूर्ति करता है।

## जगतपुर के जंगल में शव बरामद

**काशीपुरः** कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र स्थित जंगल में एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक पिछले 8-9 दिन से घर से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंगलवार की दोपहर जगतपुर के ग्राम प्रधान पति रिंकू ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को सूचना देकर बताया कि जगतपुर के जंगल में एक युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा है। सूचना के बाद एसआई संतोष देवरानी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान शव की शिनाख्त जगतपुर निवासी 29 वर्षीय गब्बर सिंह के रूप में हुई। मृतक पिछले 8-9 दिन से लापता था। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल एके सिंह ने बताया कि मृतक अक्सर जंगल की ओर ही दिखाई देता था।

# डंपर से टकराई कार, छह घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** देहरादून से वापस लौट रहे लखनऊ के पर्यटकों की कार नेशनल हाइवे-74 पर अनियंत्रित होकर पीछे से डंपर में जा घुसी। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार एक बच्चा सहित सात महिला-पुरुष घायल हो गए जिन्हें उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चालक को नींद की झपकी आने की वजह से घटना होने की बात कही जा रही है।

मंगलवार की प्रातःकाल करीब 6 बजे पुलिस चौकी दोराहा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर पटना फार्म के नजदीक हुआ। बताया गया कि लखनऊ के पर्यटकों की अर्टिका कार संख्या (एचआर64/ए0735) पीछे से कार के आगे जा रहे डंपर में जा घुसी। हादसे में कार का अलगा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कवाई लखनऊ उप्र निवासी त्रिपाली श्रीवास्तव (23) पुत्री इंद्रेश श्रीवास्तव, गमती लखनऊ उप्र निवासी सन्नी कुमार (22) पुत्र दामोदर सिंह, वृंदावन मथुरा उप्र निवासी अनुभव सेठ (23) पुत्र धर्मेंद्र सेठ, कमता लखनऊ उप्र निवासी इशिता गुप्ता (22) पुत्री कपिल गुप्ता, गार्गी पांडेय (22) पुत्री सूर्यकांत पांडेय व कार चालक मोहाली सूरत थाना बनूर जिला भवाली चंडीगढ़ निवासी हरविंदर सिंह (25) तथा एक छोटा बच्चा घायल हो गया। इनमें से पांच घायलों को 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया गया कि घायल पर्यटक लखनऊ स्थित एक कॉलेज के छात्र हैं और वह देहरादून आदि घूमने उत्तराखंड आए थे। यहां से मंगलवार की प्रातः लौट रहे थे।



बाजपुर के नेशनल हाइवे-74 पर पर्यटकों को क्षतिग्रस्त कार।





सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल पर्यटक।

## चालक से मारपीट में आरोपी नामजद

**पंतनगरः** जगतपुरा वार्ड नं-39 रुद्रपुर निवासी ऋषिपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एक ऑटो रिक्शा चालक है, जो सिडकुल से रुद्रपुर के बीच ऑटो चलाता है।

बीती 28 अप्रैल की रात लगभग सात बजे वह अपने ऑटो में सवारियों को सिडकुल से रुद्रपुर ला रहा था। इसी बीच रास्ते में एक अन्य ऑटो चालक गोल मडहईया राजा कालोनी वार्ड नं-10 रुद्रपुर निवासी राजबाबू ने शराब के नशे में उसे रोककर उसके साथ झगड़ा व हाथापाई करने लगा। साथ ही गालियों देते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच उसने अपने ऑटो में रखी लोहे की रॉड से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# वीजा के नाम पर साढ़े 12 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता, काशीपुर

कार्रवाई

- एसएसपी के निर्देश पर आईटीआई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

**अमृत विचारः** विदेश में वर्क वीजा लगाने के नाम पर 12 लाख से अधिक की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। मामले में आईटीआई पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

एसएसपी को भेजे पत्र में शक्तिफार्म बस्गर सितारंगज निवासी जसपाल ने बताया कि उसके वर्क वीजा के लिए नगद व विभिन्न माध्यमों से बैरिया दौलत बाजपुर निवासी आकाश सिंह वाजवा को 10 फरवरी से 29 मार्च 2023 तक 1249500 रुपये दिये थे। वर्क वीजा के लिए उसे प्रवरजोत सिंह निवासी बरहैनी, बाजपुर ने उसकी बात कराई थी। इस दौरान आकाश सिंह वाजवा से वर्क वीजा के लिए बात हुई तो उसने कोई भी वर्क वीजा नहीं लगाया। बीती 27 मार्च 2023 को आकाश वाजवा ने बोला कि तुम काशीपुर आ जाओ और 28 मार्च 2023 को दिल्ली से तुम्हारी फ्लाइट है, जब वह उसके पास पहुंचा तो उसने बोला कि तुम्हारी फ्लाइट कैंसिल हो गई है। फिर आकाश वाजवा ने बोला कि तुम्हारी टिकट 5 अप्रैल 2023 की करा दी है, जब उससे वीजा मांगा तो उसने वीजा नहीं दिया और कहा कि तुम्हारा वर्क वीजा मैं यही से लगा देता हूं। उसके बाद वह टहलाते रहा और बाद 23 मई 2023 को वीजा देकर 28 मई 2023 की टिकट करा दी, दिल्ली से सिंगापुर और सिंगापुर से न्यूजीलैंड की तथा इससे संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं दिए गए। जब वह दिल्ली से सिंगापुर गया तो वहां पर इमिग्रेशन वालों ने एयरपोर्ट पर पकड़कर उसे वापस दिल्ली भेज दिया।

इस दौरान जब कॉल के माध्यम से आकाश सिंह वाजवा से संपर्क किया तो उसने यूरोप भेजने की बात कहते हुए गुमराह कर रहा है। साथ ही धमकी दी कि यदि पैसे के संबंध में फोन किया तो तुझे पुलिस से बंद कराके जेल भेज दूंगा। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी सारी भूमि बेचकर विदेश जाने के लिए आकाश सिंह वाजवा को दे दी। इससे उसके घर की हालत बहुत खराब है। वहीं आरोपी आए दिन गुमराह कर मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। एसएसपी के निर्देश पर आईटीआई थाना पुलिस ने धारा 420, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कोतवाली अंतर्गत लालपुर क्षेत्र में दो दिन पहले युवकों के साथ मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना में घायल युवकों का हल्द्वानी स्थित चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

पुलिस को दी शिकायत में कोतवाली अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी अलाउद्दीन ने कहा कि विगत 18 मई की रात्रि करीब 9 बजे ग्राम लालपुर निवासी साहिल, इशाक अहमद एवं अनुज कुमार आदि ने उसके पुत्र नईम एवं भतीजे राजा को ग्राम रामेश्वरपुर रोड पर घेर लिया था। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने डंडे एवं बेल्ट से नईम एवं राजा के साथ बुरी तरह मारपीट की। बताया कि तमाम लोगों द्वारा बीच बचाव किए जाने के बाद जब दोनों लोग घर की तरफ लौट रहे थे तो आरोपियों ने पीछा करते हुए फिर से मारपीट की। जब नईम का भाई फहीम बीच बचाव को पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी बुरी तरह मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट का पूरा वीडियो घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। गंभीर अवस्था में घायलों को किच्छा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के बाद दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में हल्द्वानी रेफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी बदमाश किस्म के लोग हैं और आए दिन झगड़ा करते हैं। इसके चलते आरोपियों से परिवार को खतरा बना हुआ है।

# एएलसी की तहरीर पर स्थायी अनुसेवक पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

शिकंजा

- निलंबन की संस्तुति के लिए तैयार हुई रिपोर्ट
- पुलिस ने शुरू की मारपीट प्रकरण की जांच

**अमृत विचारः** 17 मई को एएलसी कार्यालय में नशे की हालत में श्रम प्रवर्तन अधिकारी से हाथापाई और विभागीय कर्मचारियों से अभद्रता करने वाले स्थायी अनुसेवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने एएलसी की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी है, जबकि विभाग ने अनुसेवक के निलंबन की संस्तुति की लिए पत्राचार करना शुरू कर दिया है। ऐसे में माना जा सकता है कि पुलिसिया कार्रवाई के बाद अब आरोपी अनुसेवक को विभागीय कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है।

सहायक श्रमायुक्त दीपक कुमार ने बताया कि 17 मई को कार्यालय में तैनात स्थायी अनुसेवक महेश चंद्र नैनवाल शराब के नशे में धुत्त होकर आया और कार्यालय कार्मिक पीयूष आर्या और बाजपुर के श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन बैलवाल के अलावा महिला कर्मियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। आरोप यह भी है कि अनुसेवक ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से हाथापाई कर कपड़े फाड दिए और उनके वाहन को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। जब रोकने का प्रयास किया तो वहां मौजूद फरियादियों से बदसलूकी की। बताया कि पूरा घटनाक्रम कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया।

सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उस का मेडिकल परीक्षण करवाया तो अत्याधिक शराब पीने की पुष्टि भी हो चुकी है। जिस पर पुलिस ने सहायक श्रमायुक्त दीपक कुमार की तहरीर पर आरोपी अनुसेवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। उधर, एएलसी दीपक कुमार ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत होने के बाद एफआईआर की कॉपी और विभागीय जांच रिपोर्ट को तैयार कर लिया है। इसके बाद अनुसेवक के निलंबन की संस्तुति के लिए विभाग को पत्राचार किया जा चुका है।

## टी स्टॉल स्वामी नंदन सिंह रावत का निधन

**दिनेशपुर, अमृत विचारः** नगर में रावत टी स्टॉल के स्वामी नंदन सिंह रावत (60) निवासी वार्ड-चार दिनेशपुर, मूलनिवासी सल्ट अल्मोड़ा का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार की प्रातः 11 बजे लघुशंका के लिए दुकान के सामने झाड़ियों में गए थे। काफी समय बाद उन्हें दुकान पर न पाकर आसपास के दुकानदारों ने उनकी काफी खोजबीन के बाद वह अचेत अवस्था में मिले। पुलिस को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक प्रदीप भट्ट ने शव को कब्जे पर लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह अपने पीछे पत्नी व दो पुत्रों को छोड़ गए।



नंदन सिंह रावत।

# दो फैक्ट्रियों के पास कबाड़ और झाड़ियों में लगी आग

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचारः** काशीपुर-मुरादाबाद रोड स्थित एक फैक्ट्री के खाली प्लॉट में पड़े कबाड़ में आग लग गई। उधर, मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे सिवान्ता स्पुनटेक्स फैक्ट्री के पास झाड़ियों में आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर आग पर काबू पाया।

मंगलवार शाम करीब 4 बजे फायर ब्रिगेड जसपुर को काशीपुर-मुरादाबाद रोड पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी जसपुर श्याम बहादुर थापा के नेतृत्व में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पहुंची। आग डायमंड इंटरप्राइजेज फैक्ट्री के खाली पड़े प्लॉट में कबाड़ व पास की झाड़ियों में लगी थी। फायर यूनिट ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। आग को बेकाबू होते देख घटनास्थल पर सिद्धार्थ पेपर मिल से दो फायर यूनिट तथा नैनी पेपर मिल से एक फायर यूनिट को घटनास्थल पर बुलाया गया। फायर स्टेशन काशीपुर से भी एक फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। सभी फायर यूनिटों ने आग पर लगातार पंपिंग की गई तब कहीं जाकर आग को फैलने से रोका जा सका। घटनास्थल पर कार्यरत फायर यूनिट एफएसओ श्याम बहादुर थापा, चालक अमरीश कुमार, जीवन चन्द्र, बालम सिंह, बिजेन्द्र सिंह, दलबीर सिंह, सागर सिंह आदि शामिल रहे।




काशीपुर- मुरादाबाद रोड पर फैक्ट्री के कबाड़ में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

## सड़क दुर्घटना में घायल ने तोड़ा दम

**सितारगंजः** गांव साधुनगर में मंगलवार को एक कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मंगलवार की सुबह गांव साधुनगर निवासी 28 वर्षीय राहुल सिंह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने गया था। वापस लौटते वक्त अचानक गली से निकली अज्ञात कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राहुल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। राहुल सितारगंज के औद्योगिक पार्क की फैक्ट्री में काम करता था। वर्ष 2018 में उसकी शादी हुई। युवक की पांच वर्ष की बेटी व एक वर्ष का बेटा है। राहुल की मौत से घर में कोहराम मचा है।

## सार-संक्षेप



कार्बेट पार्क में मस्ती करते समर स्टडी स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

### समर स्टडी हॉल के बच्चों ने कार्बेट वाटर पार्क में की मस्ती

**काशीपुर :** समर स्टडी हॉल स्कूल की अध्यक्षा मुक्ता सिंह, स्कूल सचिव अनुराग कुमार सिंह एवं स्कूल प्रधनाचार्य अनुज भाटिया के सहयोग से विद्यालय के कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं को समर वेकेशन पार्टी के दौरान कार्बेट वाटर पार्क का भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों ने वाटर पार्क सहित विभिन्न प्रकार के स्लाइड, फूड प्लाजा आदि का लुत्फ उठाया। इस दौरान बच्चों ने मिलकर खूब मस्ती की। छात्र-छात्राओं ने स्वीमिंग पूल का भी आनंद उठाया। इस दौरान प्रधनाचार्य अनुज भाटिया, मनु अग्रवाल, आयुशी मित्तल, दीपेन्द्र बिष्ट, सुमित बिष्ट आदि मौजूद रहे।



खटीमा के पूर्णागिरि लॉ कालेज झनकट में लगे विधिक शिविर में अतिथि व अन्य।

### पूर्णागिरि लॉ कॉलेज में लगा विधिक शिविर

**खटीमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पूर्णागिरि लॉ कॉलेज झनकट में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य पूनम सिंह की अध्यक्षता में कॉलेज परिसर में आयोजित शिविर में प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक ने साइबर क्राइम, नशामुक्ति एवं सांसद द्वारा प्रदान की गई कानूनी सहायताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नैनीताल द्वारा प्रदान की गई कानूनी सेवाएं ऑनलाइन जरूरतमंद लोगों तक कैसे पहुंचे इस संबंध में लोगों को जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता एम इलियास सिद्दीकी ने बच्चों को लीगल एक्ट क्लीनिक के बारे में बताया। बाद में सचिव पाठक ने पूर्णागिरी लॉ कॉलेज में लीगल एंड क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता शहाना बेगम, स्नेह प्रभा, चंचल सिंह, बृजेश शर्मा, एवं पीएलवी कमला गोस्वामी, भगवती राणा, पिंकी राणा, लाल सिंह, ठग्गो देवी, गीता शर्मा आदि उपस्थित थे।



वीएलसीसी इंस्टीट्यूट रुद्रपुर में जानकारी प्राप्त करतीं छात्राएं।

### छात्राओं ने ब्यूटी इंडस्ट्री में कॅरियर के बारे में जाना

**शक्तिफार्म :** आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म की ट्रेड ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को स्कूल ऑफ ब्यूटी रुद्रपुर का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान स्वरोजगार के महत्व एवं ब्यूटी इंडस्ट्री में कॅरियर की जानकारी दी गई। आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में संचालित ट्रेड ब्यूटी एंड वेलनेस में पंजीकृत 12वीं की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा अग्रवाल के निर्देशन एवं कोऑर्डिनेटर मोहन देव के नेतृत्व में वीएलसीसी (स्कूल ऑफ ब्यूटी) रुद्रपुर ले जाया गया। हेड ऑफ़ इंस्टीट्यूट अमनदीप कौर ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा वर्तमान में लड़कियों का आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। असिस्टेंट हेड ऑफ इंस्टीट्यूट हिमानी कोरंगा व प्राची छाबरा (पोषण संकाय), व्यावसायिक प्रशिक्षक अंबिका राणा, ज्योति तिवारी आदि मौजूद रहे।

# आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में मनी पूर्व पीएम की पुण्यतिथि

## मास्टर इंटरनेशनल स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन, लघु नाटिका भी की

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मास्टर इंटरनेशनल स्कूल में आज आतंकवाद विरोधी दिवस तथा एड्स वैक्सीन दिवस मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने नाटक कर आतंकवाद के दुष्प्रभाव की जानकारी दी।

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. गौरव गर्ग ने बताया कि आज ही के दिन 21 मई 1991 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को लिट्टे संगठन की एक महिला ने मानव बम का प्रयोग किया गया और इस बम विस्फोटक में राजीव गांधी सहित अन्य 25 लोग मारे गए।

कृतिका ने बताया कि एड्स किस प्रकार की बीमारी है और कैसे फैलती है। इस बीमारी से बचने के लिए हमें क्या-क्या सावधनी बरतनी चाहिए।

उसके बाद आरव भारद्वाज, समरजीत, आलिया सैफी और आदित्य सारस्वत ने अपनी स्पीच में बताया कि आतंकवाद हमारे समाज को किस प्रकार नुकसान पहुंचा रहा है। इस दौरान एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें आदित्य सारस्वत, आलिया सैफी, रीतविक पवन, सागर पाण्डे, अवलीन सिद्दीकी, अदविका सैनी, आलिया जिरानी ने प्रतिभाग किया।

अन्त में सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य डॉ. गौरव गर्ग ने आतंकवाद के विरुद्ध डटे रहने, अहिंसा और सहनशीलता के मार्ग पर चलने के लिए शपथ दिलाई।



काशीपुर के मास्टर इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

### पंतनगर में भी स्व. राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**पंतनगर :** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पंतनगर विवि परिसर में यूनियन कार्यालय पर नगर कांग्रेस कमेटी एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर वक्ताओ ने कहा कि उनकी सोच और उनका विजन दूरसंचार तकनीकी के क्षेत्र में बहुत ही स्पष्ट था। उनके जैसी शख्सियत द्वारा ही देश में कंप्यूटर युग का प्रारंभ हुआ, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। यहां इंटक जिलाध्यक्ष जनार्दन सिंह, यूनियन महामंत्री महेंद्र शर्मा, जगदीश कुमार, राज नरेन्द्र सिंह, राजपाल सिंह, संतोष कुमार, एडी मिश्रा, आरके श्रीवास्तव, मनोहर बाल्मिकी आदि मौजूद थे।





काशीपुर में आयोजित शिविर में रक्तदान करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कांग्रेस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**काशीपुर :** महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल रमनदीप कंबोज के नेतृत्व में एनडी तिवारी एससी गुड़िया नव चेतना कांग्रेस भवन में स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान केवीआर अस्पताल द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासचिव उत्तराखंड अनुपम शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री दीपिका गुड़िया आत्रेय ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस दौरान अरुण चौहान, अर्पित मेहरोत्रा, विमल गुड़िया, संदीप सहगल, जय सिंह गौतम, सचिन नाडीक, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।



खटीमा में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर रक्तदान करते कांग्रेसी व विधायक।

### खटीमा में 14 लोगों ने किया रक्तदान

**खटीमा :** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर भारतीय युवा कांग्रेस ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 14 लोगों ने रक्तदान किया। गंज बाग रोड स्थित ब्लड बैंक में युवक कांग्रेस ने ब्लड कलेक्शन कैंप आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक भुवन कापड़ी और नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने किया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्या, उमेश राठौर बॉबी, जसविंदर सिंह पप्पू, नीरज कन्याल, मोहसिन बेग, सतपाल राणा, बिक्रम बुंगला, नासिर खान, मोहम्मद ताहिर, कोमल चंद, मनीष राणा, लक्ष्मण सिंह राणा, देवेंद्र चंद, गौरव राणा, राउल भंडारी, ललित सामंत आदि उपस्थित थे।

### सितारगंज में भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी

**सितारगंज :** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को कांग्रेसियों ने शक्तिफार्म में राजीव गांधी को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यहां शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, ब्लॉक अध्यक्ष सितारगंज हैप्पी सिंह, नगर अध्यक्ष सितारगंज सरताज अहमद, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव, रामपाल सहनी, नारायण सरकार आदि मौजूद रहे।



गदरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित करते कांग्रेसी।

### कांग्रेसियों ने सीएचसी में फलों का वितरण किया

**गदरपुर :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मरीजों को फल वितरित किए। मंगलवार को कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल राजू के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए। जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजेंद्र पाल के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, आनंद अग्रवाल, संजीव अरोड़ा, अमरजीत संधू, इंद्रजीत सिंह, सौरभ बजाज, अजय गाबा, सागर अरोरा, शिवम पपनेजा, सर्वजीत संधू, मुकेश चावला, राजू डुमरा आदि मौजूद थे।



रुद्रपुर में पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।



बाजपुर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### बाजपुर में भी पूर्व प्रधानमंत्री का किया स्मरण

**बाजपुर :** नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने मंगलवार को सूद कालोनी स्थित कैंप कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धाभाव से मनाई। यशपाल आर्य ने स्व. राजीव गांधी को आधुनिक भारत का जनक बताया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, नगराध्यक्ष सत्यवान गर्ग, सभासद महेश कुमार आशु, पूर्व बीडीसी प्रमोद जोशी, पंचम सिंह, बीडीसी प्रदीप सागर, पूर्व प्रधान मोहन सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

### रुद्रपुर में सादगी पूर्ण वातावरण में कार्यक्रम

**रुद्रपुर :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि को सादगी पूर्ण वातावरण में मनाया। इस दौरान कांग्रेसियों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंगलवार को प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव नगर स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए। कांग्रेसियों ने राजीव गांधी द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण भसीन, विजय यादव, दिनेश पंत, ममता रानी, मोहन खेड़ा, सपना गिल, साजिद खान, संजीव रस्तोगी, रणजीत सिंह राणा उपस्थित थे।



समदर्शी संस्था की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# प्रतिभा सम्मान समारोह 24 को आयोजित होगा

संवाददाता, जसपुर

**आयोजन**

▶▶ मेधावी छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा

**अमृत विचार:** सामाजिक संस्था समदर्शी की ओर से 24 मई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मेधावी छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।



आरपी सिंह।

समदर्शी के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक नगर के सुभाष चौक स्थित एक दुल्हन मैरिज लॉन में आयोजित की गई। इसमें संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संस्था द्वारा 24 मई को नगर के दुल्हन बैंक्वेट हॉल में अपराह्न 2 बजे एक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इसमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तराखंड बोर्ड व सीबीएसई परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा सभी संबंधित विद्यालयों के हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा के टॉपर मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल करेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रेम सिंह सहोता व संचालन हरकेश सिंह राणा ने किया। बैठक में संस्था के अध्यक्ष आरपी सिंह, उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह, डॉ. एमपी सिंह, मो. यामीन, डॉ. सुदेश कुमार, विमल सिंह, सेवानिवृत्त एसआई खुशीराम, बृजपाल सिंह उर्फ दीवान, मास्टर सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। समदर्शी संस्था के अध्यक्ष आरपी सिंह ने बताया कि यह संस्था 1999 में बनी थी और तभी सामाजिक कार्यों व ललित कलाओं के लिए समर्पित है।

# बाजपुर की पांच छात्राओं का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

संवाददाता, बाजपुर



भूमिका पांडे।



दरक्शा।



सपना।



रिद्धि गुप्ता।



करिश्मा वर्मा।

**अमृत विचार:** इंस्पायर अवार्ड 2023-24 के लिए आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर की पांच छात्राओं का चयन किया गया। इसके तहत कक्षा-आठ की दरक्शा पुत्री मोहम्मद तकी शीर्षक-गैस लीकेज अलार्म, सपना पुत्री प्रेम सिंह शीर्षक-इंक रिमूवर डिवाइस फार एक्स्ट्रा प्रिंटेड पेपर, रिद्धि गुप्ता पुत्री गोविंद गुप्ता शीर्षक-रोड एक्सीडेंट सेफ्टी अलार्म, कक्षा-9 की करिश्मा वर्मा पुत्री प्रेम प्रकाश वर्मा शीर्षक-मेकिंग वाश बेसिन फ्राम वेस्टेड टिन कंटेनर, कक्षा-10 की भूमिका पांडे पुत्री हेमंत पांडे शीर्षक-सेफ्टी हेलमेट विद वाइपर एंड ब्लूटूथ के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की धनराशि भेजी गई है। चयनित छात्राओं को विद्यालय अध्यक्ष डा.नरेंद्र खत्री, प्रबंधक सुनील खन्ना, प्रधानाचार्या डा.प्रीति रस्तोगी ने छात्राओं को बधाई दी है।

### काशीपुर में झांकी कला मंच समिति का गठन

**काशीपुर :** काशीपुर झांकी कला मंच समिति का गठन कर बैठक की गई। सोमवार की शाम मोहल्ला लाहौरियान स्थित मां मंशा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में झांकी परिवार के तहत सम्मिलित सभी झांकी कलाकारों के लिए नियमों का निर्धारण किया गया। इन नियमों का उल्लंघन करने पर 11 हजार की धनराशि के आर्थिक दंड के प्रावधन का भी निर्धारित किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से एक झांकी परिवार का गठन करते हुए अध्यक्ष पद पर पारस शर्मा, ललित सांवरिया को उपाध्यक्ष, सूरज चन्द्रा को सचिव, मयूर कांत्रिक व कृष्णा काली को उपसचिव, शिवा को कोषाध्यक्ष, सिद्धार्थ वाध्वा को प्रचार मंत्री तथा यशपाल, गोपाल, विशाल, रवि, रोहित छलिया सदस्य पद की जिम्मेदारी दी गयी।

# ताइक्वांडो में तीन छात्राओं ने जीता गोल्ड मेडल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** विगत दिवस स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के बीबीए एलएलबी की 49 किलो भार वर्ग में संध्या, 57 किलो भार वर्ग में कोहिनूर तथा बीसीए की 55 किलो भार वर्ग में रक्षिता पांडे ने स्वर्ण पदक जीता।

संस्था के क्रीड़ा प्रभारी दीपक गुप्ता ने बताया कि खिलाड़ी इससे पूर्व में भी कुमाऊं विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व नॉर्थ जोन व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कर चुके हैं। सभी विजेता खिलाड़ी 27 से 30 जून तक कटक, उड़ीसा में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्य दीपिका गुड़िया, आत्रोय संस्थान की एकेडमिक काउंसिल के सदस्य नीरज आत्रोय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने विजेता छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**सहमति** दिल्ली डेरा कार सेवा से गुरुद्वारा साहिब में निर्माण कार्य कराए जाएंगे, कर्मचारियों का भी बढ़ेगा वेतन

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में कई प्रस्ताव पास

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पास हुए। इस दौरान तय किया गया कि दिल्ली डेरा कार सेवा से गुरुद्वारा साहिब में निर्माण कराए जाएंगे और कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया जाएगा।

मंगलवार को गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी की बैठक प्रधान जोगिंद्र सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कमेटी संचालन के लिए पूर्व में बनाई गई कमेटियों को भंग कर अब नई कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी के कर्मचारियों का वेतन अब 1500 रुपये और बढ़ाया गया है।

साथ ही नई भर्ती में कर्मचारियों को 45 वर्ष के बाद रिटायर कर दिया जाएगा। सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य कार्ड और जीवन बीमा कमेटी द्वारा कराया जाएगा।

गुरुद्वारा की शिक्षा संस्था गुरुनानक इंटर कॉलेज में काफी लंबे समय से शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए नियमावली के साथ काम होगा। कमेटी की बैठक के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी अपनी पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहे। इस मौके पर महासचिव अमरजीत सिंह, सचिव हरभजन सिंह, सदस्य गुरबंत सिंह पन्नू, गुरदयाल सिंह, प्रभाग सिंह, प्रताप सिंह, देविन्दर सिंह आदि शामिल थे।



नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब में बैठक करते प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### लंबित निर्माण कार्यों को पूरा करने की मांग

**नानकमत्ता :** गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में लंबे समय से रुके हुए निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए क्षेत्र की संगत ने प्रबंधक कमेटी को ज्ञापन सौंपा। संगत ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जोगिंद्र सिंह संधू को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लंबे समय से ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में कई अतिआवश्यक निर्माण कार्य नहीं हुए हैं। कहा कि गुरुद्वारा साहिब में रुके हुए निर्माण कार्य को पूरा करने के लिये डेरा कार सेवा बंगला साहिब दिल्ली के संत बाबा बचन सिंह को सौंपकर निर्माण कराया जाए।

### गोदामों में सड़ गया एक हजार क्विंटल गेहूं

**नानकमत्ता :** गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के फार्मों का पिछले वर्ष गोदामों में रखा गया एक हजार क्विंटल से अधिक गेहूं सड़ गया और कमेटी के पूर्व प्रधान पर संगत ने लापरवाही का आरोप लगाया है। मंगलवार को गुरुद्वारा साहिब में संगत ने गोदामों को खोलकर देखा तो पिछले साल का करीब एक हजार क्विंटल से अधिक गेहूं काला पड़कर सड़ गया था। इससे लाखों रुपये का नुकसान हो गया। संगत ने पूर्व प्रधान हरबंश सिंह चुघ पर लापरवाही का आरोप लगाया। कुलदीप सिंह भुल्लर दानी बंगर हल्द्वानी ने कहा कि प्रधान की लापरवाही न होती तो लाखों रुपये का नुकसान न होता। इधर वर्तमान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बैठक कर गेहूं के हुए नुकसान की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से,
और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# रईसी के बाद ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत से पश्चिम एशिया सदमे में है। राष्ट्रपति की मौत ईरान के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में हुई है। ईरान पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से त्रस्त अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए जूझ रहा है और सामाजिक तनाव को शांत करने की कोशिश कर रहा है। परमाणु समझौता खत्म हो चुका है। गाजा युद्ध में हालिया वृद्धि ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है और कई साजिश सिद्धांतों को हवा दी है। ईरान और इज़राइल के बीच तनाव बहुत बढ़ा हुआ है और ईरान, अपने रूस और चीन जैसे साझीदारों के साथ सत्ता की खेमेबंदी के नए दौर में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश के रूढ़िवादी हलकों में रईसी के व्यापक प्रभाव ने उन्हें ईरान के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बना दिया था। ईरान के सवाल को लेकर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के बावजूद, इब्राहिम रईसी का निधन, इस क्षेत्र में ईरान की अपनी नीतियों से कहीं ज्यादा उसकी अंदरूनी सियासत पर असर डालने वाला है। इब्राहिम रईसी की अचानक मौत के बाद, अगले 50 दिनों के दौरान जब तक ईरान नया राष्ट्रपति चुनेगा, वो ईरान की राजनीति के लिहाज़ से बेहद महत्वपूर्ण होंगे।

नए चुनाव होने तक उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर कार्यवाहक राष्ट्रपति रहेंगे। आगे चलकर ईरान की सियासत में सत्ता के तमाम केंद्र अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए आपस में खींचतान करेंगे। भू-राजनैतिक तनावों के मद्देनजर, रईसी की मौत से साजिश के सिद्धांतों को भी बढ़ावा मिल सकता है जिससे इस इलाके में आग और भड़क सकती है। इस हादसे का असर पश्चिम एशिया की राजनीति पर गहराई से पड़ेगा। ईरान और भारत के बीच गहरे संबंध हैं। रईसी की मौत भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर हुए समझौते के बाद हुई है। इस समझौते के बाद भारत को चाबहार के संचालन का अधिकार अगले 10 सालों के लिए मिल गया है। समझौते के बाद अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी। जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि यह बंदरगाह पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और अमेरिका को इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। हो सकता है कि रईसी की मौत की वजह से होने वाले सत्ता परिवर्तन का उसकी भू-सामरिक योजनाओं पर बहुत व्यापक या सीधा असर न पड़े। घरेलू, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों की पृष्ठभूमि के बीच हुई रईसी की मौत के सदमे से ईरान को उबरने में वक्त लगेगा। रईसी की मौत से क्षेत्र में और अस्थिरता पैदा होने का खतरा है, ऐसे में ईरान के सामने भी नाजुक स्थिति से निपटने की चुनौती है।

# कोवैक्सीन और स्यूडो-साइंस की मनोवृत्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी।

'कोवैक्सीन' का टीका मनुष्य को लगाने के बाद स्वास्थ्य पर दीर्घकाल में होने वाले विपरीत प्रभावों पर 'लांग टर्म सेफ्टी एनालिसिस ऑफ़ बीबीवी-152 कोरोना वायरस वैक्सीन इन एडोलिसेंट्स एंड एडल्ट्सः फाइंडिंग्स फ्रॉम ए वन-इयर प्रोस्पेक्टिव स्टडी इन नार्थ इंडिया' शीर्षक से एक अध्ययन को 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के 13 मई 2024 के अंक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संबद्ध इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में कार्यरत दस विज्ञानियों ने प्रकाशित किया है। उक्त टीका ग्रहण करने के बाद के दुष्प्रभावों का अध्ययन किशोर, युवा और वयस्कों पर किया गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में इस अध्ययन को इस आधार पर खारिज किया कि इस शोध की प्रक्रिया दोषपूर्ण है। भारत और विदेश के मीडिया हलकों में इसे बहुत गंभीरता से देखा गया है। शोध की गुणवत्ता पर आरोप लगने के बाद लेखकों ने संदर्भ हेतु परिषद् का नाम इस्तेमाल करने पर खेद व्यक्त किया है।

इस वैक्सीन को (बीबीवी अर्थात, भारत बायोटेक वैक्सीन) भारत बायोटेक कंपनी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी (एनआईवी-भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद्) ने संयुक्त रूप से विकसित किया था और कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिरक्षा हेतु भारत में इसकी करोड़ों खुराक व्यस्क व्यक्तियों को लगाई गई थी। कोवैक्सीन को 78 प्रतिशत तक प्रभावी पाने के बाद आपातकालीन उपाय के रूप में 3 जनवरी सन 2021 को भारत सरकार ने और नवंबर सन 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे आमजन के लिए प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की थी। कोवैक्सीन टीका विकास में लगे हुए शोधकर्मियों ने बड़ी संख्या में पहले तो कोरोना वायरस प्रयोगशाला में पैदा किया, फिर बीटा-प्रोपिओलेक्टोन का इस्तेमाल करके इन्हें निष्क्रिय किया गया। निष्क्रिय किए गए इस वायरस में वायरस की रचना और वृद्धि के जरूरी प्रोटीन्स और 'स्पाइक्स' (वायरस की सतह पर मौजूद रिसेप्टर्स) को क्षति नहीं पहुंची। इन विषाणुओं की खेप को एल्युमीनियम के एक कंपाउंड से लेप दिया गया ताकि इसे शरीर में इंजेक्ट करने के बाद हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाएं इनके विरुद्ध सक्रिय होकर आवश्यक संख्या में प्रतिपिंडों का निर्माण करके हमारी रक्त वाहिकाओं के जरिये कहीं भी सर्कुलेट कर सकें और संक्रमण से रक्षा हो सके।

ड्रग्स और वैक्सीन्स को तत्परता से आपातकाल में इस्तेमाल करने के प्रोटोकॉल और तकनीक पिछले दसेक साल से बदल गई हैं। पुरानी पद्धति में क्षीण किए हुए (इटेन्युएटेड) या मृत (किल्ड होल वायरस) विषाणु का इस्तेमाल करके टीका विकसित किया जाता था जैसे कि वैक्सिनिया वायरस का इस्तेमाल करके चेचक के विरुद्ध प्रतिरक्षा किए जाने के लिए विकसित किया गया टीका। इसमें कई वर्ष लगते थे। टॉक्सिसिटी स्टडीज के बाद फेज़ 2 से फेज़ 4 तक मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण के लिए सेफ्टी प्रोटोकॉल, एथिकल कमेटी की क्लीयरेंस और स्टडी का 'डबल ब्लाइंड' होना जरूरी समझा गया। डबल ब्लाइंड स्टडी में न तो ह्यूमन सब्जेक्ट्स को और न ही शोधकर्मियों को मालूम होता है कि किसे वास्तविक दवा या टीका लगाया गया है और किसे 'प्लेसिबो' दिया गया है। इसके लिए 'एक्सपेरिमेंटल' और 'कंट्रोल' दो ग्रुप बनाए जाते हैं। कंट्रोल ग्रुप के व्यक्तियों को प्लेसिबो और एक्सपेरिमेंटल ग्रुप को वास्तव में ही सही दवा दी जाती है। दवा और प्लेसिबो पर कोडमार्किंग होती है। बाद में एनालिसिस होती है जिसमें मेडिकल स्टेटिस्टिशियंस जांच करके दवा की एफिकेसी अर्थात प्रभावोत्पकता को प्रतिशत में अभिव्यक्त करके स्टडी को वेलिडेट करते हैं। यह डाटा 'स्टेटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' होना चाहिए जिसका अर्थ गहरा होता है और यह निर्णय करने में महत्वपूर्ण होता कि ड्रग या वैक्सीन को आमजन में इस्तेमाल करने के लिए जारी करना उपयुक्त है या नहीं। भारत में मनुष्य पर क्लिनिकल परीक्षण करने से पहले क्लिनिकल परीक्षण रजिस्ट्री में ट्रायल से संबंधित डाटा जमा करके अनुमति लेनी होती है। देखा जाता है कि एथिकल कमेटी ने किस आधार पर क्लिनिकल परीक्षण की अनुमति दी है। ऐसा करते हुए स्टडी डिजाईन को देखना बहुत जरूरी है जो ड्रग डेवलपमेंट और बायो-सेफ्टी एक्सपर्ट्स देख लेते हैं। इसका पालन करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की सन 2005 में जारी 'हैंडबुक फॉर गुड क्लिनिकल रिसर्च प्रैक्टिस' को न केवल फॉलो करना होता है बल्कि भारत में आईसीएमआर द्वारा अप्रैल 2020 में जारी की गई कोविड संबंधी शोध के लिए विशेष तौर से तैयार 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर एथिक्स कमेटीज़ रिवियुइंग बायोमेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च ड्यूरिंग कोविड-19 पैंडेमिक' के साथ-साथ सन 2017 में जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल रिसर्च इन्वोल्विंग चिल्ड्रन' एवं इसी साल संशोधित रूप से जारी की गई 'नेशनल एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायो मेडिकल एंड हेल्थ रिसर्च इन्वोल्विंग ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को अनिवार्य रूप से नियमपूर्वक मानना जरूरी किया गया।

कोवैक्सीन के विकास के तुरंत बाद इस पर भारत में ही सन 2021 में बहुत से क्लिनिकल परीक्षण इसकी इम्यूनोजेनेटिसिटी और सेफ्टी एंड एफिकेसी को लेकर हुए। इस बारे में इन्टरनेट रिसोर्सेज पर काफी साहित्य उपलब्ध है। यह खेद की बात है कि मीडिया के अपने अधिकतर लोग और अनेक शोधकर्मी देश के सबसे पुराने, भरोसेमंद और नियमित रूप से प्रकाशित विख्यात बायो-मेडिकल जर्नल'इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च' के अंक नहीं देखते-पढ़ते और ऐसी सूचनाओं के लिए विदेशी मीडिया पर निर्भर करते हैं जो कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित होती हैं। ऐसे बहुत से भारतीय पत्रकारों को मैं जानता हूं जो विदेश के साइंस मीडिया के लिए काम करते हैं और पहली रिपोर्ट उन्हें ही देते हैं। इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (बीएचयू) के शोधकर्मियों ने टीकाकरण होने के बाद 1023 व्यक्तियों को एक साल तक निगरानी में रखने की सहमति ली। हम इस अध्ययन को पूरे तौर से क्लिनिकल परीक्षण नहीं कह सकते क्योंकि शोधकर्मियों ने इसे खुद ही 'प्रोस्पेक्टिव ओब्सेर्वेशनल स्टडी' अर्थात एक 'संभावना की जांच हेतु अध्ययन' कहा है। इससे पहले निश्चित रूप से इन्होंने ख्याति प्राप्त मेडिकल और बायो-मेडिकल जर्नल्स में से वे अधिकतर अध्ययन जरूर देखे-पढ़े होंगें जिनमें कोरोना वायरस और इसके विभेदों के कारण उत्पन्न हुए संक्रमण के प्रभावों के अलावा टीकाकरण के उपरांत उत्तर भारत में टीकाकृत व्यक्तियों में हुए शारीरिक विषमताओं की बाबत रिपोर्ट हुई। इनके बारे में मेडिकल जर्नल्स में अध्ययन भी प्रकाशित हुए। आईसीएमआर ने तो इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च में कोविड-19 के बारे में अनेक पहलुओं से अनेक लेखों का प्रकाशन सन 2020 के बाद से किया है। ये सभी अध्ययन भारतीय लोगों पर किए गए हैं और इनमें महामारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा है। इन अध्ययनों का प्रकाशन विद्वत्त समीक्षा के उपरांत ही किया गया है। बीएचयू के अध्येताओं उपिन्दर कौर, आकांक्षा जायसवाल और साथियों ने टीकाकरण के उपरांत जनवरी 2022 से अगस्त 2023 के बीच 1023 सभी रेक्रुइट्स में से इन्हें कुल 926 व्यक्तियों का रेस्पोंस मिला जिनसे सिर्फ टेलीफोन पर बातचीत की गई थी। अर्थात, इनके मेडिकल रिकार्ड्स नहीं देखे गए, क्लिनिकल जांच की व्यवस्था नहीं की गई और डाटा एनालिसिस का क्या तरीका अपनाया गया इसकी कोई जानकारी भी दर्ज नहीं है। हो सकता है मौखिक बताए गए शारीरिक दोषों की वजह कुछ और रही हो। वेरिएबल्स को या और स्टैटिस्टिकल दोषों को किस पद्धति को अपनाकर निरस्त किया गया यह स्पष्ट नहीं किया गया।

'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' से संबंधित स्पष्टीकरण इस शोध अध्ययन में दिया गया। इस अध्ययन के डिजाईन में अगर खोट था तब इस बात को लेकर ताज्जुब है कि इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज की आचार संहिता कमेटी ने इसकी एप्रूवल 'डीन/2021/ईसी /2526' और 'डीन/2022/ईसी/3210' की मार्फ़त कैसे दी? दूसरी प्रमुख बात यह कि अध्ययन को प्रकाशित करने वाले 'ड्रग सेफ्टी' जर्नल के जिन सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स को यह पेपर रिव्यु के लिए भेजा गया था इनकी कमेंट्स के बारे में कोई सूचना उपलब्ध क्यों नहीं है। क्या विद्वत्त समीक्षकों ने लापरवाही की है? ऐसे पेपर्स स्यूडो-साइंस के दायरे में आते हैं। इससे जर्नल की ख्याति पर ही नहीं भारत बायो-टेक, आईसीएमआर की प्रतिष्ठा, भारत में बायो-मेडिकल अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता पर अंगुली उठाए जाने का मौक़ा मिलने के अलावा देश की फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री की कार्य प्रणाली और ड्रग रेगुलेटर पर भी पर शक होने का ख्याल किसी के मन में आ सकता है। इससे हमारे देश में औषधि और टीका विकास एवं निर्माण और इनकी मार्केटिंग पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जाहिर है शोध अध्ययन की प्रक्रिया में सतर्कता नहीं बरती गई।

## प्रसंगवश

# बेपरवाही और आत्ममुग्धता

भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है।

इतना मौन तो मतदाता कभी न था। दरअसल वह एक उलझनभरी मनःस्थिति का शिकार है। एक तरह की किंकर्तव्यविमूढ़ता! क्या करे? कहां जाय? एक ओर मोदी मैजिक है दूसरी ओर खड़े किए गए प्रत्याशियों का नकारापन। एक तीसरा पहलू है विकल्पहीनता की स्थिति। विपक्ष धराशायी सा है। ऐसे हालात में मतदाता त्रिशंकु की बेबसी लिए अगले चरण के मतदान की तारीख को पास आता देख रहा है। अनिश्चय में है।

प्रत्याशियों के नकारेपन के अनवरत फीडबैक के चलते एक हालिया इन्टरव्यू में मोदी जी को स्पष्ट करना पड़ा कि उनका प्रत्याशी और कोई नहीं केवल कमल है और मतदाता बस कमल पर मुहर लगाएं। यह एक पावरफुल संदेश है किंतु कितना कारगर होगा नतीजे बताएंगे।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मगर कई प्रत्याशियों का नकारापन इस बार हावी होता दिख रहा है। ऐसे प्रत्याशी जो जीते तो कभी जनता के बीच नहीं गए। ये ऐसी शख्सियतें हैं कि इनकी नकारात्मकता मोदी मैजिक पर भी भारी पड़ रही है। यह मोदी युग के इस तीसरे चुनाव का एक उल्लेखनीय ऐंगल है। दूसरी ओर विपक्षी खेमा चुनाव के बढ़ते चरणों में उत्तरोत्तर उत्तर प्रदेश में हावी होता दिख रहा है। संविधान बदलने का खतरा और कोविड वैक्सीन की मारकता। और भी अल्ल बल्ल फैलाया जा रहा है। कमल ही प्रत्याशी है यह वाक्य कितना कारगर होगा? यह मंत्र कितने मतदाताओं तक पहुंचा है? और यह जिम्मेदारी किसकी है कि मोदी का यह संदेश घर घर तक जा पहुंचे। समर अभी शेष है। भीषण गर्मी है। आरामतलब मतदाताओं को घर से बाहर निकालने के लिए घर घर संपर्क की जरुरत है। मगर घोर शांति है। जैसे मुतमईन हों भाजपा प्रत्याशी कि मोदी जी इस बार भी चुनावी वैतरणी पार करा ही देंगे। क्यों पसीना बहाना? लू के लपेटे में क्यों आना? ऐसी बेपरवाही, आत्ममुग्धता के परिणाम क्या अच्छे होने हैं?

# बढ़ता तापमान आर्थिकी के लिए घातक



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

वर्ष 2023 भारत के लिए अब तक का दूसरा सबसे गर्म वर्ष था। अब तक का सर्वाधिक गर्म साल 2016 रहा है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें तो पिछले बारह महीनों (अप्रैल 2023 - मार्च 2024) में वैश्विक औसत तापमान 1991-2020 के औसत से 0.70 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है। वर्ष 2024 में वैश्विक सतह का तापमान 20 वीं सदी के औसत तापमान से 1.35 डिग्री सेल्सियस अधिक है। एक शोध के अनुसार इस बात की 55 फीसदी आशंका है कि 2024 इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में रिकॉर्ड हो सकता है। वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) और जलवायु परिवर्तन का किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर मूलतः दो तरीकों से प्रभाव पड़ता है।

बढ़ते तापमान और बेमौसमी बारिश से फसलों को बहुत नुकसान पहुंचता है। इससे उपज कम हो जाती है और बाजार में मांग बढ़ती है। जिसका सीधा संबंध महंगाई से है। उसके अलावा ऐसे नुकसान से निपटने के लिए राहत और बुनियादी ढांचे पर जो खर्च होता है उसका नतीजा तमाम लोगों के लिए करों में वृद्धि के रूप में निकलता है। फिर फसलों की कम पैदावार हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को भी प्रभावित करती है। क्योंकि सरकार उन फसलों के निर्यात पर पाबंदी लगा देती है जिनकी उपज कम होती है। साल 2022 में बढ़ते तापमान की वजह से गेहूं का उत्पादन कम हुआ था और इस कारण से भारत ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। जनवरी 2024 तक भारत में चीनी उत्पादन 5.28 प्रतिशत कम आंका गया है। जिसका प्रमुख कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की उपज का कम होना माना गया है। भारत पिछले छह वर्षों से चीनी का निर्यातक रहा है। लेकिन अब विश्लेषक कयास लगा रहे हैं कि शायद अगले साल तक भारत को चीनी आयात भी करनी पड़ सकती है। बढ़ती गर्मी और विभिन्न चरम मौसमी घटनाओं का सीधा असर श्रम प्रधान क्षेत्रों पर बहुत ज्यादा पड़ेगा। इससे खेती-बाड़ी निर्माण गतिविधियों परिवहन और पर्यटन कारोबार खासे प्रभावित हो सकते हैं। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर असर हो सकता है। 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' का अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का सबसे अधिक सामना कृषि और निर्माण श्रमिकों को करना पड़ेगा। भारत में बढ़ती गर्मी के परिणामस्वरूप 2030 तक काम के घंटों में 5.8 प्रतिशत तक की गिरावट आने का अनुमान है। जो करीब 3.4 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों के नुकसान के बराबर होगा। इससे जीडीपी में अनुमानित 2.50 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। बढ़ता तापमान कच्चे माल यानी कृषि उपज और श्रम पर प्रभाव डालने के साथ औद्योगिक विकास को भी प्रभावित कर सकता है। इसमें महत्वपूर्ण औद्योगिक बुनियादी ढांचे को प्रत्यक्ष नुकसान मानव संसाधन की उपलब्धता एवं उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव और कच्चे माल के भंडारण से सम्बंधित परिचालन लागत में वृद्धि शामिल है। उद्योगों को पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में अधिक निवेश करना पड़ सकता है। जिससे उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त समुद्र का बढ़ता स्तर बाढ़ चक्रवाती तूफ़ान भूस्खलन आदि सड़क रेलवे और समुद्री मार्गों जैसे परिवहन साधनों को सीधे प्रभावित करेंगे। जिससे भी आपूर्ति श्रंखला बाधित हो सकती है। पिछले वर्ष 4 अक्टूबर को सिक्किम के चुंगथांग में 1200 मेगावाट की तीस्ता जलविद्युत परियोजना का 60 मीटर ऊंचा कंक्रीट बांध हिमानी झील के फटने से आई बाढ़ में ढह गया था। इस तरह की घटनाओं की आशंका और भी बढ़ेगी जिसका असर समग्र विकास पर पड़ेगा। वस्तुतः किसी भी गंभीर समस्या का समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति के बगैर संभव नहीं है। हमारे देश की राजनीतिक चेतना में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान का मुद्दा कितने हाशिये पर है इसे समझने के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों पर नजर डाली जा सकती है। सत्तारूढ़ भाजपा ने पर्यावरण को अपने घोषणा पत्र में पेज नंबर 71 पर जगह दी है। यह उसके घोषणा पत्र का समापन बिंदु है। वहीं कांग्रेस ने इसे अपने घोषणा पत्र में पेज 41 पर जगह दी है। जो उसका आखिरी अध्याय है।

गौरतलब है कि 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। साथ ही बर्फ पिघलने से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। और 2050 तक 20 फीसदी देश जल संकट से घिर सकते हैं। इसके साथ ही 2030 तक बढ़ते तापमान के कारण 2,50,000 लोगों की मौतें हो सकती हैं। वस्तुतः गर्मी बढ़ने से ऊर्जा की मांग बढ़ेगी जिससे वायु प्रदूषण फैलेगा। एक और अनुमान है कि ग्लोबल वार्मिंग से 20 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो सकता है। कृषि पैदावार में गिरावट आने से भुखमरी बढ़ेगी और अकाल जैसे हालात बन सकते हैं।

## सोशल फोरम

# सत्तर के दशक तक

गांव के इक्का दुक्का लोग या तो फौज में भर्ती हो जाते थे या मास्टर हो जाते थे। नौकरी के पीछे भागने का चलन 1970 के आसपास शुरू हुआ और इसने पलायन की गति बढ़ा दी। इसका कारण रोजगार की कमी भी थी। कल गेहूं की उपज का अनुमान लगा रहा था और जैसा कि गणित के मास्टर की आदत होती है कि लाभ हानि का हिसाब भी लगा रहा था। उप्र सरकार की प्रांतीय सिविल सेवा में ज्वाइन करने से पहले मल्ला डौणू, तल्ला डौणूं, दशौली और भदीना के चारों गांव की अपनी जमीन आबाद करना एक चुनौती थी और इसे बखूबी निभाया जाता था। धीरे-धीरे सब छूटता गया।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

2006 (मां के देहान्त) तक दूध, दही घी और सब्जी या आटा चावल दाल शायद ही कभी बाहर से खरीदना पड़ा हो। मेरे बाहर निकल जाने के बाद दशौली के खेत द्वारी की जमीन और तल्ला डौणूं के खेत पिता श्री ने अपने हिसाब से सौंप दिए। आज तो मैं यह भी नहीं पूछता कि इन जमीनों पर कब्जा किसका है क्योंकि तल्ला डौणूं के खेत पिछले नवंबर में अथक प्रयास के बाद भी मुझे बंजर ही छोड़ने पड़े। लुब्बो लुबाब यह है कि जितनी जमीन दशावली (पाठकों की दशौली) में सिविल सेवा में जाने से पहले खेती बाड़ी में थी आज उसका दसवां भाग भी आबाद कर पाना मुश्किल हो रहा है। मौद्रिक लाभ को शून्य मान लिया जाए तो भी गांव में कामकाजी महिलाओं के लिए इतनी छोटी सी खेती में पंद्रह दिन का रोजगार सृजन हुआ ही है और मुझे शुद्ध आर्गेनिक गेहूं छः सात महीने के लिए मिल गया है। आगे लगभग पंद्रह बीस दिन तक खेती बाड़ी की गतिविधियां कम हैं इसलिए कल खेतों में घूम रहे आवारा छोकरों को कहा है कि सप्ताह में एक दिन हर परिवार से एक आदमी कुदाल फावड़ा बेलचा लेकर आए और ऊपर जंगल में जाकर जलसंचय के लिए खाईयां बनाने में योगदान करे। इस बार जाड़ों में बर्फबारी न होने के कारण जल स्रोतों का निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। यह व्यवस्था आगामी वर्षों के लिए करनी है।पशु पक्षी के लिए भी जल का अभाव होने लगा है।

-फेसबुक वॉल से

# यादें राजीव गांधी की शव यात्रा की



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं।

सच में मुट्ठी में पकड़ी रेत की तरह से निकल जाता है वक्त। राजीव गांधी की दर्दनाक मौत को 33 साल हो गए। 21 मई 1991 को हुई हत्या से सारी दुनिया हिल गई थी। पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और संजय गांधी की शव यात्राओं में भी जनता की भागीदारी बहुत थी। पर राजीव गांधी की शवयात्रा को बहुत बड़ी शवयात्रा के रूप में याद किया जाता है। हालांकि इस लिहाज से दिल्ली में महात्मा गांधी से बड़ी शव यात्रा किसी ने नहीं देखी।

राजीव गांधी की अंत्येष्टि वाले दिन भीषण गर्मी का प्रकोप था। इसके बावजूद शवयात्रा के मार्ग पर भारी भीड़ थी। अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए दक्षिण एशिया समेत संसार के अनेक देशों के नेता और अहम शख्सियतें दिल्ली आईं थीं। पाकिस्तान से प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी राजनीतिक विरोधी बेनजीर भुट्टो भी आए। ये दोनों हमवतन तब एक दूसरे से दूर-दूर रहे। पर अब शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं और बेनजीर भुट्टो के पति देश के राष्ट्रपति हैं। यानी गुजरे दौर के शत्रुओं ने अपनी राजनीतिक अदावत को भुला दिया है। वे अब साथ-साथ हैं।

राजीव गांधी का पार्थिव शरीर जनता के दर्शनों के लिए तीन मूर्ति भवन में रखा था। राजीव गांधी की अंत्येष्टि 24 मई, 1991 को हुई थी। उसमें बांग्लादेश की तब की प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया और फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासरअराफात ने भी भाग लिया था। अराफात तो बार-बार फफक कर रो भी पड़ते थे। उनके गांधी परिवार से व्यक्तिगत संबंध थे। 24 मई से पहले ही राहुल गांधी अमेरिका से वापस भारत आ चुके थे। राहुल उन दिनों अमेरिका में ही पढ़ते थे। राजधानी में शक्तिस्थल पर अंत्येष्टि की तैयारियां पूरी हो गईं थी।

राजीव गांधी ने 20 मई,1991 को दिल्ली के निर्माण भवन में अपना लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाला था। अब भी देश को वह तस्वीर याद है, जब राजेश खन्ना कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गांधी और सोनिया गांधी को उनका वोट डलवाने में मदद कर रहे हैं। वह राजधानी में राजीव गांधी की अंतिम तस्वीर थी। उसके अगले ही दिन यानी 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की एक बम धमाके में हत्या कर दी गई थी। घटना तमिलनाडू के श्रीपेरम्बदूबर में हुई थी। देश ने इस जगह का पहले कभी नाम भी नहीं सुना था। धमाके में राजीव गांधी का शरीर छलनी हो गया था। उसके आसपास कुछ और शव भी पड़े। राजीव गांधी की मौत से सारा देश सन्न था। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और परिवार के मित्र सुमन दूबे वगैरह चैन्नई (तब मद्रास) से राजीव गांधी के शव को लेकर दिल्ली आ गए थे। तय हुआ कि उनका अंतिम संस्कार 24 मई, 1991 को होगा।

और अब वक्त आ गया था राजीव गांधी को अलविदा कहने का। शाम सवा पांच बजे अपार जनसमूह के सामने अंत्येष्टि वैदिक मंत्रोचार के बीच शुरू हुई। सोनिया गांधी काला चश्मा पहने अपने पुत्र राहुल को अपने पिता की चिता पर मुखाग्नि देने के कठोर काम को सही प्रकार से करवा रहीं थीं। जो भी उस मंजर को देख रहा था, उसका कलेजा फट रहा था। अमिताभ बच्चन भी वहां पर थे। तब तक उनके गांधी परिवार से मधुर संबंध थे। अंत्येष्टि के दौरान बनारस से खासतौर पर आए पंडित गणपत राय राहुल गांधी और अमिताभ बच्चन को बीच-बीच में कुछ समझा रहे थे। राजेश खन्ना लगातार रो रहे थे। करीब डेढ़ घंटे तक चली थी अंत्येष्टि। राजीव गांधी को अंतिम विदाई देने के कई दिनों के बाद भी देश में उदासी छाई रही थी।

# अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं

भारतीय राजनीति में ज्यों-ज्यों लोकतंत्र पुराना होता जा रहा है, व्यक्ति पूजा और चाटुकारिता बढ़ती जा रही है। पहले कांग्रेस सत्ता में रही है, तो रीतिकालीन दरबारी कवियों की भांति मुख्य नेता के इर्द गिर्द रहने वाले मुसाहिब उसके नवनीत लेपन करते थे। कवियों को राजे महराजे पुरस्कार देते थे और लोकतांत्रिक सत्ताधारी चाटुकारों को पद, प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं। एमरजेंसी खत्म होने के बाद हुए चुनावों में जनता पार्टी सत्ता में आ गई थी, जो 27 महीने सरकार चला पाई। बाद में फिर चुनाव हुए, तो कानपुर के फूलबाग (गणेश उद्यान) की एक सभा में पं.कमलापति त्रिपाठी ने कहा था कि माफी इंदिरा जी को नहीं, जनता को उनसे मांगनी चाहिए, जिसने विगत में उन्हें अपदस्थ किया। मालूम हो कि जनतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

काग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ ने "इंदिरा इज़ इंडिया" का नारा बुलंद किया था। यूपीए शासन काल में सोनिया गांधी को दुर्गा के रूप में चित्रित और मूर्तिमन्त किया गया तथा एक वैश्विक फुटबाल प्रतियोगिता में इटली और फ्रांस के बीच होने वाले मैच के समय भारत में इटली के पक्ष में हवन किए गए और कहा गया कि वह राहुल की ननसाल है। ज्ञातव्य है कि भारत इस प्रतियोगिता में पहले ही हार चुका था। खैर! अब भारतीय जनता पार्टी भी इस कार्य में कांग्रेस को पीछे छोड़ रही है। नरेंद्र मोदी के दूसरे सत्ता-काल में यह ज्यादा ही बढ़ गया है। कभी अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में मोदी को प्रधानमंत्री पद पर प्रतिष्ठित करने वाले राजनाथ सिंह कहते हैं कि 'मोदी जी ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक करने का निर्णय 10 मिनट में ले लिया था' और कभी कहते हैं, 'देश की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है'। शासन में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव के पीएम प्रत्याशी के रूप में अभी से प्रोजेक्ट कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पुरी(ओडिसा) से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संवित पात्रा ने कहा कि 'भगवान जगन्नाथ भी मोदी जी के भक्त हैं'।

बताते चलें कि हिरण्यकशिपु, महिषासुर, कंस आदि भगवान की सत्ता को न मानकर अपने को ही भगवान घोषित करते और पूज्य मानते थे, लेकिन भगवान द्वारा अपने को पूजनीय और उनका आराध्य नहीं बताते थे, किन भाजपाई अब इससे आगे बढ़कर चाटुकारिता की सभी हदें पार कर रहे हैं। इस कथन की तीखी आलोचना हो रही है और गाढ़े समय में भाजपा के मददगार बनते रहे ओडिसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संवित पात्रा के कथन की कड़ी निंदा की। लोकतंत्र के लिए अतिशय नवनीत लेपन शुभ नहीं है।

# गैरसैंण जा रहे बाइक सवारों पर गिरा पेड़, दो घायल

## तेज अंधड़ के दौरान गिरा हरा पेड़, राहगीरों ने निजी वाहनों की मदद से दोनों घायलों को गैरसैंण के सीएचसी में कराया भर्ती

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोमवार की देर शाम आए तेज अंधड़ और तूफान के बीच गैरसैंण की ओर जा रहे दो बाइक सवारों के ऊपर एक विशालकाय पेड़ गिर गया। हादसे में बाइक में सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने निजी वाहनों की मदद से उन्हें उपचार के लिए गैरसैंण के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

सोमवार की देर शाम दो बाइक सवार मेहलचौरी मार्ग से रायकोट होते हुए अपने घर गैरसैंण विकास खंड के देवपुरी की ओर जा रहे थे। रास्ते में तभी अचानक तेज अंधड़ और तूफान शुरू हो गया। जिस कारण बाइक सवारों के ऊपर एक विशालकाय पेड़ गिर गया। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास से गुजर रहे अन्य वाहनों में सवार लोगों ने युवकों को सड़क पर पड़े देखा तो वह उनकी मदद को दौड़े। दोनों युवक सड़क पर बेसुध हालत में पड़े हुए थे। आनन-फानन में अन्य यात्रियों ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को निजी वाहनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैरसैंण में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।



मेहलचौरी मार्ग पर पेड़ गिरने के बाद सड़क पर पड़े घायल युवक। ● अमृत विचार

# लाइनों में पेड़ गिरने से टनकपुर क्षेत्र में रात भर गुल रही बिजली

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले में कई हिस्सों में हुई बारिश से एक और जगह लोगों ने गर्मी से निजात पाई वहीं किसानों के फलों और फसलों के लिए भी यह बरसात फायदेमंद बताई गई है।

पहाड़ों और जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर में तेज हवा और अंधड़ भी आया। अंधड़ से टनकपुर खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के बिचई गांव के पास बिजली लाइन में पेड़ गिरने से टनकपुर क्षेत्र रातभर अंधेरा रहा। ऊर्जा निगम की टीम रातभर लाइन की मरम्मत में जुटी रही। टनकपुर में अंधड़ से पेड़ गिरने से सोमवार रात सात बजे से गुल बिजली मंगलवार सुबह पांच बजे सुचारू हुई। ऊर्जा निगम के चम्पावत डिवीजन के अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह ने बताया कि चार टूटे पोलों की मरम्मत कर मंगलवार सुबह पांच बजे बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। लोहियाहेड से टनकपुर के लिए जिन स्थानों से बिजली लाइन आती है, वहां घने जंगल और भारी संख्या में पेड़ हैं। जो आंधी-तूफान में बिजली लाइन और पोलों को नुकसान पहुंचाते हैं। बीते 24 घंटों में टनकपुर-बनबसा में 7 एमएम, चम्पावत में 4 और लोहाघाट में 1 एमएम बारिश हुई।



टनकपुर खटीमा हाईवे के पास गिरे पोल को उठाते कर्मचारी।

# मां पूर्णागिरि धाम में 1 घंटे से अधिक समय रहा अंधेरा

- बिजली बाधित रहने पर जनरेटर से की जाती है आपूर्ति
- इस वैकल्पिक व्यवस्था में भी खामी से हुई दुश्वारी

संवाददाता, टनकपुर



**अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि धाम का मुख्य मंदिर सोमवार की रात करीब एक घंटे तक अंधेरे में रहा। बिजली नहीं होने से देवी दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी। अंधड़ से बिजली गुल होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के काम नहीं करने की वजह से ये नौबत आई।

26 मार्च से शुरू मां पूर्णागिरि धाम के सरकारी मेले में बड़ी तादात में श्रद्धालु आ रहे हैं। मेला क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराने के लिए जिला पंचायत बिजली के ठेके कराता है। लेकिन 20 मई की रात करीब एक घंटे तक जनरेटर की सेवा शुरू नहीं हो सकी। अंधेरे से काली मंदिर से मुख्य मंदिर तक श्रद्धालुओं को दिक्कत झेलनी पड़ी। मंदिर समिति और पुजारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कर हालात को संभालने की कोशिश की। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने रात को मेला मजिस्ट्रेट टनकपुर के एसडीएम आकाश जोशी को फोन कर बिजली व्यवस्था तत्काल बहाल करने का आग्रह किया। करीब एक घंटे बाद मेला क्षेत्र में जनरेटर से बिजली आपूर्ति शुरू हुई। वहीं मेला मजिस्ट्रेट और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी का कहना है कि बिजली के ठेकेदार के सिस्टम में खामी आने से करीब 45 मिनट तक जनरेटर से आपूर्ति नहीं हो सकी। ठुलीगाड़ से जनरेटर सिस्टम ठीक होने के बाद आपूर्ति सुचारू करा दी गई थी।

# पुराने स्टैंड से हो बस संचालन

- देवभूमि व्यापार संघ ने डीएम को ज्ञापन सौंप उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी विनीत तोमर को ज्ञापन सौंपकर रोडवेज बसों का संचालन पुराने बस स्टैंड से कराने की मांग की है। व्यापारियों ने कहा है कि बस स्टेशन नगर से करीब चार किमी दूर है।

जिस कारण यात्रियों को वहां तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देवभूमि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू और जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पवार के नेतृत्व में डीएम से मिलने पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि लोअर माल रोड में स्थापित नए बस अड्डे तक पहुंचने में लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। क्योंकि वहां तक पहुंचने के लिए महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को तीन से चार किमी पैदल चलना पड़ रहा है। बस अड्डे तक पहुंचने के लिए कोई संसाधन नहीं हैं। टैक्सी चालक बस अड्डे तक छोड़ने के लिए मनमाना किराया वसूल रहे हैं। इससे यात्रियों को मानसिक और शारीरिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बसों का संचालन पूर्व की भांति माल रोड से करने की मांग की है। डीएम से मिले शिष्टमंडल में नगर महामंत्री दीप चंद्र जोशी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद पवार, जिला महामंत्री हिमांशु कांडपाल, नगर महिला उपाध्यक्ष मनु गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष आनंद सिंह भोज, जिला संगठन मंत्री नीरज थापा, जिला संयुक्त महामंत्री कमल बिष्ट, हरी कृष्ण खत्री, मनीष मल्होत्रा, हिमांशु बिष्ट आदि शामिल रहे।

# छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से किया सम्मानित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गंगोत्री गर्ब्याल बालिका विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

विद्यालय में मुख्य अतिथि निवर्तमान सभासद किशन खड़ायत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से बच्चे बेहतर करने को प्रेरित होंगे। प्रधानाचार्य हंसा धामी व प्रवक्ता शहजादी गौसिया ने बताया कि इंटर और हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 75 फीसदी से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार के तहत एक हजार रुपये दिए जाते हैं। इस वर्ष विद्यालय से दोनों कक्षाओं में 37 छात्राओं ने 75 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं। मुख्य अतिथि ने सभी छात्राओं की माताओं को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया।

# वाहनों पर चस्पा किए नोटिस

संवाददाता अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अब पुलिस ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। नगर के सभ्रांत लोगों के साथ हुई बैठक में निर्णय लिए जाने के बाद अब पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों पर नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

संबंधित वाहन स्वामियों द्वारा अगर निर्धारित तिथि तक अपने वाहनों को सड़क से नहीं हटाया तो पुलिस उन्हें क्रेन से उठवाकर डंपिंग जोन में खड़ा करेगी। बीते दिनों एसएसपी देवेंद्र पींचा ने नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, गणमान्य व्यक्तियों, जिला प्रशासन और नगर पालिका के साथ एक बैठक आयोजित की थी।

बैठक में नगर के धारानौला मार्ग पर सड़कों के किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों से लगने वाले जाम की समस्या से निजात पाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के संबंध में चर्चा हुई थी। एसएसपी के निर्देश के बाद अब सीओ विमल प्रसाद, कोतवाज जगदीश चंद्र देऊपा व निरीक्षक यातायात के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धारनौला क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े 29 वाहनों पर नोटिस चस्पा कर दिए हैं।



वाहनों पर नोटिस चस्पा करते पुलिस कर्मी।

# पीआरडी के जवानों को दो महीने से नहीं मिला मानदेय

- डीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में पीआरडी के जवानों को पिछले दो महीनों का मानदेय नहीं मिल पाया है। जिस कारण अब उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीआरडी के जवानों ने इस संबंध में जिलाधिकारी विनीत तोमर से मुलाकात की और इस मामले में हस्तक्षेप कर उन्हें शीघ्र मानदेय दिलाने की मांग की है।

जिलाधिकारी से मिले शिष्टमंडल ने उन्हें बताया कि पीआरडी के जवान पूरी जिम्मेदारी के साथ उन्हें दिए गए दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी उन्हें मार्च महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण अब उन्हें अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीआरडी जवानों ने कहा है कि मानदेय न मिलने के कारण वह अपने बच्चों की नए सत्र की फीस तक अभी तक नहीं भर पाए हैं। पीआरडी जवानों ने जिलाधिकारी से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमें हस्तक्षेप कर उन्हें शीघ्र मानदेय का भुगतान कराए जाने की मांग की है। डीएम से मिले शिष्टमंडल में गणेश प्रसाद, ओम प्रकाश, सुनील जोशी, गोविंद सिंह, मनोज कुमार, चंदन रौतेला, चंदन बिष्ट, विनोद कुमार, विनोद रौतेला, नरेंद्र सिंह, भगवान सिंह, दलीप राम, गिरीश लाल मौजूद रहे।

## मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना के लिए कार्मिकों को मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर राजकीय पॉलिटेक्निक दन्या के प्रवक्ता संजय कुमार ने कार्मिकों को इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट मैनेजमेंट सिस्टम से प्राप्त होने वाले डाक मतपत्रों की स्कैनिंग करने, पोस्टल को स्कैन करने एवं उनमें कैसे वैलिड एवं इनवैलिड पोस्टल का पता लगाया जाए, इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 50 मतगणना सुपरवाइजर एवं मतगणना सहायकों ने भाग लिया।

# हाईकोर्ट शिफ्ट करने का विरोध

- विभिन्न संगठनों ने बैठक कर रणनीति पर किया विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्ट करने की सुगबुगाहट के बीच विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में नगर में स्थानीय लोगों ने अल्मोड़ा में एक बैठक की। लोगों ने कहा कि हाईकोर्ट को शिफ्ट करने से यहां के हजारों लोगों का रोजगार शिफ्ट हो जाएगा। इसलिए सरकार को इस मामले में गंभीरता से सोचकर निर्णय लेने की आवश्कयता है।

अल्मोड़ा के एक निजी सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के गठन के समय स्पष्ट था कि गढ़वाल में राजधानी रहेगी और कुमाऊं में हाईकोर्ट रहेगा। कुमाऊं में हाईकोर्ट ही एकमात्र बड़ा संस्थान बचा हुआ है। हाईकोर्ट शिफ्ट होने से कुमाऊं की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी और पलायन भी बढ़ेगा। इसलिए हाईकोर्ट को कुमाऊं में ही कहीं दूसरे उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करना चाहिए। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि हाईकोर्ट शिफ्टिंग कुमाऊं गढ़वाल का नहीं बल्कि उत्तराखंड राज्य की अवधारणा का सवाल है। यह प्रदेश की जनता का दुर्भाग्य है कि 24 साल बाद भी स्थाई राजधानी व हाईकोर्ट का सवाल ऊहापोह के दौर में है। उत्तराखंड की अवधारणा को साकार करना है या फिर यहां की पर्यावरण संवेदनशीलता को देखना है तो गैरसैंण की ओर जाना चाहिए। अगर सुविधाओं की दरकार है तो फिर हाईकोर्ट को दिल्ली शिफ्ट कर देना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला ने कहा कि हाईकोर्ट अगर कुमाऊं से शिफ्ट होता है तो इससे हजारों लोगों के रोजगार व स्वरोजगार छिनेंगे। यह कुमाऊं गढ़वाल का मामला नहीं है। सरकारी संस्थाएं कुमाऊं व गढ़वाल में बराबर स्थापित होनी चाहिए। उत्तराखंड लोक वाहिनी के पूरन चंद्र तिवारी ने कहा कि गैरसैंण राज्य के बीचों बीच में स्थित है। स्थाई राजधानी व हाईकोर्ट गैरसैंण में होने पर कुमाऊं व गढ़वाल का समान रूप से विकास होगा। प्रोफेसर डा.वीडीएस नेगी ने कहा कि हाइकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर जनमत संग्रह कराया जा रहा है, जो कतई सही नहीं है। यदि नैनीताल में इसके लिए पर्याप्त स्थान नहीं है तो इसे कुमाऊं के ही किसी अन्य क्षेत्र में शिफ्ट किया जा सकता है। बैठक में डा. जेसी दुर्गापाल, अधिवक्ता केवल सती, आनंद सिंह बगडवाल, जमन सिंह आदि ने भी इस मामले में अपने विचार रखे। बैठक में जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कवींद्र पंत, विनोद तिवारी, नारायण राम, विशाल वर्मा, सुरजीत टम्टा, जयराम आर्या, संजय पांडेय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




हाईकोर्ट को लेकर अल्मोड़ा में विचार विमर्श करते विभिन्न संगठनों के लोग।

## वर्ग पहेली-77

**बाएं से दाएं**

2. 1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।
3. 1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।
4. 1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।
6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा
8. 1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।
9. 1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**

1. कामदेव, मदन।
2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत
4. 1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।
5. 1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।
7. 1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।




### वर्ग पहेली -76 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 1 जा | ■ |
| ■ | 2 दि | ■ | 3 अं | ज | न | क |
| ■ | 4 वां | टे | ड | ■ | का | ■ |
| 5 पो | ध | ■ | बं | ■ | री | ■ |
| ■ | ■ | 6 कं | ड | रा | ■ | 7 सो |
| 8 मू | ■ | गा | ■ | ■ | ■ | ह |
| ढ़ी | ■ | ली | ■ | 9 बु | न | ना |

## सुडोकू -156

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | 4 | 5 |
| | | | 4 | 6 | | | | |
| | | 1 | 3 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | | | | 5 | 1 | | | |
| | | | 5 | 9 | | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | | | 7 | | 1 | | 8 |

### सुडोकू -155 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 18 .47 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 07 .47 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष** – आज आप बहुत कुछ एक साथ करना चाहेंगे। इसके कारण आप सम्भवत: वह कार्य न कर पायें जिसका आपने लक्ष्य निर्धारित किया है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अच्छे मित्रों से मिलना हो सकता है। आज आपको अपने पारिवारिक जीवन पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृष** – आज व्यवसाय में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए। दूसरों के मामलों में आप ज्यादा व्यस्त रहने वाले हैं। नया रोजगार शुरू करने की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रुओं से आपको मुक्ति मिल सकती है। जीवनशैली काफी अच्छी रहेगी।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा नहीं है। भविष्य को लेकर लम्बी-चौड़ी योजना न बनाएं। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। मित्रों के ऊपर अति विश्वास करना उचित नहीं होगा। बोलचाल के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** – आज आप दिखावे में ज्यादा धन खर्च न करें। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से हानि हो सकती है। जिन जातकों को स्वास्थ्य की समस्या है उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी से ज्यादा अपेक्षा भाव न रखें।

**सिंह** – आज यात्राओं के लिए काफी अनुकूल दिन है। व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रुके हुए कार्यों में अचानक प्रगति से होने से उत्साहित रहेंगे। प्रबन्धन से जुड़े कार्यों में अच्छी सफलता मिलने की सम्भावना है।

**कन्या** – आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। इसीलिए आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**तुला** – आज आय के नए विकल्पों पर आप काम शुरू कर सकते हैं। बौद्धिक लोगों के बीच आपकी साख मजबूत होगी। ऐसे किसी भी कार्य की तरफ प्रवृत्त न हो जो आपको भविष्य में नुकसान पहुंचाए। गूढ़ रहस्यात्मक विषयों पर आप कुछ शोध कार्य जैसा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ असन्तोष जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा के दौरान बाहर का भोजन करने से बचें। व्यापार में कुछ बड़े बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** – आज आप कुछ बड़ी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग अपने प्रतिद्वन्दियों पर भारी पड़ने वाले हैं। लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय हो सकते हैं। यात्राओं से लाभ होगा। दिनचर्या काफी व्यस्त हो सकती है।

**मकर** – आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। यदि आप अपने काम के लिए किसी सहयोगी पार्टनर को जोड़ना चाहते हैं तो आज का दिन शुभ है। नई योजनाओं की शुरुआत आप कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज लोगों के बीच में आपके विषय में काफी चर्चा हो सकती है। फिल्म और साहित्य से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नए हैं तो आपको आज कुछ लोग परेशान कर सकते हैं। लेकिन आपको अपने आप विश्वास बनाये रखना चाहिये।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए तनावपूर्ण हो सकता है। अपनी रहस्य की बातों को गोपनीय रखें। किसी भी बात पर एकदम से प्रतिक्रिया न दें। आपके द्वारा की हुई गलतियों पर गौर करें और तुरन्त उसे दूर कर लें। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की सम्भावना कम है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- बरसात – सुबह : 11.15
- बादशाह – शाम : 05 .51

SONY PIX
- द वॉटर हाउस – सुबह : 10 .45
- दे रेड 2 – शाम : 05 .05

&pictures
- डाक्टर जी – सुबह : 10 .32
- गजनी – दोपहर : 03 .48

ZEE CINEMA
- दिल्लगी – सुबह : 10 .35
- एनेमी – शाम : 06 .00

colors CINEPLEX
- पद्मावत – सुबह : 09 .20
- चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 03 .48 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर– इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू– बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर– पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू– इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..
गोलू का बहाना सुनकर टीचर की हंसी छूट गई।

गर्लफ्रेंड– मैं अपना पर्स घर पर भूल आई, मुझे 1000 रुपये की जरूरत है।
बॉयफ्रेंड– कर दी न छोटी बात, पगली यह ले 10 रुपये।
अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स ले आ।
गर्लफ्रेंड बेहोश

# जो बोले सो निहाल... उद्घोष के साथ रीठा साहिब में जोड़ मेले का शुभारंभ

## डीएम ने किया मेले का शुभारंभ, पहले दिन पांच हजार तीर्थयात्रियों ने मत्था टेका

**मुख्य मेला 22 मई को, सेवा और बलिदान की सीख देता है सिख धर्म**

संवाददाता, टनकपुर



रीठा साहिब में फीता काटकर जोड़ मेला का शुभारंभ करते डीएम नवनीत पांडेय, साथ में एसपी अजय गणपति व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल... के उद्घोष के साथ रीठा साहिब का जोड़ मेला शुरू हो गया। तीन दिनी मेले का मंगलवार को पवित्र ग्रंथ साहिब पाठ की लड़ी के बीच आगाज हुआ। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने गुरुद्वारे के मुख्य द्वार पर फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने सिख धर्म की खूबियां बताते हुए त्याग और बलिदान को प्रेरणाप्रद बताया।

डीएम ने श्रद्धालुओं को मेले में सभी सुविधाएं देने के साथ रीठा साहिब के विकास के लिए मास्टर प्लान पर चल रहे काम की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेला क्षेत्र में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। उद्घाटन मौके पर कारसेवा प्रमुख बाबा बच्चन सिंह, बाबा सुरेंद्र सिंह, नानकमत्ता गुरुद्वारे के प्रबंधक बाबा रवींद्र सिंह, रीठा साहिब गुरुद्वारे के प्रबंधक बाबा श्याम सिंह, जिला सूचनाधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान राम, भोला बोहरा सहित बड़ी संख्या में सिख गुरु मौजूद रहे। संतों ने अमृतवाणी के अलावा रीठा साहिब गुरुद्वारे का इतिहास बताया। पहले दिन पांच हजार से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे। देश के कई हिस्सों के साथ ही नानकमत्ता, रुद्रपुर, हल्द्वानी, खटीमा, सितारगंज, काशीपुर सहित कई जगहों से संगत पहुंची। तीर्थयात्रियों ने रतिया और लधिया नदी के संगम पर स्नान कर गुरु के दरबार में मत्था टेका। इसी के साथ श्री गुरुग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की लड़ी शुरू हुई। मुख्य मेला 22 मई आज होगा। अखंड सबद-कीर्तन और लंगर चल रहा है। बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री बर्तन, जूते-चप्पल साफ कर सेवा में हाथ बंटा रहे हैं। मेले में विभिन्न स्थानों से आए कारोबारियों ने दुकानें भी सजाई हैं। वहीं इस मेले के चलते टनकपुर से रीठा साहिब मार्ग तक वाहनों की भी काफी आवाजाही रही।



रीठा साहिब में लगे लंगर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## लेफ्टिनेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद घर पहुंची नेहा

**बागेश्वर :** जौलकांडे गांव की धुआंधारा निवासी नेहा लोहुमी लेफ्टिनेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने घर पहुंची। इस दौरान नेहा ने परिवार के साथ अपने कुल देवता की पूजा-अर्चना की।

जौलकांडे निवासी नेहा लोहुमी ने बीते दिनों एमएनएस की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद वह दिल्ली से पहली बार अपने घर धुआंधारा पहुंची तथा परिजनों से मुलाकात की। नेहा ने बताया कि वह बचपन से सेना में जाना चाहती थी। नेहा ने कुल देवता गोलू के मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान उसके पिता नवीन चंद्र लोहुमी, माता दुर्गा लोहुमी समेत नंदाबल्लभ लोहुमी, महेंद्र लोहुमी, रमा लोहुमी, केवलानंद लोहुमी, रेखा लोहुमी, ललित लोहुमी, अशोक लोहुमी, भावना लोहुमी, अल्का लोहुमी, लोकेश लोहुमी, सोनू कर्नाटक रहे।

# तेंदुए के आतंक से दिलाएं निजात

**डीएफओ से मिले शिष्टमंडल ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग**

संवाददाता, अल्मोड़ा



डीएफओ अल्मोड़ा को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के आसपास से सटे गांवों में इन दिनों तेंदुए का आतंक बना हुआ है। तेंदुआ अब तक ग्रामीणों के कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। जबकि ग्रामीणों पर हमले का प्रयास भी कर चुका है। तेंदुए के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने अब डीएफओ से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है और तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

हवालबाग विकास खंड के सैनार गांव के ग्रामीणों ने प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह को जानकारी देते हुए बताया कि सैनार गांव में पिछले कई दिनों से तेंदुए का आतंक बना हुआ है। तेंदुए दिन दहाड़े आबादी वाले इलाकों में दिखाई दे रहा है और मौका मिलने पर मवेशियों और ग्रामीणों पर हमला कर रहा है। शनिवार की शाम तेंदुए ने गांव में एक कुछ मवेशियों को मौत के घाट उतार दिया। जबकि एक युवती पर भी हमले का प्रयास किया।

ग्रामीणों ने कहा है कि तेंदुए के आतंक के कारण अब ग्रामीणों का इधर उधर जाना दूभर हो गया है। ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह ने डीएफओ को बताया वह कई बार वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस कारण अब ग्रामीणों को खौफ के साए में दिन व्यतीत करने पड़ रहे हैं। ग्राम प्रधान ने कहा है कि अगर तेंदुओं को पकड़ने के लिए विभाग द्वारा अब भी कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह आंदोलन की रणनीति बनाने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

ज्ञापन में मदन सिंह बिष्ट, जोगा सिंह कनवाल समेत अन्य अनेक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं।

## गो हत्या के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**अल्मोड़ा :** सत्र न्यायाधीश श्रीकांत पांडे ने जिले के भतरौंजखान कस्बे में गो हत्या के आरोपी सूणी निवासी हरि सिंह कड़ाकोटी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि दो मई 2024 को भतरौंजखान के मोहनरी में छह गोवंश की हत्या का मामला सामने आया था। उन्होंने बताया कि इस मामले के दौरान रींची रोड पर खाई में गोवंश के क्षत विक्षत शव बरामद हुए थे। स्थानीय लोगों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ और गोवंश की हत्या के आरोप में ऊधमसिंह नगर और रामपुर निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ में सूणी निवासी हरी सिंह कड़ाकोटी का नाम भी सामने आया। आरोप था कि पैसे लेकर उसने गोवंश को मौके तक पहुंचाया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसके बाद उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की थी। उन्होंने बताया कि सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

# समय पर पूरे हों खनन न्यास के कार्य : डीएम

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने खनन न्यास के कार्यों की समीक्षा करते हुए अवशेष निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश देते हुए कहा कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं।

कहा कि खनन क्षेत्र के इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व सड़क मार्ग जैसे जरूरी कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि खनन न्यास निधि से जिले के खनन प्रभावित इलाकों में जनता की समस्याओं का समाधान करने एवं उन्हें सुलभ सुविधाएं प्रदान की जानी हैं। इसलिए कार्य समय पर पूरा करें। कार्य पूर्ण होने पर नियमानुसार उपयोगिता प्रमाण पत्र व थर्ड पार्टी की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता आरडब्ल्यूडी ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, तीन कार्यों की यूसी दे दी गयी है तथा नौ कार्यों की यूसी भेजी जानी है। अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि कपकोट क्षेत्र में पांच कार्य हैं, जिन्हें पूर्ण कर लिया गया है। ईई जल संस्थान ने बताया कि चार कार्यों में से तीन कार्य पूर्ण हो गये हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आठ कार्यो के सापेक्ष पांच कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा शेष तीन कार्यों को यथा समय पूर्ण कर लिया जाएगा।

बैठक के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्वास्थ विभाग के कार्यों की भी जानकारी दी। बैठक में उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, ईई लोनिवि अमित कुमार पटेल, जल संस्थान सीएस देवडी, विमल सूंठा आदि रहे।

# आओ हम सब योग करें अभियान शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

**पहले दिन प्रतिभागियों को सामान्य योग का कराया अभ्यास**

**अमृत विचार :** अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सोबन सिंह जीना विवि के योग विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आओ हम सब योग करें अभियान का आगाज हो गया है।

अभियान का शुभारंभ विवि के कुलसचिव डा. डीएस बिष्ट, पूर्व कुलपति प्रो. जगत बिष्ट, प्रो. शेखर जोशी व योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नवीन भट्ट ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अभियान के पहले दिन विवि के योग प्रशिक्षक गिरीश अधिकारी, योग प्रशिक्षु बबीता कांडपाल व दीपा जोशी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग जैसे प्रार्थना, सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, प्राणायाम, मुद्रा, ध्यान व शांति पाठ का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के संयोजक डा. नवीन भट्ट ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विवि के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट के नेतृत्व में योग विज्ञान विभाग 21 मई से 21 जून तक अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत समेत प्रदेश और देश के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क योग शिविरों का आयोजन कर रहा है। जिसमें विभाग के चार सौ से अधिक प्रशिक्षु प्रत्येक दिन चार सौ एवं माह में बारह हजार योग शिविरों के माध्यम से लोगों को योग की शिक्षा देंगे।



एसएसजे परिसर में योग का अभ्यास करते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

# विधायक तिवारी ने कोसी बैराज का निरीक्षण किया



कोसी बैराज का निरीक्षण करते विधायक मनोज तिवारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विधायक मनोज तिवारी ने कोसी बैराज में गाद आने की समस्या और उससे पेयजल आपूर्ति पर प्रभाव का निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई खण्ड के अधिशाषी अभियंता को बैराज में गाद के निस्तारण एवं सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने बैराज में पर्यटन की दृष्टि से नौकायन चलाने के लिए उचित प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने की बात कही। साथ ही पर्यटन अधिकारी को बैराज के सौन्दर्यीकरण के लिए उचित प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता को गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजलापूर्ति बनाए रखने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए और कहा कि इसके लिए जिला व शासन स्तर पर उनके द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

## शराब की दुकान के विरोध में दिया धरना

**अल्मोड़ा :** काफलीखान कस्बे में शराब की दुकान खोलने का महिलाओं ने कड़ा विरोध कियां है। महिलाओं ने कहा है कि शराब की दुकान खुलने के बाद से क्षेत्र में अराजकता बढ़ती जा रही है। जिसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगी।

क्षेत्र की महिलाएं तहसील कार्यालय पहुंची और उन्होंने यहां सांकेतिक धरना दिया। धरना सभा को संबोधित करते हुए महिलाओं ने कहा कि प्रशासन द्वारा मुख्य चौराहे पर शराब की दुकान खुलवा कर क्षेत्र की शांति भंग करने का कार्य किया है। ग्रामीणों ने शराब की दुकान हटाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया और शराब की दुकान को शीघ्र बंद कराने की मांग की। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि दुकान नहीं की गई तो वह आंदोलन शुरू कर देंगी। धरना सभा में प्रधान राजेंद्र कुमार, नवीन लाल, रोहित कुमार, संजय कुमार, अजय कुमार, पवन कुमार, तुलसी देवी, प्रेमा देवी, जानकी देवी, गुड्डी देवी आदि रहे।।

## पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को याद किया

**रानीखेत :** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव गांधी पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की नींव राजीव गांधी जी ने रखी थी। राजीव गांधी की देन कंप्यूटर क्रांति से ही आज भारत नई ऊंचाइयों को छू पाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल देव, चिलियानौला नगर अध्यक्ष कमलेश बोरा, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, हेमंत रौतेला, रमेश पंत, विश्व विजय माहरा, चंदन बिष्ट, रुसैल दुआ, पंकज गुरुरानी, दीप उपाध्याय रहे।

## विवेकानंद के विचार आज भी हैं प्रासंगिक: डॉ. राधाकृष्णन



एसएसजे विवि में स्मारिका का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएस जीना विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद व महात्मा गांधी आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ, अध्ययन केंद्र और रामकृष्ण कुटीर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन हुआ। सेमिनार में रामकृष्ण कुटीर के अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानंद ने कहा कि यह सेमिनार शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. जगत सिंह बिष्ट ने उनकी विलक्षणता पर चर्चा की। अमेरिका के हिंदू विवि के प्राध्यापक डॉ. राधाकृष्णन पिल्लई ने कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इस दौरान स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

## उत्तर प्रदेश

# प्रख्यात संगीतज्ञ मीरा माथुर का निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भातखंडे संगीत विद्यापीठ की रजिस्ट्रार और प्रख्यात संगीतज्ञ मीरा माथुर (74) का मंगलवार को लखनऊ के न्यू हैदराबाद स्थित आवास पर निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थीं। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2011 में उन्हें कला उन्नयन सम्मान से अलंकृत किया था।

मुरादाबाद में 16 अप्रैल 1950 को जन्मी मीरा माथुर ने एमए(संगीत) के अलावा कम्प्यूटर साइंस में एमएससी व एलएलबी की डिग्री भी हासिल की। उन्होंने संगीत की विधिवत शिक्षा उस्ताद शराफत हुसैन खां, पं. जगदीश मोहन, सुजीत देवघरिया और प्रोसेनजीत देवघरिया से हासिल की।



उन्होंने बंदिशों की धरोहर, फोक डांसेज ऑफ़ इंडिया, संगीत शास्त्र परामर्श, कथक अ कम्प्रेहेन्सिव स्टडी समेत 13 पुस्तकें लिखीं।

उन्होंने लर्न कथक डांस, थ्योरी ऑफ़ भरतनाट्यम आदि के छह सॉफ्टवेयर विकसित किए। हंसध्वनी के नाम से वह एक यूट्यूब चैनल भी चलाती थीं। देश-विदेश में हुए कई संगीत समारोहों में उन्होंने अपनी गायन कला का प्रदर्शन किया। उन्हें वामा सम्मान, सहयोग रत्न अवार्ड, स्वरश्री सम्मान और संगीत कला निधि सम्मान हासिल हुए।

# प्रेम में बाधा बनने पर किशोरी ने पिता को गला रेतकर मार डाला

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**सोमवार की देर रात सोते समय दिया घटना को अंजाम, भाई पर भी किया जानलेवा हमला**

**अमृत विचार :** परिवार प्रेम प्रसंग में बाधा बना तो किशोरी ने भयानक योजना बना डाली। इसके तहत रात के समय जब पिता सो रहे थे उसने धारदार हथियार से उनका गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया।

इसके बाद भाई पर भी जानलेवा हमला कर दिया लेकिन वह समय रहते जाग गया इसलिए जान बच गई। शोरशराबा सुनकर परिवार के और लोग दौड़ पड़े और हमलावर हुई किशोरी को किसी तरह से काबू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के करमुल्लापुर निवासी अजय पाल राजपूत सौरिख विकासखंड में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे।

वह पत्नी मोनी (48), बेटों सिद्धार्थ (18),अमन (14) और बेटी (17) के साथ गांव में ही रह रहे थे। सोमवार की शाम परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर गहरी नींद में सो गए। रात करीब दो बजे बेटी जो कक्षा 12 की छात्रा है, ने धारदार हथियार से पिता की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके कुछ देर बाद भाई के पास पहुंच उसकी गर्दन पर पैर रख कर हथौड़े से प्रहार करना चाहा लेकिन वह जाग गया और बहन की गर्दन पकड़कर दबोच लिया। इस पर किशोरी ने भाई के पैर और हाथ में काट लिया।

चीखपुकार सुन पड़ोस में रहने वाले परिजन दौड़े और किशोरी को काबू कर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों को सूचना देने के साथ ही किशोरी को हिरासत में ले लिया। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और किशोरी को कोतवाली भेज दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गोमती और इंदिरा नहर में नहाने गए दो लोगों की डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रिवर फ्रंट पर अधेड़ ने गोमती में कूदकर दी जान**

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज पीपे वाले पुल के पास नहा रहे बाबू (14) की डूबने से मौत हो गई। दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। चीख-पुकार पर पहुंचे गोताखोरों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। वहीं गोसाईंगंज स्थित इंदिरा नहर में दोस्तों के साथ नहा रहे यूसुफ (18) की डूबकर मौत हो गई। उधर गोमतीनगर रिवर फ्रंट पर ओमप्रकाश (47) ने कूदकर जान दे दी।

मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी गौतम विश्वास मछली का व्यापार करते हैं। गौतम के मुताबिक, बेटा बाबू बाबा ठाकुरदास स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र था। मंगलवार सुबह अपने दोस्तों के साथ घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था। पीपे वाले पुल के पास नहाते समय पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। बेटे को डूबता देख दोस्तों ने चीख पुकार मचाई। गोताखोरों ने उसे नदी से बाहर निकाला, पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज विकास राय के मुताबिक, नदी के किनारे छात्र के कपड़े मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

वहीं गोसाईगंज के इंदिरा नहर में सोमवार शाम को दोस्तों के साथ नहाते समय मोटर मैकेनिक युसुफ (18) की मौत हो गई। कैंट के शारदा नगर निवासी युसूफ सोमवार शाम को अपने दोस्त आर्यन, आसिफ, रोहन और आर्यन कुमार के साथ गोसाईंगंज के भटपुरवा गांव के पास इंदिरा नहर में नहाने गए थे। नहाते समय युसूफ पानी में डूब गया। मंगलवार को एनडीआरएफ टीम ने युसूफ का शव खोजकर बाहर निकाला। वहीं नाका के दुर्विजय गंज निवासी ओमप्रकाश (47) ने गोमतीनगर रिवर फ्रंट पुल से छलांग लगा दी। गोताखोरों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें खोजकर बाहर निकाला। पर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## संविदा कर्मी की कार्य के दौरान करंट लगने से मौत

**भमोरा, अमृत विचार :** बार-बार हादसों के बाद भी बिजली विभाग कोई सबक नहीं ले रहा है। अब भमोरा के लंगूरा गांव में फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से संविदा कर्मचारी की मौत हो गई। कर्मचारी बिना शटडाउन लिए फाल्ट ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ गया था। लंगूरा गांव निवासी राजवीर यादव बल्लिया विद्युत उपकेंद्र पर संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात थे। दो महीने पहले उनका बल्लिया से आंवला ग्रामीण फीडर पर स्थानांतरण कर दिया गया था। पत्नी नन्ही ने बताया कि सोमवार की शाम राजवीर अपना काम करके घर लौट रहे थे। रात 9 बजे पडोसी गांव के एक लाइनमैन का फोन आया था। उसने गांव के दक्षिण दिशा के एक खंभे का फॉल्ट ठीक करने को कहा था। साथी लाइनमैन के कहने पर उनके पति लाइन ठीक करने चले गये। खंभे पर चढ़ते ही करंट लगने से वह नीचे गिर गए। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## हादसे में घायल हुए सिपाही की उपचार के दौरान मौत

**शाहबाद (रामपुर), अमृत विचार :** सीओ कार्यालय से डाक लेकर रामपुर जा रहा सिपाही सड़क हादसे में घायल हो गया था। मंगलवार को दिल्ली स्थित एम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मूल रूप से अमरोहा जनपद के थाना मंडी धनौरा के गांव मोहम्मदपुर लोहार निवासी अनिल कुमार (30) 2016 बैच के सिपाही थे। वह अगस्त 2020 से शाहबाद कोतवाली में तैनात थे। छह मार्च को वह सीओ कार्यालय से डाक लेकर रामपुर जा रहे थे। रास्ते में मिलक थाना क्षेत्र के गांव रेवड़ी कलां के निकट सड़क हादसे का शिकार हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसके बाद उन्हें मुरादाबाद के कॉसमॉस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# आधी सीटों पर सीधी, एक तिहाई में त्रिकोणीय लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। प्रदेश में अब जिन 27 सीटों पर अगले दो चरणों में लोकसभा चुनाव होना है, उसे पूर्वांचल का रण कहा जा रहा है। यहां जातीय गोलबंदी के बीच आधी सीटों पर सीधी तो एक तिहाई में तिकोनी लड़ाई की तस्वीर उभर रही है। 2019 के परिणाम के मुताबिक इन 27 सीटों में भाजपा ने 18, अपना दल ने दो यानी एनडीए गठबंधन ने 20 सीटें जीती थीं। आजमगढ़ की सीट भाजपा ने उपचुनाव में सपा से छीन ली थी। इस तरह एनडीए के पास वर्तमान में 21 सीटें हैं, जबकि छह सीटें बसपा के पास हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। इस बार सपा ने कांग्रेस से गठबंधन किया है, जबकि बसपा अकेले चुनाव मैदान में है। बसपा ने 2019 के चुनाव में जौनपुर, घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज लोकसभा सीटों पर सफलता पाई थी।

अंतिम दो चरणों में मतदान वाली 27 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 24 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। दो सीटों पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) और एक सीट पर ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में है। इसके मुकाबले सपा ने 22 सीटों पर उम्मीदवार उतार रखे हैं। चार सीटों पर गठबंधन के तहत कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ हैं। एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार मैदान में है। बसपा के प्रत्याशी सभी 27 सीटों पर ताल ठोंक रहे हैं।

भाजपा के सामने मिशन-80 की कामयाबी के लिए इन 27 सीटों पर क्लीन स्वीप करने की चुनौती है, तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने आजमगढ़ सीट भाजपा से वापस लेने के साथ अपने पीडीए फॉर्मूले की सफलता सुनिश्चित करनी है। बसपा प्रमुख मायावती की सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी का सियासी आधार कायम रखना है, तो कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली के बाहर अपना वजूद तलाशने की चुनौती से जूझना है।

**25 मई को 14 सीटों पर पड़ेंगे वोट:** प्रदेश में छठे चरण में 14 सीटों सुलतानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर व भदोही लोकसभा सीट पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। सातवें चरण का मतदान एक जून को 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज में होगा।

## अगले दो चरणों में 27 लोकसभा सीटों पर पूर्वांचल का रण जीतने की जंग






**27** लोकसभा सीटों पर प्रदेश में चुनाव रह गया शेष

**14** सीटों पर छठे चरण में 25 मई को होगा मतदान

**13** सीटों पर अंतिम चरण में पहली जून को वोटिंग

### 2019 का परिणाम




(आजमगढ़ की सीट सपा उपचुनाव में भाजपा से हार गई थी)

### इंडिया ब्लॉक

- 22 – सीटों पर सपा ने उम्मीदवार उतारे
- 04 – सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव
- 01 – एक सीट भदोही से टीएमसी का उम्मीदवार
- 27 – सभी सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

### कौन कितनी सीट पर मुकाबले में (एनडीए)

- 24 – लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी
- 02 – सीटों पर अपना दल (एस) के उम्मीदवार
- 01– सीट पर सुभासपा का प्रत्याशी मैदान में

### चुनावी चक्रव्यूह का छठा द्वार भाजपा पांच सीटें गई थी हार

- छठे चरण की अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज और जौनपुर सीट साल 2019 के चुनाव में बसपा ने जीती थी तो आजमगढ़ में सपा ने जीत दर्ज की थी, हालांकि अब इस सीट पर उसका कब्जा नहीं है। ऐसे में इस बार भाजपा के लिए इन पांच सीटों पर कमल खिलाने की चुनौती है, जो आसान काम नहीं है। इसकी वजह, पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जातीय समीकरणों का मकड़जाल है। यहां आधी से ज्यादा सीटों पर पिछड़ों का प्रभाव है। वही हार जीत तय करते हैं। इसके कारण ही अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी जैसे छोटे दल पिछड़े वर्ग के मतदाताओं में खास जाति के आक्सीजन पर ही चल रहे हैं। इसी तरह करीब एक तिहाई सीटों पर सवर्ण विशेष रूप से ब्राह्मण और ठाकुर मतदाता प्रभाव रखते हैं। इसे देखते हुए सभी दल अपने आधार वोट बैंक को जातीय वोटों के साथ जोड़कर प्रत्याशी उतारते रहे हैं।

## पहले जाति-बिरादरी फिर पार्टी : पूर्वांचल में छठे चरण की वे छह सीटें जिन पर आर-पार का मुकाबला

### लालगंज में सात चुनावों में एक बार जीती भाजपा

- लालगंज लोकसभा सुरक्षित सीट पर पिछले सात चुनावों में चार बार बसपा, दो बार सपा जबकि भाजपा ने सिर्फ एक बार 2014 में जीत दर्ज की है। इससे पहले 2009 में बसपा जीती थी और 2019 में सपा के साथ गठबंधन में जीत हासिल की थी। बसपा की संगीता आजाद को 54 .01 तो भाजपा की नीलम सोनकर को 37 .19 प्रतिशत मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी लगभग दो प्रतिशत वोट ही हासिल कर पाया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने लालगंज लोकसभा क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटें जीत ली थी। इस बार भाजपा ने फिर से नीलम सोनकर पर ही भरोसा जताया है। सपा ने पुराने समाजवादी दरोगा सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है, तो बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है।




### जौनपुर में आठ चुनावों में भाजपा तीन बार जीती

- जौनपुर सीट पर 1996 से भाजपा और बसपा को तीन–तीन बार जीत मिली है। सपा यहां दो बार जीती है। 2019 के चुनाव में बसपा के श्याम सिंह यादव ने भाजपा के सांसद कृष्ण प्रताप सिंह को 60 हजार मतों से हराया था। कांग्रेस के देवव्रत मिश्रा 27 हजार वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। 2014 में भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह वोटों के बंटवारे से जीत गए थे। उन्हें 3 .67 लाख वोट मिले थे। बसपा के सुभाष पांडे को 2 .20, सपा के पारसनाथ यादव को 1 .80, निर्दलीय धनंजय सिंह को 64 हजार, आप पार्टी के डॉ. केपी यादव को 43 हजार और कांग्रेस के रविकिशन को भी करीब 43 हजार मतों मिले थे। इस मर्तबा यहां बसपा से सांसद श्याम सिंह यादव, भाजपा से कृपाशंकर सिंह, सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा मैदान में हैं।




### आजमगढ़ में बीते नौ चुनावों में दो बार ही खिल पाया कमल

- आजमगढ़ लोकसभा पर 1996 से अब तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में चार बार सपा, तीन बार बसपा और दो बार भाजपा को जीत मिली है। 2019 के चुनाव में समाजवादी पारेटी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ को 2 .60 लाख मतों से हराया था। अखिलेश के इस्तीफा देने पर 2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा से दोबारा उतरे निरहुआ आठ हजार वोटों से जीत गए थे। इस चुनाव में सपा के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को 2 .66 लाख वोट मिलना था। इस बार सपा ने धर्मेंद्र यादव, भाजपा ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को उतारा है, तो बसपा से मशहूद सबीहा अंसारी चुनाव मैदान में हैं।




### पिछली बार सिर्फ 181 मतों से ही मिली थी जीत

- मछलीशहर लोकसभा सीट पर नजर डालें तो तीन दशक के चुनाव में भाजपा ने चार बार, सपा ने दो बार और बसपा ने बार जीत हासिल की है। 2019 के चुनाव में यहां दिल की धड़कनें रोक देने वाला मुकाबले में भाजपा के बीपी सरोज ने बसपा के त्रिभुवन राम को 181 मतों से हरा दिया था। 2014 में भाजपा से रामचरित्र निषाद वोटों का बंटवारा होने से जीत गए थे। राम चरित्र को 4 .38 लाख, बसपा के बीपी सरोज को 2 .66 लाख, सपा के तूफानी सरोज को 1 .91 लाख, कांग्रेस के तूफानी निषाद को 36 हजार और भाकपा के सुभाष चंद्र को 18 हजार से ज्यादा मत मिले थे। इस बार भाजपा से सांसद बीपी सरोज, सपा ने अपने तीन बार के सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज, बसपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपाशंकर सरोज पर दांव लगाया है।




### श्रावस्ती में जीत का आधार बना ब्राह्मण कार्ड

- श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र ब्राह्मण–मुस्लिम बहुल है। 2008 में बनी इस सीट पर तीन चुनावों में कांग्रेस, भाजपा व बसपा एक–एक बार जीती है। 2019 में बसपा के रामशिरोमणि शर्मा ने भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा को 5,320 मतों से हरा दिया था। कांग्रेस के धीरेंद्र प्रताप सिंह 58 हजार मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। बसपा ने इस बार मुइनुद्दीन अहमद खान को मैदान में उतारा है। 2014 में जीते भाजपा के दद्दन मिश्रा को मिले 3 .45 लाख मतों के मुकाबले सपा के अतीक अहमद को 2 .60, बसपा के लालजी वर्मा को 1 .94 लाख, पीईसीपी के रिजवान जहीर को 1 .01 लाख वोट मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के पुत्र साकेत मिश्र को उतारा है। सपा से सांसद रामशिरोमणि वर्मा और बसपा से मुइनुद्दीन अहमद हैं।




### अंबेडकरनगर में आठ में छह चुनाव बसपा ने जीते

- अंबेडकर नगर लोकसभा सीट से बसपा सुप्रीमो मयावती 2019 में बसपा के रितेश पांडेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को 96 हजार मतों से हरा दिया था। इससे पहले 2014 में भाजपा के हरिओम पांडे 4 .32 लाख वोट पाकर जीते थे। लेकिन बसपा के राकेश पांडेय को 2 .92 लाख, सपा के राममूर्ति वर्मा को 2 .34 लाख और कांग्रेस के अशोक सिंह को 23 हजार मत मिले थे। इस बार यहां भाजपा ने बसपा से आए सांसद रितेश पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। रितेश के पिता 2009 में बसपा से यहां से सांसद चुने गए थे, 2014 में हार गए थे। बसपा ने जलालपुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कमर हयात तो सपा ने छह बार के विधायक लालजी वर्मा पर भरोसा जताया है।




---

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर रोचक हुआ चुनावी संग्राम

## हरियाणवी खून और बब्बर शेर के बीच कर गई चुल्ल


राज बब्बर।


राव इंद्रजीत सिंह।


राहुल फाजिलपुरिया।

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** देश का प्रमुख आईटी व इनोवेशन केंद्र गुरुग्राम इस समय रोचक चुनावी संघर्ष का नजारा देख रहा है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सिने अभिनेता राज बब्बर जिन्हें कांग्रेसी 'बब्बर शेर' बता रहे हैं, का मुकाबला 2019 में जीत की हैट्रिक लगा चुके भाजपा के केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से हो रहा है। राव इंद्रजीत सिंह ने 2009 में कांग्रेस से चुनाव जीता था और 2014 के चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा से मतभेद के चलते भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा यहां राजबब्बर को बाहरी बताकर 'हरियाणवी खून' के लिए वोट मांग रही है। लेकिन इन दोनों के मुकाबले में तीसरी कड़ी बनकर तेजी से उभरे हैं, जेजेपी के प्रत्याशी बॉलीवुड रैपर हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया। वह 2016 में आई फिल्म 'कपूर एंड संस' के गाने 'कर गई चुल्ल' में आवाज देकर मशहूर हुए थे। इन तीनों प्रत्याशियों के बीच चौथा कोण भी है, इंडियन नेशनल लोकदल ने यहां मुस्लिम मतदाताओं की अच्छी तादाद देखते हुए हाजी सोहराब खान को मैदान में उतार रखा है।

गुरुग्राम 25,78,523 मतदाताओं के साथ हरियाणा का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। शानदार चमक-दमक वाले इलाकों के साथ मेव मुस्लिम बहुल पिछड़ा नूंह क्षेत्र भी इस लोकसभा सीट का हिस्सा है। यहां 19% के साथ सबसे बड़ा वोट बैंक मेव मुस्लिम हैं। अहीरों की आबादी 17% है, जाट यहां आबादी का 8% हिस्सा हैं और सामान्य श्रेणी में सबसे बड़ा समुदाय हैं। इनके बाद पंजाबी करीब 7% हैं। दलित आबादी 15% है।

भाजपा प्रत्याशी इंद्रजीत सिंह अपनी चौथी जीत के लिए चुनाव को मूल बनाम बाहरी लड़ाई बता रहे हैं। उनकी बेटी आरती सभाओं में हरियाणवी खून के लिए वोट मांग रही हैं। लेकिन राव इंद्रजीत सिंह की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। उन्हें इस भाजपा की गुटबाजी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के बड़े नेता भी उनके प्रचार में सिर्फ खानापूरी के लिए ही आते-जाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में राव इंद्रजीत ने अपने प्रचार अभियान में मोदी का गारंटी के साथ विकास पर फोकस कर रखा है। वह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण, एम्स रेवाड़ी की आधारशिला रखने और कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देकर वोट मांग रहे हैं। 2019 में राव इंद्रजीत सिंह ने लगभग चार लाख वोटों से कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन अजय यादव को हराया था। इसके मुकाबले कांग्रेस के राज बब्बर अपने पंजाबी समुदाय के साथ मुस्लिम मतों पर भरोसा करते हुए स्टारडम का फायदा उठाते हुए अन्य वर्गों को साधने में मेहनत कर रहे हैं।

## भोजपुरी गीत और बदलाव को कसी मुट्ठियां

चुनाव डेस्क

● दिल्ली की नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला

**अमृत विचार।** दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों में नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट लगातार सबसे हॉट बनी हुई है। यहां भोजपुरी गीतों की धूम के बीच बदलाव के लिए कसी मुट्ठियों का जोश टकराता नजर आ रहा है। जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे कन्हैया कुमार जो राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा करके उनके भरोसेमंद बन चुके हैं, इस सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी का समर्थन मिला हुआ है। कन्हैया का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद भोजपुरी सिनेमा के गायक और सुपरस्टार मनोज तिवारी से हो रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी भले ही बिहार से हैं, लेकिन इनकी राजनीति दिल्ली में ही शुरू हुई है। इस कारण मुकाबला और रोचक हो गया है। इस सीट पर अधिकतर मतदाता पूर्वांचल से जुड़े हैं। ऐसा माना जाता है कि पूर्वी यूपी और बिहार के लोग ही यहां चुनाव का नतीजा तय करते हैं। इन लोगों की मुख्य मांगों में कॉलोनियों का नियमितीकरण, नौकरी की सुरक्षा, किफायती आवास और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता शामिल है। पूर्वांचल और बिहार के इन मूल निवासियों का कहना है कि राजधानी में कई साल बिताने के बाद भी उनके साथ दोयम दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार किया जाता है। वे ज्यादातर छोटे आवासों में रहते हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। लेकिन इन सारी समस्याओं के बावजूद ये मतदाता बड़ा वोट बैंक हैं, जिन्हें लुभाने के लिए मनोज तिवारी की चुनावी सभाओं में 'रिंकिया के पापा' जैसे भोजपुरी गानों की धूम सुनी जा सकती है। दिल्ली की इस लोकसभा सीट पर पूर्वांचल और बिहार के मतदाताओं के साथ ही महिला वोटर के हाथ में जीत की कुंजी मानी जाती है। इसकी वजह इस लोकसभा सीट पर महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से ज्यादा होना है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र में 10 विधानसभा सीटें हैं। इनमें अधिकतर पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है, जो कांग्रेस से गठबंधन के चलते कन्हैया कुमार के साथ खड़ी है।



**जीत का भरा जोश** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को धनबाद निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के समर्थन में बोकारो जिले में चुनाव प्रचार किया।

---

सुल्तानपुर सीट से दूसरी जीत दर्ज करने पर नौ बार सांसद चुने जाने का रिकार्ड बना देंगी भाजपा नेता

## मेनका गांधी पिछली बार जैसे संघर्ष में ही उलझी दिख रहीं

सुल्तानपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क



**अमृत विचार।** आठ बार की सांसद मेनका गांधी सुल्तानपुर से दूसरी बार चुनाव जीतने के साथ ही डीबी राय के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। राय भी नौ बार सांसद बने थे। वैसे सबसे ज्यादा बार लोकसभा में पहुंचने का रिकार्ड इंद्रजीत गुप्ता के नाम है, जो 11 बार चुनाव जीते थे। 10 बार सांसद बनने वालों में अटल बिहारी वाजपेई, सोमनाथ चटर्जी और पीएम सईद का नाम है। 2019 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिए सुल्तानपुर में भाजपा की प्रत्याशी मेनका गांधी को खासा संघर्ष करना पड़ा था। कांटे के मुकाबले में उन्होंने बसपा उम्मीदवार चंद्रभद्र सिंह को 14 हजार वोटों से हराया था। इस जीत के साथ ही मेनका गांधी सुल्तानपुर की पहली महिला सांसद भी बन गई थीं। उनसे पहले यहां से कोई महिला उम्मीदवार जीत नहीं हासिल कर पायी थी।

भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में इस बार का चुनाव भी आसान नहीं नजर आ रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र में निषाद मतदाता बड़ी संख्या में हैं। सपा ने इसी जातीय समीकरण को साधने के लिए तमाम आंतरिक कलह के बाद राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा है। वह पहले बसपा फिर भाजपा में रह चुके हैं।

2007 में बनी बसपा सरकार में मत्स्य राज्य मंत्री थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़े थे। बसपा से इस बार नए और युवा चेहरे के रूप में उदराज वर्मा क्षेत्र में मेहनत करते नजर आ रहे हैं। पिछले तीन चुनावों में यहां बसपा दूसरे नंबर पर रही है, ऐसे में बसपा की चुनौती को कमजोर करके नहीं आंका जा सकता है। जानकार इस बार त्रिकोणीय संघर्ष होना मान रहे हैं। दरअसल, बसपा ने यहां कुर्मी समाज पर दांव खेला है, जिनकी मतदाता संख्या एक लाख से ज्यादा है। बसपा की रणनीति कुर्मी और करीब साढ़े तीन लाख दलित मतों के सहारे मुकाबले में आकर मुस्लिम मतों को भी अपनी झोली में डालना है। उधर, सपा ने भी लोकसभा क्षेत्र में दो लाख से अधिक गिने जाने वाले निषाद मतदताताओं के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग और एम वाई समीकरण के तहत यादव और मुस्लिम मतों के सहारे जीत की उम्मीद लगा रखी है।

### अकेले ही संभाल रखी है प्रचार की कमान

- मेनका गांधी सुल्तानपुर के गांवों में लगातार प्रचार में जुटी हैं। वह प्रतिदिन सैकड़ों लोगों से संपर्क कर रही है। अभी भाजपा के किसी बड़े नेता की सभा उनके समर्थन में नहीं हुई है। सुल्तानपुर लोकसभा में सुल्तानपुर, जयसिंहपुर सदर, लम्भुआ, कादीपुर और इसौली विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से इसौली को छोड़कर जहां से सपा के मो. ताहिर खान विधायक हैं, बाकी चार विधानसभाओं में भाजपा का कब्जा है। जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के चेयरमैन पद पर भी भाजपा काबिज है। मेनका गांधी के साथ सीधे तौर पर कोई जातीय समीकरण नहीं है, लेकिन विधायकों और संगठन के माध्यम से भाजपा सभी वर्ग के मतदाताओं तक मोदी की गारंटी, विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के साथ राष्ट्रवाद का संदेश पहुंचा रही है।

**कांटे के मुकाबले में 2019 में 14,526 मतों से मिली थी जीत :** 2019 के चुनाव में मेनका गांधी को 4,59,196 वोट मिले थे। बसपा के चंद्र भद्र सिंह ने 4,44,670 मत पाए थे। मेनका गांधी चुनाव 14,526 वोटों के अंतर से जीतने में सफल रही थीं। इससे पहले 2014 में मेनका गांधी के पुत्र वरुण गांधी यहां से भाजपा के सांसद चुने गए थे। वरुण ने बसपा के पवन पांडेय को 1,78,902 वोटों से हराया था। सपा के शकील अहमद तीसरे और 41 हजार वोट पाकर कांग्रेस की अमिता सिंह चौथे स्थान पर पिछड़ गई थीं। 2009 का चुनाव कांग्रेस के डॉ. संजय सिंह ने जीता था, तब बसपा के मोहम्मद ताहिर दूसरे स्थान पर थे। भाजपा से उतरे सूर्यभान सिंह 44 हजार वोटों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए थे।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,953.31 | 22,529.05 |
| नुकसान/बढ़त | 52.63 | 27.05 |
| प्रतिशत में | 0.07 | 0.12 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1990, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1730, रविन्द्रा 1900, फॉर्चुन ली. 1590, जय जवान 1480, सचिन 1540, सूरज 1505, अवसर 1635, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1625, चक्र टिन 1805, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1815, स्वास्तिक 1960, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7425-7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7850, लाल हिंदुस्तान 7900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8600, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17100, **चीनी**-डालमियां 4180, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी (नई) 4140 रुपये।

# भारत 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था होगा

## सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री चंद्रशेखर बोले-अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही

नई दिल्ली, एजेंसी



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था सालाना 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और इसके वर्ष 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने एक कार्यक्रम में कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए समर्पित इंडिया एआई मिशन का मूल्य भी 10,000 करोड़ रुपये से दोगुना होकर 20,000 करोड़ रुपये हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार को पहले 2026-27 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था के एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 महामारी सहित कई वजहों से इस लक्ष्य को एक साल आगे बढ़ा दिया गया है। चंद्रशेखर ने कहा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। वर्ष 2015 में निर्धारित यह दृष्टिकोण कारगर रहा है। हम पहले से ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2027-28 तक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को हासिल करना है।

### वित्त मंत्रालय पूर्ण बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बढ़ा सकता है सीपीएसई लाभांश अनुमान

वित्त मंत्रालय जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीपीएसई लाभांश अनुमान को 5,000 करोड़ रुपये बढ़ाकर करीब 53,000 करोड़ रुपये कर सकता है। सरकार ने अंतरिम बजट 2024-25 में चालू वित्त वर्ष के लिए गैर-वित्तीय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) से लाभांश का अनुमान 48,000 करोड़ रुपये लगाया है। एक अधिकारी ने कहा-जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट में अनुमान करीब 5,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि अंतरिम बजट अनुमान दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के अनुमानों पर आधारित थे। पूर्ण बजट में अनुमान अधिक होंगे क्योंकि अब लाभांश की तस्वीर अधिक स्पष्ट है। किसी विशेष वित्त वर्ष में सरकार की लाभांश प्राप्तियों में वित्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा घोषित अंतरिम लाभांश, साथ ही पिछले वित्त वर्ष के लिए अंतिम लाभांश शामिल होते हैं।

### वैश्विक यात्रा व पर्यटन सूचकांक में भारत 39वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में भारत 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में जारी सूची में भारत 54वें स्थान पर था।

डब्ल्यूईएफ के अनुसार, अमेरिका इस सूची में शीर्ष पर है। भारत, दक्षिण एशिया और निम्न-मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में सर्वोच्च स्थान पर है। भारत 2021 में प्रकाशित सूचकांक में 54वें स्थान पर था। हालांकि, सूचकांक मापदंडों में किए गए बदलाव इसकी पिछले वर्षों से तुलना को सीमित करते हैं। अमेरिका के बाद स्पेन, जापान, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 2024 की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। जर्मनी छठे स्थान पर और उसके बाद शीर्ष 10 में ब्रिटेन, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड ने जगह बनाई है।

# आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

- भारतीय रिजर्व बैंक के लेख में जताई गई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी



सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.5 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करने वाली वैश्विक बाधाओं के बावजूद उल्लेखनीय मजबूती को दिखाया है।

इसमें कहा गया है कि आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) के अनुसार, अप्रैल में गतिविधियों में तेजी आई और शुरुआती अनुमान बताते हैं कि 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.5 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) का निर्माण 'डायनेमिक फैक्टर मॉडल' का उपयोग करके, आर्थिक गतिविधियों से जुड़े 27 महत्वपूर्ण (हाई फ्रीक्वेंसी) संकेतकों के सामान्य रुख को निकालकर किया गया। फरवरी, 2020 में ईएआई को 100 रखा गया जबकि अप्रैल, 2020 में इसे शून्य कर दिया गया। इसका कारण अप्रैल महीना कोविड महामहारी के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सबसे अधिक प्रभावित था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,900-57,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 74,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,000 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,250 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 75 मसूरी 55 अंगूरी 60 बासमती 100, **दाल दलहन**-काला चना 103 साबुत चना दाल 90 मूंग साबुत 87 राजमा 157 दाल उड़द 123 साबुत मसूर दाल 75 मसूर दाल 75 उड़द साबुत 120 काबुली चना 64 अरहर दाल 155-157 लोबिया/करमानी 77 सोयाबीन 40-50 मूंगफली 70 मटर (सूखी) 60 मक्का 25 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये, धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत :90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

# मुनाफावसूली से सोने, चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसले

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आईं। कमजोर वैश्विक रुख और मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में 550 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज हुई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, सोने की कीमतें अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सदस्यों में से एक की तीखी टिप्पणियों से प्रभावित हुईं, जिन्होंने सुझाव दिया कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर वापस लाने के लिए ब्याज दरों को लंबी अवधि तक मौजूदा स्तर पर जारी रखने की आवश्यकता होगी। सोने की कीमत 550 रुपये गिरकर 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में सोना 75,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,600 रुपये टूटकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में यह 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

# 6 महीने के औसत से तय होगा कंपनियों का बाजार पूंजीकरण

- पूंजी बाजार नियामक सेबी ने मार्केट कैप की गणना के तरीकों में किया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी



पूंजी बाजार नियामक सेबी ने सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा आवश्यकता (एलओडीआर) नियमों के तहत सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) की गणना के तरीके को बदल दिया है। एक दिन (वर्तमान में 31 मार्च) के बाजार पूंजीकरण का उपयोग करने के बजाय सूचीबद्ध कंपनियां अब छह महीने की अवधि के लिए 'औसत बाजार पूंजीकरण' का उपयोग करेंगी।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि किसी सूचीबद्ध इकाई के बाजार पूंजीकरण में बाजार की गतिशीलता के आधार पर दैनिक आधार पर उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसलिए एक उचित अवधि में बाजार पूंजीकरण के आंकड़ों का औसत उस सूचीबद्ध इकाई के बाजार आकार को अधिक सटीक ढंग से दर्शाएगा। सेबी के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य एस के मोहंती की अध्यक्षता में गठित एक विशेषज्ञ समिति ये बदलाव किए हैं।

### बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के हुआ पार

घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच मंगलवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया। बीएसई के मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, कारोबारी सत्र के अंत में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन 4,14,62,306.56 करोड़ रुपये (4.97 लाख करोड़ डॉलर) रहा। यह इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। हालांकि, सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन ने पांच लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी पहली बार पार किया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अनोखा वाहन पंजीकरण नंबर खरीदा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक व्यक्ति ने 25 लाख रुपये में अपनी कार के लिए अनोखा पंजीकरण नंबर '9999' खरीदा है। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद के संयुक्त परिवहन आयुक्त सी. रमेश ने कहा कि अनोखे (फैंसी) पंजीकरण नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में '9999' के लिए सबसे ऊंची बोली लगी, जिसमें कार मालिक ने 'टीजी-09 9999' नंबर के लिए विभाग को 25,50,002 रुपये का भुगतान किया। सोमवार को आयोजित अनोखे नंबर '9999' की नीलामी में 11 लोगों ने भाग लिया और यह नंबर 25.5 लाख रुपये में बिका।

### भाजपा में शामिल हुए पूर्व आप नेता जगबीर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता जगबीर सिंह बराड़ लोकसभा चुनाव के शेष दो चरणों से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब के पूर्व विधायक बराड़ ने यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। करीब एक साल पहले आप में शामिल होने से पहले बराड़ शिरोमणि अकाली दल के सदस्य थे। उन्होंने 2007 के विधानसभा चुनाव में शिअद के टिकट पर जालंधर छावनी सीट जीती थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि वह पूर्व में कांग्रेस की जालंधर जिला इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### विमान की चपेट में आने से फ्लेमिंगो की मौत

**मुंबई।** मुंबई में कथित तौर पर एक विमान की चपेट में आने के बाद 30 से अधिक फ्लेमिंगो (राजहंस) की मौत हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से इसकी जांच कराने की मांग की है और साथ ही दावा किया है कि शहरी योजनाकर्ताओं ने ऐसे आपदाओं के बारे में चेतावनियों को नजरअंदाज किया है।

# 5 चरण के बाद भाजपा 310 सीट जीत चुकी: शाह

## गृह मंत्री ने दावा करते हुए ओडिशा के लोगों से की समर्थन करने की अपील

संबलपुर/क्योंझर (ओडिशा), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के 5 चरण पूरे होने के बाद भाजपा को 310 सीट मिलने का दावा करते हुए मंगलवार को ओडिशा के लोगों से अपील की कि वे राज्य को बाबू-राज से आजाद कराएं और भाजपा को केंद्र एवं राज्य दोनों में सरकार बनाने के लिए समर्थन दें। शाह ने संबलपुर में दो चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार ओडिशा में कमल खिलेगा।

संबलपुर सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा-पांचवें चरण के मतदान के बाद भाजपा को 310 सीट पहले ही मिल चुकी हैं। छठे और सातवें दौर के मतदान के बाद हम 400 से अधिक सीट हासिल कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में मुट्ठी भर अधिकारियों का शासन है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राज्य में मौजूदा बाबू राज को समाप्त कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की ज्यादातर खदानें और खनिज भंडार क्योंझर जिले में स्थित होने के बावजूद यहां के आदिवासियों को कोई लाभ नहीं मिला है। शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश भर में कोई आतंकवाद न हो।



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ओडिशा के संबलपुर में मां समलेश्वरी मंदिर का दौरा किया।

### जीत के और निकट बढ़ रहा है इंडिया गठबंधन



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी कहने का आरोप लगाया और कहा कि दिल्लीवासी उनका परिवार हैं और उनके लिए अपशब्द नहीं कहे जाने चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि चार जून के बाद मोदी की सरकार की विदाई होने वाली है और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आ रहा है।

### बांग्लादेश के सत्तारूढ़ दल आवामी लीग के सांसद लापता

**कोलकाता।** इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे बांग्लादेश के सांसद अनवारूल अजीम अनार पिछले कुछ दिनों से लापता हैं। यहां बांग्लादेश उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग के सांसद अनार 13 मई से लापता हैं। अधिकारी ने कहा-वह इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आये थे और शहर के उत्तरी हिस्से में बरानगर में अपने एक दोस्त के घर पर ठहरे हुए थे। वह 13 मई को किसी से मिलने गये थे लेकिन वापस नहीं आये। उनके मित्र ने बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि अनार पिछले 8 दिन से लापता हैं लेकिन उनके फोन से उनके परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए कि वह दिल्ली चले गए हैं।

# सीबीआई दलों ने दो से 10 लाख रुपये तक की रिश्वत ली

नई दिल्ली, एजेंसी

**मध्य प्रदेश नर्सिंग महाविद्यालय घोटाला**

मध्य प्रदेश में नर्सिंग महाविद्यालय घोटाले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने खुलासा किया है कि उसके अधिकारी निरीक्षण के बाद अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए हर शिक्षण संस्थान से कथित रूप से दो से 10 लाख रुपये तक की रिश्वत ले रहे थे। सीबीआई ने यह जानकारी दी है।

इस मामले में सीबीआई के पुलिस उपाधीक्षक आशीष प्रसाद, निरीक्षक राहुल राज एवं सुशील कुमार मजोका तथा ऋषिकांत असाथे एजेंसी द्वारा नामजद 22 लोगों में शामिल हैं। राहुल राज और सुशील कुमार मजोका सीबीआई में मध्य प्रदेश पुलिस से संबद्ध थे। राज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। सीबीआई की प्राथमिकी में नर्सिंग पाठ्यक्रम चला रहे आठ महाविद्यालयों के निदेशकों, अध्यक्षों, कर्मियों एवं बिचौलियों के भी नाम हैं जिन्होंने निरीक्षण दलों की ओर से रिश्वत ली थी और उन तक रकम पहुंचायी थी। एक सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा-सीबीआई द्वारा दर्ज यह मामला भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की उसकी नीति की प्रतिपुष्टि करता है और यह भी दर्शाता है कि सीबीआई अपने अधिकारियों को भी नहीं बख्शती है। इन निरीक्षण दलों को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित किया गया था। उच्च न्यायालय ने राज्य में नर्सिंग महाविद्यालयों के निरीक्षण के लिए इन दलों का गठन करने का निर्देश दिया था।

# क्या अदालत गिरफ्तारी की वैधता की कर सकती है पड़ताल

- भूमि घोटाले को लेकर हेमंत सोरेन से न्यायालय ने पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर निचली अदालत के संज्ञान लेने के बाद उनकी गिरफ्तारी की वैधता की क्या रिट अदालत पड़ताल कर सकती है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोरेन के वकील से अदालत को पहले यह बताने को कहा कि नियमित जमानत के लिए उनकी अर्जी खारिज होने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें कैसे अंतरिम जमानत दी जा सकती है। पीठ ने विषय की अगली सुनवाई बुधवार के लिए निर्धारित की है। सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने अदालत के सवालों का जवाब देने के लिए बुधवार तक का वक्त मांगा। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू ने सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि उनका मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अलग है, जिन्हें आम चुनाव में प्रचार करने के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी। उन्होंने कहा कि निचली अदालत ने सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया एक मामला बनते पाये जाने के बाद चार अप्रैल को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया था। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि सोरेन राज्य सरकार की मशीनरी का दुरूपयोग कर अपने खिलाफ धन शोधन मामले की जांच प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के उनके विशेष अनुरोध का विरोध किया है। जांच एजेंसी ने कहा कि 31 जनवरी को सोरेन की गिरफ्तारी को झारखंड उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा है और उनकी नियमित जमानत अर्जी निचली अदालत ने 13 मई को खारिज कर दी थी।

# असम में 600 परिवारों को स्थानांतरित करने के लिए चला अभियान

- वरिष्ठ अधिकारी ने बताया परिवारों को नहीं किया जा रहा बेदखल

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार दो साल पहले बेदखली अभियान के दौरान विस्थापित हुए लगभग 600 परिवारों को दरांग जिले के गोरुखुटी में उनके अस्थायी आवास से स्थानांतरित करने के लिए एक अभियान चला रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रभावित परिवारों ने दावा किया है कि गोरुखुटी के दो स्थानों पर 620 घर पहले ही नष्ट हो चुके हैं और कार्रवाई अब भी जारी है। दरांग जिला आयुक्त मुनींद्र नाथ नगेटी ने बताया कि परिवारों को बेदखल नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें सिपाझार राजस्व परिक्षेत्र से पास के डलगांव राजस्व परिक्षेत्र के 'चार' (नदी के द्वीप) क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा-वर्ष 2021 के बेदखली अभियान के दौरान लगभग 2,300 परिवार विस्थापित हो गए और वे गोरुखुटी के कुछ अन्य इलाकों में अस्थायी आवास में रहने लगे। हम तब से उन्हें प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट अन्य स्थानों पर स्थानांतरित होने के लिए कह रहे हैं। मुनींद्र ने कहा कि स्थायी बसावट के लिए मागुरमारी, श्यामपुर, कलाईचर और अरिमारी 'चार' की पहचान की है।

### हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के लिए मोदी को सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिदिन हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी कर रहे हैं और समाज में नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं जिसके चलते उन्हें सार्वजनिक जीवन छोड़ देना चाहिए। खरगे ने एक साक्षात्कार में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के इरादे साफ नहीं हैं क्योंकि वह चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी के साथ रोजाना नफरत भरे भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भैंस छीनने और मुसलमानों को बजट का 15 प्रतिशत हिस्सा देने जैसी बातें करते हैं और ऐसी बातें कहकर वह खुद समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, दूसरी ओर उनका दावा था कि अगर वह हिंदू-मुस्लिम बात करेंगे तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### 3.22 करोड़ का घोटाला करने वाला अमेजन कर्मचारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में आर्थिक अपराध शाखा पुलिस थाने में भारतीय पेरोल के एक अमेजन कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कर्मचारी ने लगभग तीन करोड़ बाईस लाख चार हजार चार रुपए से अधिक का घोटाला किया है। इस गबन को 50 बैंक खातों में धन ट्रांसफर करके अंजाम दिया गया, जो कि सहयोगियों के थे, जिससे 184 पूर्व-कर्मचारी/निष्क्रिय कर्मचारी अपने उचित बकाया से वंचित हो गए। इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के बाद पुलिस ने कल हैदराबाद के बाहरी इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में आएगी तेजी

- सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने बहु प्रतीक्षित योजना को लेकर की टिप्पणी
- बोले, देश के हमें तीनों सशस्त्र बलों से सर्वश्रेष्ठ चीजों को ही लेना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि प्रस्तावित एकीकृत कमान से सशस्त्र बलों की सैन्य तैयारियों में तेजी आएगी। एकीकृत कमान स्थापित करने की महात्वाकांक्षी और बहु प्रतीक्षित योजना लागू करने पर भारत के विचार करने के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है।

सीडीएस ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) से एक संयुक्त कार्यशैली विकसित करने की भी अपील की, क्योंकि वे संयुक्त अभियानगत संरचना बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से सुधारों के अगले दौर की शुरूआत होगी।

उन्होंने कहा कि एकीकृत कमान से एकल से बहु-क्षेत्रीय अभियान, पारंपरिक क्षेत्र में अंतरिक्ष एवं साइबर जगत का इस्तेमाल, युद्ध क्षेत्र की सूचना का डिजिटाइजेशन जैसे कई सुधारों का मार्ग प्रशस्त होगा। सीडीएस ने मेजर जनरल समीर सिन्हा स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों में संयुक्त कार्यशैली का विकास दूसरे चरण का एकीकरण होगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण का एकीकरण सशस्त्र बलों के बीच बेहतर तालमेल और आम सहमति के बारे में था। जनरल चौहान ने तीनों सशस्त्र बलों की अलग-अलग कार्यशैली होने की बात स्वीकार करते हुए उल्लेख किया कि सेना के तीनों अंगों के बीच एक चौथी कार्यशैली विकसित करने की जरूरत है।

सीडीएस ने कहा-देश के हमें तीनों सशस्त्र बलों से सर्वश्रेष्ठ चीजों को लेना चाहिए। एकीकरण मॉडल के तहत सरकार थलसेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को समन्वित करना तथा युद्ध एवं अभियानों के लिए उनके संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना चाहती है। एकीकरण योजना के अनुसार, प्रत्येक एकीकृत कमान में थलसेना, वायुसेना और नौसेना की इकाइयां होंगी तथा वे सभी एक इकाई के रूप में काम करेंगी। वर्तमान में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग कमान हैं।

**आज का मुकाबला**

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
| --- | --- | --- |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 14 | 19 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
| --- | --- | --- |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## मैकगुर्क और शॉर्ट कुछ अलग : मैकडोनाल्ड

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि करिश्माई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को टी20 विश्व कप के लिए यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे कुछ अलग हैं। मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल में दिल्ली के लिए नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए जिसमें 32 चौके और 28 छक्के थे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि ये दोनों बाकियों से अलग है। फ्रेसर सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट बल्लेबाज के साथ स्पिनर भी है।

# कोलकाता ने सनराइजर्स हैदराबाद को 159 रन पर समेटा

## पहला क्वालिफायर मैच: हैदराबाद ऑलआउट, राहुल त्रिपाठी ने बनाया अर्द्धशतक, स्टार्क ने लिए तीन विकेट

**अहमदाबाद, एजेंसी**





अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मंगलवार को पहले क्वालिफायर मैच के दौरान हैदराबाद के सनवीर सिंग को सुनील नरेन के आउट करने के बाद जश्न मनाते कोलकाता के खिलाड़ी।

मिचेल स्टार्क (34 रन पर 3 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल टी20 मैच के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को 19.3 ओवर में 159 रन पर समेट दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम खबर लिखे जाने तक 3.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाकर खेल रही थी।

स्टार्क को शुरुआती ओवरों में वैभव अरोड़ा (17 रन पर 1 विकेट) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने दो ओवरों में सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड (0) और अभिषेक शर्मा (3) को पवेलियन भेजा। वरुण चक्रवर्ती (26 रन पर 1 विकेट) और सुनील नारायण (40 रन पर 1 विकेट) की फिरकी ने मध्यक्रम में सनराइजर्स के बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक जमने नहीं दिया। हर्षित राणा (27 रन पर 1 विकेट) और आंद्रे रसेल (15 रन पर 1 विकेट) को भी एक-एक सफलता मिली।

सनराइजर्स के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 गेंद में सात चौके और एक छक्का की मदद से 55 रन बनाने के साथ हेनरिच क्लासेन (32) के साथ महज 37 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 21 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरों में कप्तान पैट कमिंस ने 24 गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 30 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मैच जीतने वाली टीम 26 मई को खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी जबकि हारने वाली टीम राजस्थान और बेंगलुरु के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी। पहले गेंदबाजी का न्योता मिलने के बाद स्टार्क ने शुरुआती तीन ओवरों में तीन विकेट चटकाकर केकेआर को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने पहले ओवर में शानदार लय में चल रहे हेड को बोल्ड करने के बाद पारी के पांचवें ओवर में लगातार गेंदों पर नीतिश कुमार रेड्डी (9) और शाहबाज अहमद (0) को चलता किया। इस बीच अरोड़ा ने पारी के दूसरे ओवर में आंद्रे रसेल के हाथों कैच कराकर अभिषेक की पारी को खत्म किया। विकेटों के पतन के बीच त्रिपाठी ने पावर प्ले में इन दोनों गेंदबाजों के खिलाफ चौके जड़े जिससे छह ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 45 रन हो गया। त्रिपाठी ने आठवें ओवर में हर्षित की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर पारी का पहला छक्का जड़ा तो दूसरे छोर से क्लासेन ने नारायण की गेंद पर शानदार छक्का और फिर चौका लगाकर रन गति को तेज किया। चक्रवर्ती के खिलाफ 11वें ओवर में चौके के साथ त्रिपाठी ने अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश कर रहे क्लासेन को पवेलियन की राह दिखा दी। अब्दुल समद (16) ने सुनील नारायण के खिलाफ दो छक्के लगाये लेकिन त्रिपाठी उनके साथ गफलत का शिकार होकर रन आउट हो गये। अगली गेंद पर नारायण ने सनवीर को खाता खोले बगैर बोल्ड किया। टीम को जब समद से लंबी पारी की उम्मीद थी तक वह 15वें ओवर में हर्षित की गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश में कप्तान श्रेयस अय्यर को कैच दे बैठे। चक्रवर्ती ने भुवनेश्वर कुमार (0) को पगबाधा कर सनराइजर्स को 126 रन पर नौवां झटका दिया। कमिंस ने इसके बाद समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए चक्रवर्ती और स्टार्क के खिलाफ छक्के जड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। वह आखिरी ओवर में रसेल की गेंद पर आउट हुए।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**हैदराबाद 159/10** — 19.3 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| --- | --- | --- | --- |
| ट्रैविस हेड बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा कैच रसल बो वैभव | 03 | 04 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी रन आउट (रसल/गुरबाज़) | 55 | 35 | 7/1 |
| नितीश कुमार रेड्डी कैच गुरबाज़ बो स्टार्क | 09 | 10 | 1/0 |
| शाहबाज़ अहमद बो स्टार्क | 00 | 01 | 0/0 |
| हाइनरिक क्लासन कैच रिंकू बो चक्रवर्ती | 32 | 21 | 3/1 |
| अब्दुल समद कैच श्रेयस बो हर्षित | 16 | 12 | 0/2 |
| सनवीर सिंह बो नारायण | 00 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच गुरबाज़ बो रसल | 30 | 24 | 2/2 |
| भुवनेश्वर कुमार पगबाधा चक्रवर्ती | 00 | 04 | 0/0 |
| विजयकांत वियसकांत नाबाद | 07 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-34-3, अरोड़ा 2-0-17-1, हर्षित 4-0-27-1, नारायण 4-0-40-1, रसेल 1.3-0-15-1, चक्रवर्ती 3-0-15-2

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को 4-2 से हराया

**एंटवर्प।** श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट से हराकर यूरोप दौरे की जीत से शुरुआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल दागे। भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त थी। तीसरे क्वार्टर में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

## एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

**कोबे (जापान), एजेंसी**

**विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप**



भारत की एकता भयान ने 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक पाया। हरियाणा सिविल सेवा अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने तोक्यो पैरालम्पिक 2020 के लिए भी क्वालीफाई किया था। एकता डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन 2003 में सड़क दुर्घटना ने उनके सारे सपने छीन लिए। वह कैब से जा रही थी जब दिल्ली हरियाणा सीमा पर ट्रक उनकी कैब पर उलट गया। वह तब से व्हीलचेयर पर है। उस हादसे में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी। भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं।

## भाला फेंक : विश्व खिताब का सुमित ने किया बचाव

**कोबे (जापान)।** गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा जबकि थंगावेलु मरियप्पन ने भी ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत के लिए दिन अच्छा रहा।



तोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी प्रतिस्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मरियप्पन ने इसके बाद 1.88 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ टी63 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया।

**खेल डायरी**

### चोटिल केर ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम से बाहर

**सिडनी।** ओलंपिक शुरू होने से पहले ही आस्ट्रेलिया की महिला फुटबॉल टीम की कप्तान सैम केर टखने की चोट से बाहर हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल नियामक संस्था ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 30 वर्षीय कप्तान घरेलू क्लब में स्वास्थ्य लाभ कार्यक्रम जारी रखेंगी और पेरिस ओलंपिक 2024 के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने एडिलेड और सिडनी में चीन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय शृंखला के लिए 23 खिलाड़ियों की सूची जारी करने वाले दिन यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई स्टार खिलाड़ी गोलकीपर मैकेंजी अर्नोल्ड, डिफेंडर ऐली कारपेंटर और फॉरवर्ड मैरी फाउलर इनमें शामिल हैं।

### भारत क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** एशियाई खेल चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के चौथे स्थान पर रहने से तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय कंपाउंड महिला टीम क्वालीफाइंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विश्व कप में सत्र के पहले शंघाई चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद ज्योति शीर्ष तीन में रहने से तीन अंक से चूक गई। वह तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया की ओह युहुन (707 अंक) से तीन अंक पीछे रह गई। हान सियुंगियोन पहले और लक्जेमबर्ग की मारिया शकोल्ना दूसरे स्थान पर रही। भारत की परनीत कौर आठवें और विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी 15वें स्थान पर रही। भारतीय टीम दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही।

### चंद्रू ने जसकरण को हरा राष्ट्रीय खिताब जीता

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के उभरते मुक्केबाज चंद्रू ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू जीत दर्ज करने में सफल रहे। दूसरे दौर से चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। चंद्रू ने चौथे और निर्णायक दौर में जसकरण के चेहरे पर दाएं हाथ से दमदार मुक्का जड़कर उन्हें धराशाई कर दिया। अक्षय चहल और राम सिंह के बीच आठ दौर का मुकाबला बराबरी पर छूटा जबकि आशीष चौधरी ने मनीष शर्मा को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

### टोनी क्रूज यूरो 2024 के बाद लेंगे संन्यास

**मैड्रिड।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी टोनी क्रूज 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। उनके क्लब रीयाल मैड्रिड ने बताया कि 34 साल के क्रूज ने यूरो 2024 के बाद पेशेवर फुटबॉलर के रूप में अपने करियर को समाप्त करने का फैसला किया है। क्लब ने कहा कि रीयाल मैड्रिड टोनी क्रूज के प्रति अपना आभार और स्नेह व्यक्त करना चाहता है। वह हमारे क्लब के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। क्रूज 2014 से रीयाल मैड्रिड के साथ है। टीम ने 22 खिताब जीते है, जिसमें चार यूरोपीय कप और चार स्पेनिश लीग शामिल हैं। उन्होंने क्लब के साथ 463 मैच खेले हैं।

## त्रिसा और गायत्री महिला युगल के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

**मलेशिया मास्टर्स**

- पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हारे



भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया।

पुरुष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश करुणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया, लेकिन इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 21-13, 20-22, 13-21 से हार गए। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी ने हमवतन कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-7, 21-14 से हराया, लेकिन थाईलैंड के पानीचाफोन तीरारात्साकुल से 21-23, 12-16, 17-21 से हार गए। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर सुब्रहमण्यन को रुस्तावितो ने पहले दौर में 21-12, 21-17 से हराया। महिला क्वालीफायर में तान्या हेमंत को चीनी ताइपै की लिन सिह युन ने 23-21, 21-8 से मात दी। महिला युगल में पलक अरोरा और उन्नति हुड्डा को चीनी ताइपै की सू यिन हुइ और लिन जि युन ने 21-10, 21-5 से हराया।

## अभ्यास को रोलां गैरो पहुंचे नडाल

**पेरिस, एजेंसी**

**फ्रेंच ओपन**



- फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति

रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन रफेल नडाल तैयारी के लिये रोलां गैरो लौटे हैं हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे।

फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं। पिछले साल भी वह कूल्हे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर थे।

**बॉलीवुड हलचल**

## सुष्मिता सेन 30 साल पहले बनी थीं मिस यूनिवर्स



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन को मिस यूनिवर्स बने 30 साल हो गए हैं। सुष्मिता ने 21 मई 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज पहना था। ये खिताब जीतने वाली सुष्मिता भारत की पहली महिला है। सुष्मिता ने इसको याद करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। सुष्मिता ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी तस्वीर शेयर की और लंबा चौड़ा नोट लिखा। फोटो में सुष्मिता एक बच्ची को गोद में लिए नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, ये छोटी लड़की, जिससे मैं अनाथालय में मिली थी, उसने मुझे जिंदगी का सबसे मासूम, लेकिन गहरा सबक सिखाया, जिसे मैं आज तक जी रही हूं। ये फोटो 30 साल पहले ली गई थी, जब मिस यूनिवर्स का ताज पहली बार भारत आया था! सुष्मिता से ने लिखा, यह कमाल का सफर रहा था और अभी भी जारी है हमेशा मेरी सबसे बड़ी पहचान और ताकत बने रहने के लिए भारत को धन्यवाद! कभी न खत्म होने वाले प्यार और अपनेपन के लिए फिलीपींस को धन्यवाद तीन दशक बीत गए और अभी आने बाकी हैं!



## मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का दूसर गाना अगर हो तुम रिलीज हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा कंपोज किया गया और जुबिन नौटियाल द्वारा गाए गए इस गाने की शूटिंग जयपुर में हुई है। इस गाने के बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। गाने में महिमा (जाह्नवी) और महेंद्र (राजकुमार) के रिश्ते की मिठास को दर्शाया गया है। गाने को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राजकुमार ने लिखा, अगर हो तुम में प्यार को गहराई के साथ महसूस करें। संगीतकार तनिष्क ने कहा, अगर हो तुम एल्बम का फ्रेश एलिमेंट है। कौसर मुनीर के बोल और जुबिन की आवाज लोगों के दिलों में बस जाएगी। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को पसंद करेंगे और इसका आनंद लेंगे।



**डब्ल्यूएफआई ने ओलंपिक कोटा विजेताओं को ट्रायल से दी छूट**

## हंगरी में भारतीय पहलवानों का होगा आकलन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को ओलंपिक कोटा विजेता सभी छह पहलवानों को चयन ट्रायल से छूट दे दी, लेकिन उनके फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा।

डब्ल्यूएफआई ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिये परिपाटी नहीं माना जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिये विकल्प के बारे में सोचेगा। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए छह कोटा हासिल किए हैं जिनमें अमन सेहरावत (57 किलो) अकेले पुरुष पहलवान हैं। विनेश फोगाट (50 किलो), अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), निशा दहिया (68 किलो) और रीतिका हुड्डा (76 किलो) ने भी क्वालीफाई किया है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई से ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि इससे चोट का खतरा है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने इसे स्वीकार कर लिया।

संजय सिंह ने कहा कि हमने बात की और दोनों मुख्य कोचों का कहना था कि ट्रायल से चोट का खतरा होगा जिससे भारत की पदक उम्मीदों पर विपरीत असर पड़ सकता है, जिस वजह से हमने ट्रायल नहीं कराने का फैसला लिया।

कोटा विजेता बुडापेस्ट में छह से नौ जून तक यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज में भाग लेंगे। इसके बाद 10 से 21 जून तक अभ्यास शिविर लगेगा। सिंह ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी पहलवान को चोट ना लगे। इसलिए ट्रायल की जगह भारतीय कोच कोटा विजेताओं का आकलन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और अभ्यास शिवर में करेंगे। अगर कोई फिट नहीं है तो उसके विकल्प पर विचार किया जा सकता है। हम आठ जुलाई से पहले उस वर्ग में चयन ट्रायल का आयोजन करेंगे।

### रवि और सरिता के लिए रास्ते बंद

तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया (57 किलो) और सरिता मोर (57 किलो) के लिए रास्ते भी बंद हो गए जो ट्रायल की तैयारी कर रहे थे। चयन समिति की बैठक में महिला टीम के मुख्य कोच वीरेंदर दहिया और फ्रीस्टाइल मुख्य कोच जगमंदर सिंह भी मौजूद थे। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त, पूर्व पहलवान गीतिका जाखड़, डब्ल्यूएफआई उपाध्यक्ष और ओलंपियन जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष संदीप देशवाल ने भी बैठक में भाग लिया। गीतिका ने वीडियो कॉल के जरिये बैठक में भाग लिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच के लिए अमेरिका का इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

● ईरान ने लगाई गुहार, अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा- रईसी के हाथ खून से सने

ईरान सरकार की ओर से हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए अमेरिका से किया गया आग्रह को उसने ठुकरा दिया है। यह जानकारी अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ईरान में राष्ट्रपति के तौर पर रईसी का रिकॉर्ड सही नहीं था। साथ ही यह तथ्य भी नहीं बदला है कि उनके हाथ खून से सने थे। रविवार को राष्ट्रपति रईसी और विदेश मंत्री आमिर-अब्दुल्लाहियन और छह अन्य जिस हेलीकॉप्टर में सवार थे, वह कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

मैथ्यू मिलर से सोमवार को जब प्रेस वार्ता में ईरानी सरकार की ओर से मदद का आग्रह किये जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है, लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। मिलर ने कहा कि काफी हद तक लॉजिस्टिक कारणों के चलते मदद नहीं की जा रही है।



तेहरान में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को श्रद्धांजलि देते सदस्य।

### दिवंगत राष्ट्रपति की मौत पर मातम मनाने जुटे लोग

**दुबई।** ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी व अन्य अधिकारियों के जनाजे में शामिल होने और मातम मनाने के लिए मंगलवार को लोगों के जुटने का सिलसिला शुरू हो गया है। ईरान की सरकार ने दिवंगत राष्ट्रपति के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किये हैं। साथ ही वह इसके जरिये पश्चिम एशिया में शक्ति प्रदर्शन भी करना चाहती है। ईरान में शिया धर्म आधारित शासन में विशाल प्रदर्शन हमेशा से अहम रहे हैं।

### ईरानी सेना के नेतृत्व में हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच शुरू

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की नियुक्ति की है। समिति की बागडोर ब्रिगेडियर अली अब्दुल्लाही को सौंपी गयी है, जिन्होंने दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# इन लक्षणों से समझें गंदगी से सिकुड़ रही खून की नसें, आ सकता है हार्ट अटैक

भागदौड़ से भरी और अक्सर तनावपूर्ण रहने वाली आज की जिन्दगी में एथेरोस्क्लेरोटिक कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (एएससीवीडी) का जोखिम बढ़ा हुआ है। एएससीवीडी की शुरूआत में थोड़े या न के बराबर लक्षण होते हैं और इसलिए इसे अक्सर साइलेंट किलर कहा जाता है। यह बीमारी गुजरते वर्षों के साथ धीरे-धीरे बढ़ती है और इससे दुनिया में लाखों लोगों को बड़ा खतरा है। आईसीएमआर के हाल के अध्ययनों ने भारत की शहरी आबादी में हाई कोलेस्ट्रॉल के 25-30% और ग्रामीण आबादी में 15-20% मामले होने की बात कही है। ज्यादा आमदनी वाले देशों की तुलना में, भारत के 83% लोगों में बड़ी कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों और मौत की दर काफी ज्यादा है। लेकिन इन अनिश्चितताओं के बीच कुछ अच्छी खबर भी है: कोलेस्ट्रॉल, और खासकर बुरे कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने से बड़ा परिवर्तन आ सकता है।



### एएससीवीडी के जोखिम कारक

एएससीवीडी में कई कारकों का योगदान होता है। इनमें से कुछ में बदलाव होते हैं, जबकि कुछ ऐसे ही बने रहते हैं। जोखिम के बदलाव वाले घटकों में कोलेस्ट्रॉल, हाइपरटेंशन, डायबिटीज और धूम्रपान शामिल हैं। इनमें कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल और हाई ब्लड प्रेशर खासतौर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एएससीवीडी क्या है और इसके संकेत और लक्षण क्या हैं?

एएससीवीडी में कई तरह की स्थितियां होती हैं, जैसे कि आर्टरीज में गंदगी जमा होना, जिससे हृदय और मस्तिष्क जैसे जरूरी अंगों में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है और कोलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण धीरे-धीरे आर्टरीज बंद होने लगती हैं। ऐसे में आर्टरीज कठोर हो जाती हैं और हार्टअटैक, स्ट्रोक तथा हृदय की अन्य समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है।

### अपना टारगेट एलडीएल-सी जानना क्यों जरूरी

अलग-अलग लोगों के लिये जोखिम के कारकों और स्वास्थ्य-लक्ष्यों के आधार पर एलडीएल-सी के आदर्श स्तर में अंतर होता है। लेकिन आमतौर पर यह 100 एमजी/डीएल होना चाहिए, जबकि ज्यादा जोखिम वालों के लिये इससे भी कम। एलडीएल-सी पर नजर रखने के लिये खून की नियमित रूप से जांच हो सकती है। यह मरीज के जोखिम और उपचार के आधार पर हर 3 से 12 महीने में होती है। अपने लिपिड पर नजर रखना एएससीवीडी को मैनेज करने का आधार होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल्स को मैनेज करने के लिये दिल की सेहत को अच्छा रखने वाला आहार, नियमित व्यायाम और तनाव का प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

### दिल की सेहत के लिए कोलेस्ट्रॉल की जांच क्यों जरूरी

एलडीएल लेवल को मैनेज करने के लिये कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। 2019 में दुनिया में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (सीवीडी) के कारण 32% मौतें हुई थीं और आकलन है कि 2030 तक हर साल ऐसी 23.6 मिलियन मौतें हो सकती हैं। ऐसे में कम उम्र से ही कोलेस्ट्रॉल की जांच करवाना महत्वपूर्ण है।

### कोलेस्ट्रॉल के प्रकार, प्रभाव और दिल की सेहत पर असर

कोलेस्ट्रॉल के विभिन्न प्रकार होते हैं, जिनमें से एलडीएल (लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अक्सर बुरा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। क्योंकि आर्टरी की दीवारों में गंदगी के जमा होने में उसकी भूमिका होती है। जबकि एचडीएल (हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन) कोलेस्ट्रॉल को अच्छा कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है।

### एससीवीडी के संकेत और लक्षण

शुरुआती अवस्था के कुछ आम लक्षण हैं एंजिना, जिसे चेस्ट पैन भी कहा जाता है। सांस छोटी होना, थकान, चक्कर आना और धड़कन बढ़ना। यह समझना महत्वपूर्ण है कि कोई जानलेवा स्थिति आने तक कुछ लोगों में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। बीमारी का जल्दी पता लगाने और सही समय पर दखल देने के लिये स्वास्थ्य की नियमित जांच और पूर्व सक्रिय होकर कोलेस्ट्रॉल को जानना आवश्यक है।

## एक नजर

### बोको हराम के चंगुल से सैकड़ों लोगों को मुक्त कराया गया

**मैदुगुरी।** नाइजीरिया के उत्तरी पूर्वी हिस्से में चरमपंथी समूह बोको हराम द्वारा जंगल में महीनों तक बंधक बनाकर रखे गए सैकड़ों लोगों को मुक्त कराकर अधिकारियों को सौंप दिया गया है। सेना ने बताया कि मुक्त कराए गए लोगों में अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं और ये कई महीनों या सालों से बंधक थे। नाइजीरियाई सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल केन चिग्बु ने सोमवार को मुक्त कराए गए लोगों को बोर्नो में असैन्य प्रशासन को सौंपने के दौरान कहा कि 350 बंधकों को बोको हराम ने सम्बिसा के जंगलों में बंधक बनाकर रखा था। उन्होंने बताया कि 209 बच्चे, 135 महिलाएं और छह पुरुष मुक्त कराए गए हैं। फटे-पुराने कपड़ों में ये लोग बहुत थके हुए नजर आए।

### इजरायली हमले में हिजबुल्लाह अधिकारी की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के मंसूरी में इजरायली हमले में एक हिज़्बुल्लाह अधिकारी की मौत हो गई और एक नागरिक घायल हो गया। लेबनानी सैन्य सूत्रों के अनुसार सोमवार शाम अधिकारी टायर जिले के मंसूरी में मोटरसाइकिल पर जब जा रहा था तभी इजरायल की ओर से दो मिसाइलें दागी गईं, जिसमें मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई और एक राहगीर घायल हो गया। मृतक की पहचान दक्षिणी नगरपालिका डेयर कानून एन नहर से हिजबुल्लाह के स्थानीय अधिकारी कासिम सकलावी के रूप में की गयी है।

### जापान के ओगासावारा द्वीप समूह में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिण में प्रशांत महासागर में ओगासावारा द्वीप समूह के पास मंगलवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 9:39 बजे लगभग 50 किमी की गहराई में आया, जिसकी तीव्रता हाहाजिमा द्वीप में 7 के जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर 4 मापी गई। मौसम एजेंसी ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### मलेशिया के उप प्रधानमंत्री चीन की यात्रा पर आएंगे

**बीजिंग।** मलेशिया के उप-प्रधानमंत्री और ग्रामीण एवं क्षेत्रीय विकास मंत्री दातो सेरी डॉ. अहमद जाहिद बिन हमीदी 22 मई से एक जून तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने मंगलवार को बताया कि डॉ अहमद जाहिद को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य और राज्य परिषद के उप प्रधानमंत्री डिंग श्यूजियांग ने आमंत्रित किया है।

### बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख जनरल पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण सोमवार को प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की। उनके कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।

# 37 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस एक की मौत, 30 लोग घायल

## सिंगापुर एयरलाइंस का विमान झटके से 6 हजार फीट नीचे आया

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर एयरलाइन्स की एक फ्लाइट 21 मई को म्यांमार के आसमान में एयर टर्बुलेंस में फंस गई। अचानक लगे झटकों से 73 साल के ब्रिटिश यात्री की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। फ्लाइट एसक्यू321 लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइन्स की बोइंग 777-300ईआर फ्लाइट ने लंदन से भारतीय समय के मुताबिक देर रात 2:45 बजे उड़ान भरी थी।

टेकऑफ के 11 घंटे बाद फ्लाइट म्यांमार के एयरस्पेस में 37 हजार फीट पर खराब मौसम की वजह एयर टर्बुलेंस में फंस गई। इस दौरान कई झटके लगे। विमान 5 मिनट के अंदर 37 हजार फीट की ऊंचाई से 31 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। इस दौरान ऊंचाई कम करते वक्त यात्रियों को सीट बेल्ट पहनने की वॉर्निंग नहीं दी गई। कई यात्री अपनी सीट से ऊपर उछल गए। उनका सिर लगेज कंटेनर से टकरा गया। कई लोगों को चोट लगी। एक पैसेंजर की मौत हो गई। इसके बाद फ्लाइट को भारतीय समयानुसार दोपहर 2:15 बजे बैंकॉक डायवर्ट किया गया। यहां के स्वर्णभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट दोपहर 3:40 बजे सिंगापुर लैंड होने वाली थी।



विमान के भीतर यात्री द्वारा ली गई तस्वीर।



बैंकाक एयरपोर्ट पर खड़ा विमान।

### फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य थे

फ्लाइट में 211 यात्री और 18 क्रू सदस्य सवार थे। फ्लाइट शाम 6 बजकर 10 मिनट पर सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट उतरने वाली थी। प्लेन की लैंडिंग के तुरंत बाद एम्बुलेंस की कई गाड़ियां एयरपोर्ट पहुंची। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंगापुर एयरलाइन्स ने मारे गए यात्री के परिजनों के प्रति शोक जताया है। उन्होंने कहा कि कंपनी के अधिकारी बैंकॉक से लगातार संपर्क में है। सभी यात्रियों को जरूरी मदद पहुंचाई जा रही है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के डिलीवरी ब्वॉय को 30 माह की सजा

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक डिलीवरी ब्वॉय को एक होलसेलर के यहां काम करते हुए 1,70,000 सिंगापुर डॉलर से ज्यादा मूल्य के मांस उत्पाद चुराने के मामले में सोमवार को 30 महीने जेल की सजा सुनाई गयी है।

टुडे समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शिवम करुप्पन (42) और ची सॉन्ग फूड्स विक्रेता में काम करने वाला उसका एक अन्य सहकर्मी चुराये हुए मांस उत्पादों को ग्राहक को बेचते थे और इससे प्राप्त धन को अपने पास रखते थे। करुप्पन के सहयोगी के खिलाफ अदालत में मामला फिलहाल शुरू नहीं हुआ है।

सहयोगी नेशान गुणसुंदरम (27) भी भारतीय मूल का नागरिक है, जो कंपनी ने गोदाम में सुपरवाइजर के रूप में तैनात था। गुणसुंदरम का काम गोदाम के अंदर और बाहर माल के आवागमन की निगरानी करना था। अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, करुप्पन और गुणसुंदरम ने कुल मांस उत्पाद चुराए। उपलोक अभियोजक (डीपीपी) रोनी एंग ने करुप्पन के अपराधों के लिए 32 से 38 महीने की जेल की सजा की मांग करते हुए कहा कि उसने अपने मालिक के साथ विश्वासघात किया है। अदालत ने करुप्पन को 30 महीने जेल की सजा सुनाई।

# माउंट फूजी पर्वत पर बढ़ रही गंदगी, देना होगा शुल्क



जापान के माउंट फूजी पर्वत की तस्वीर।

टोक्यो, एजेंसी

● जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने के लिए तय किए नए नियम

जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को अब स्लाट की बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें शुल्क का भी भुगतान करना होगा। पर्वतारोहियों की बढ़ती संख्या और वहां फैल रही गंदगी के चलते यह फैसला लिया गया है। सुरक्षा और संरक्षण भी चिंता का विषय बन चुका है।

यह नए नियम, 3,776 मीटर (लगभग 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होगा। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं। यामानाशी प्रान्त ने सोमवार को जापान के विदेशी प्रेस केंद्र के माध्यम से बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

इसके लिए प्रति दिन 2,000 येन (लगभग 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा। 3,000 स्लॉट्स ऑनलाइन बुक किए जाएंगे और शेष 1,000 को चढ़ाई के दिन व्यक्तिगत रूप से बुक किया जा सकता है। पर्वतारोही माउंट फूजी क्लाइंबिंग वेबसाइट के माध्यम से अपने स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# डेढ़ लाख का कर्ज नहीं लौटा पाया तो किसान ने की आत्महत्या

बेलगावी, एजेंसी

● किसान ने गंभीर सूखे के कारण झेला था नुकसान

कर्नाटक के बेलगावी में 55 वर्षीय किसान ने 1.50 लाख रुपये की ऋण राशि लौटाने के लिए एक महिला साहूकार द्वारा कथित तौर पर परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि यह घटना बेलगावी जिले में हुक्केरी तालुक के इस्लामापुरा गांव में हुई।

पुलिस के अनुसार किसान राजू खोतागी ने रविवार को जहर खा लिया जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अगले दिन उनकी मौत हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि किसान ने गंभीर सूखे के कारण नुकसान झेलने के बाद लगभग छह महीने पहले उसी गांव की 60 वर्षीय सिद्धव्वा बय्यानवारा से 1.50 लाख रुपये का ऋण लिया था। महिला ने राजू और उसके परिवार को 18 मई को अपने घर बुलाकर तुरंत ऋण वापस करने को कहा। आरोपी महिला ने किसी अन्य व्यक्ति से पैसे लिए थे और कथित तौर पर राशि वापस करने के लिए राजू पर दबाव बना रही थी। किसान ने राशि चुकाने के लिए कुछ और समय मांगा था और पैसे की व्यवस्था करने की कोशिश की, लेकिन व्यवस्था नहीं कर सका।

# चीन में कोयला खदान में गैस रिसाव से पांच की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वोत्तर प्रांत हेइलोंगजियांग में एक कोयला खदान में तरल कार्बन डाई ऑक्साइट के रिसाव के कारण पांच की मौत हो गई।

चाइना सेंट्रल टीवी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 08:38 बजे हेगांग शहर के जिंगआन कोयला खदान में हुई, जिसमें नौ लोग फंस गए। बचावकर्मियों ने इनमें से चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह दुर्घटना तरल कार्बन डाइऑक्साइड के रिसाव के कारण हुई थी।

## ...उफ-उफ गर्मी



समूचे भारत में इस दिनों गर्मी का प्रकोप है। कई राज्यों में तापमान 47 डिग्री पार कर चुका है। हैदराबाद में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए खुद को स्कार्फ से ढकतीं युवतियां। ● एजेंसी

# नियंत्रण रेखा पार कर आई पीओके की महिला को भेजा वापस

**पुंछ/जम्मू।** पीओके से भारतीय हिस्से में आई 45 वर्षीय महिला को मंगलवार को नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। महिला दो दिन पहले गलती से भारत की ओर आ गई थी।

कोटली जिले की सखी नाथ गांव निवासी नसीम फातिमा को भारतीय सेना ने शनिवार रात को राजौरी जिले के नौसेना सेक्टर की सीमावर्ती गांव पुखरेनी के नजदीक हिरासत में लिया था। इसके बाद भारतीय सेना ने अपने पाकिस्तानी समकक्षों से संपर्क किया और महिला को मंगलवार की दोपहर छकन-दा-बाग के रास्ते मानवीय आधार पर वापस भेज दिया।

खगोल विज्ञान | पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का नए शोध में दावा

# निहारिका ओरियन ग्रह नक्षत्रों को देगी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारे सबसे करीबी खूबसूरत निहारिका ओरियन नेबुला वैज्ञानिकों को ग्रह नक्षत्रों के निर्माण व विकास की नई दिशा प्रदान करेगी। पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नए शोध में यह दावा किया है। शोध में नेबुला की नवीन विचित्र तस्वीरों के जरिए इस निहारिका खाका तैयार किया है।

ओरियन नेबुला नग्न आंखों से नजर आने वाली बेहद खूबसूरत निहारिका है। इसकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में है। दुनिया में सर्वाधिक शोध व फोटोग्राफ इसी निहारिका की हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड में ग्रह नक्षत्रों के रहस्य उजागर करने के लिए इससे बेहतर कोई दूसरी निहारिका नहीं हो सकती। इसी उद्देश्य को लेकर पश्चिमी ओंटारियो विश्वविद्याल के वैज्ञानिको ने इस पर नया शोध किया। शोध के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप का सहारा लिया गया और जो परिणाम देखने को मिले, वह शोधकर्ताओं के लिए आश्चर्यजनक थे। इस आधार पर इसका नया खाका खींचने पर वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिली है। नए मानचित्र में ओरियन नेबुला के हृदय के साथ विकिरण, गर्म आयनित गैस व ठंडे आणविक बादल में संक्रमण को चिह्नित किया गया है। गैस के बादल का बचा हुआ हिस्सा दर्शाया गया है, जिससे तारों का निर्माण हुआ। वैज्ञानिक जानते हैं कि तारे और ग्रह निर्माण का रहस्य आज भी उलझा हुआ है। जिसे समझने के लिए यह नेबुला बेहद मददगार साबित होगी।



वेब टेलीस्कोप द्वारा ली गई ओरियन निहारिका की ताजा तस्वीर।

### ग्रह नक्षत्रों की प्रक्रिया समझने में मिलेगी मदद

शोधकर्ता खगोलशास्त्री एल्स पीटर्स कहते हैं कि किसी भी ग्रह व तारे की उत्पत्ति को लेकर रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद जरूरी है। इस दिशा में अधिक जानकारी अभी तक नही मिल पाई है। तारा निर्माण सैद्धांतिक प्रक्रिया में नया शोध मदद करेगा। ग्रह निर्माण व उनके अंत में होने वाली रासायनिक प्रक्रिया को समझना बेहद महत्वपूर्ण हैं। जिसे समझे बिना आगे की खोज संभव नही हो सकती।

# श्रीलंका ने भारत में गिरफ्तार नागरिकों की जांच शुरू की

**कोलंबो।** श्रीलंका ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले अपने चार नागरिकों के बारे में सूचना हासिल करने के लिए जांच शुरू की है। इन लोगों को भारत में गिरफ्तार किया गया था, वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के एक कथित मिशन पर थे।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से हिरासत में लिया था। वे कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के इशारे पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत की यात्रा की थी। वे आईएस के सदस्य हैं और उन्हें पाकिस्तान में रह रहे श्रीलंका के एक व्यक्ति ने कट्टरपंथी बनाया था।

# अंतरिक्ष में हथियार नहीं भेजने वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● अमेरिका ने कहा- रूस पहले ही कर चुका उपग्रह प्रक्षेपित, हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता

अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने सोमवार को खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है।

सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं।

### अमेरिका ने कहा- ध्यान भटकाने की कोशिश

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है।